माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 90, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 16

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 15

MONTE CARLO
LAST 6 DAY
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीना शॉल एण्ड स्टाल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

अंदर पढ़ें

रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी: 11
भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में सहमति : 16

सोनिया ने लिखी चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास

अमृत विचार : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था। किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रहा। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने होशियारपुर में जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया।

केंद्रीय मंत्रियों ने की वार्ता : जारी गतिरोध के बीच तीन केंद्रीय मंत्रियों ने किसान नेताओं के साथ गुरुवार को चंडीगढ़ में तीसरे दौर की बातचीत की। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल हुए। कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय बातचीत में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। देर रात तक बातचीत जारी रही।

कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव

पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

सुप्रीम कोर्ट की चुनावी बॉण्ड पर रोक

योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन

▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

शीर्ष न्यायालय के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है ।

फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा

▸▸ उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश

अमृत विचार : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा दिलाएं।

'इंडिया' को झटका, नेकां अकेले लड़ेगी लोस चुनाव

श्रीनगर, एजेंसी

▸▸ आप व टीएमसी ने भी किया है अकेले लड़ने का एलान

जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और सांसद फारूक अब्दुल्ला ने यहां यह घोषणा की। इसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अलावा क्षेत्रीय गठजोड़ पीएजीडी के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि जहां तक सीटों के बंटवारे की बात है तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नेशनल कांफ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी।

नेशनल कांफ्रेंस 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा रही है। 'आप' और टीएमसी ने भी कहा है कि वे क्रमशः पंजाब और प. बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी। नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है।

कोटा में कोचिंग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपी छात्र गिरफ्तार

कोटा, एजेंसी

▸▸ मूल रूप से बिहार और यूपी के रहने वाले हैं आरोपी, मेडिकल में प्रवेश के लिए कर रहे कोचिंग

राजस्थान की कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गुरुवार को चार आरोपी छात्रों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को एक नाबालिग कोचिंग छात्रा ने कुन्हाड़ी थाने में जाकर शिकायत दर्ज की थी कि एक कोचिंग छात्र ने उसे 10 फरवरी को अपने फ्लैट पर बुलाया था जहां उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस शिकायत के बाद पुलिस सक्रिय हुई और पीड़िता द्वारा बताए नामों के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सभी गिरफ्तार छात्र कोटा में रहकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए कोचिंग कर रहे हैं और सभी मूल रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हालांकि सुरक्षा कारणों से उनके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान नहीं की गई है। कोचिंग छात्रा भी मेडिकल संस्थान में प्रवेश के लिए कोचिंग कर रही है। पीड़िता ने प्रारम्भिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले और कोटा के कुन्हाड़ी इलाके में रहकर कोचिंग कर रहे एक अन्य छात्र से सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी जान-पहचान हुई थी और उसके बाद ही उस छात्र के बुलाए जाने पर यह छात्रा 10 फरवरी को उसके फ्लैट पर पहुंची थी जहां उसके साथ यह वारदात हुई। पुलिस अधीक्षक (शहर) शरद चैधरी की देखरेख में पुलिस उप अधीक्षक (केंद्रीय व्रत) के नेतृत्व में इस मामले की विस्तार से जांच की जा रही है।

तहखाने में पूजा पर रोक के लिए याचिका पर 28 को सुनवाई

वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है।

केमिकल गोदाम में लगी आग, सात जिंदा जले

दिल्ली, एजेंसी

फैक्ट्री में लगी भीषण आग ने कई दुकानों को भी चपेट में ले लिया।

▸▸ बचाव दल ने निकाले शव तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया अंदर फंसे लोगों की तलाश जारी

अलीपुर क्षेत्र में गुरुवार शाम करीब छह बजे एक केमिकल गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास के दुकानों में भी फैल गई। हादसे के समय इस गोदाम में कुछ लोग काम कर रहे थे, जो अंदर ही फंस गए। इस हादसे में सात लोगों की जलने से मौत हो गई।

करीब तीन घंटे बाद आग पर काबू पाए जाने के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान अभी तक 7 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। बाकी अंदर फंसे लोगों की तलाश जारी है। यहां गोदाम में आग लगते ही आस-पास के रिहायशी इलाके में अफरातफरी मच गई। आस-पास के लोगों ने तुरंत वहां से भागकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में आग ने भयावह रूप ले लिया और आस पास के पांच दुकानों और गाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट आने से आसपास की पांच दुकानें जल गई हैं, चार से पांच घरों में भी भी आग फैल गई। घरों में मौजूद लोग समय रहते बाहर निकल गए। घरों में रहने वाले करीब तीन से चार लोग झुलस गए हैं।

घायलों का इलाज नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में चल रहा है। शवों को बाबू जगजीवन राम अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। अभी भी सर्च आपरेशन जारी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम 5.25 बजे पुलिस व दमकल विभाग को एच ब्लॉक दयाल मार्किट अलीपुर स्थित केमिकल गोदाम में आग लगने की जानकारी मिली। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 22 गाड़ियों की मदद से दमकल कर्मियों ने तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया। सर्च ऑपरेशन के दौरान तीन लोगों के शव यहां से निकाले गए हैं। बाकी अन्य की तलाश जारी है।



शहर में आज

- श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी द्वारा श्रीकृष्ण लीला स्थल में प्रेसवार्ता दोपहर 3 बजे।
- जयनारायण सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 और 10 के छात्रों का आशीर्वाद कार्यक्रम सुबह 11 बजे।
- श्री श्याम कृपा मंडल की ओर से श्री श्याम वार्षिकोत्सव रामलीला मैदान में शाम 6 बजे ।
- भारत बंद पर बरेली ट्रैड यूनियन्स फेडरेशन का पटेल चौराहे पर प्रर्दशन शाम 5 :30 बजे।
- भारत बंद पर किसानों का जगह-जगह प्रर्दशन।
- सीबीएसई परीक्षा सुबह 10 :30 बजे से।

लंगूर को देखकर जंक्शन से भाग गए बंदर

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर कहीं से लंगूर आ गया। इसके बाद से बंदरों का झुंड दिखाई नहीं दे रहा। लोगों ने बताया कि करीब दो सप्ताह से लंगूर बरेली जंक्शन के आसपास दिखाई दे रहा है जिसकी वजह से बंदर स्टेशन के आसपास नहीं भटक रहे हैं। लिहाजा रेलवे कर्मचारी बड़ी राहत महसूस कर रहे हैं। अक्सर बंदरों के झुंड यात्रियों और रेल कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं। कई बार यात्रियों और रेल कर्मचारियों को घायल भी कर चुके हैं।

नगर निगम के अफसरों की धांधली से मुक्त हुई 30 वार्डों की सफाई व्यवस्था

निजी एजेंसी को ठेके पर दी गई जिम्मेदारी, सफाईकर्मियों के आवंटन में चल रहा था बंदरबांट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम ने 80 में से 30 वार्डों में सफाई की जिम्मेदारी निजी हाथों में सौंप दी है। इसके साथ इनमें से कई वार्डों को सफाई कर्मचारियों के आवंटन में उस बंदरबांट से मुक्ति मिल गई है जिसने कई बरसों से सफाई व्यवस्था की दुर्गति कर रखी थी। लगभग बराबर आबादी होने के बावजूद किसी वार्ड में सिर्फ छह सफाईकर्मी लगाए गए थे किसी में 27 यानी चार गुना से भी ज्यादा। इसके बावजूद नगर निगम के अफसरों से जनप्रतिनिधि तक वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर करने का ढोल भी पीट रहे थे।

हालांकि, अब शहर के 30 वार्डों में सफाई की जिम्मेदारी ठेके पर निजी एजेंसी को दिए जाने से उम्मीद की जा रही है कि इसका असर पूरे शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ेगा। दरअसल, इन 30 वार्डों में अब तक नगर निगम अपने तीन सौ कर्मचारियों से सफाई करा रहा था जिन्हें अब बाकी 50 वार्डों में समायोजित कर दिया जाएगा। नगर निगम में कुल सफाई कर्मचारियों की संख्या 17 सौ से ज्यादा है। 30 वार्डों से इन सफाईकर्मियों को हटाकर बाकी 50 वार्डों में भेजे जाने के बाद उनमें प्रति वार्ड कर्मचारियों की संख्या 34 हो जाएगी। इससे पहले यह औसत सिर्फ 24 कर्मचारी प्रति वार्ड का ही था।

तीस वार्डों में सफाई व्यवस्था ठेके पर दिए जाने के साथ अफसरों की सफाई कर्मचारियों के आवंटन में किए गए उस गोलमाल की भी पोल खुल गई है जिसकी वजह से तमाम वार्ड भीषण गंदगी से जूझ रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने बगैर कोई मानक का इस्तेमाल किए किसी वार्ड में जरूरत से काफी कम और किसी में कई गुना सफाई कर्मचारियों की तैनाती कर रखी थी। जिन वार्डों में पर्याप्त कर्मचारी नहीं थे, वे कई बरसों से गंदगी से अटे हुए थे। कहीं नालियां बजबजा रही थीं तो कहीं गलियों में कूड़ा इकट्ठा हो रहा था।

- तीस वार्डों से मुक्त तीन सौ कर्मचारी बाकी 50 वार्डों में लगाए जाएंगे
- हर वार्ड में रहेंगे 34 कर्मचारी, कुल 17 सौ सफाईकर्मी हैं निगम में

पार्षद जितना प्रभावशाली, वार्ड में उतने ज्यादा कर्मचारी

सफाई कर्मचारियों का आवंटन पार्षदों के कद और अफसरों के साथ जनप्रतिनिधियों में उसकी पैठ को देखते हुए किया गया था। इसी वजह से 14158 आबादी वाले वार्ड 54 भूड़ में सत्ताईस सफाई कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई थी जबकि 12548 आबादी वाले वार्ड 70 पीरबहोड़ा में सिर्फ छह सफाई कर्मचारी तैनात किए गए थे। इसी तरह वार्ड 48 नवादा जोगियान में 15484 की आबादी पर आठ और जाटवपुरा में 12314 की आबादी पर 23 कर्मचारी तैनात किए गए थे।सफाई कर्मचारियों की तैनाती में इस तरह की धांधली सभी 30 वार्डों में हुई थी। कुछ चुनिंदा वार्डों में ही अफसरों ने 20 से ज्यादा सफाई कर्मचारी तैनात कर रखे थे।

तीस वार्डों में से सिर्फ वार्ड नंबर और 70 में प्रक्रिया अभी चल रही है जो शीघ्र पूरी हो जाएगी। मोहल्लों में बेहतर सफाई कार्य के लिए व्यवस्था निजी हाथों में दी गई है। अब सफाई ठीक से न होने पर निजी एजेंसी पर जुर्माना डाला जाएगा।
– डॉ. भानु प्रकाश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

भेदभाव : लगभग बराबर आबादी फिर भी किसी वार्ड में 27 किसी में सिर्फ छह

अब तक 15605 आबादी वाले वार्ड 22 खलीलपुर में तेरह, 11732 आबादी वाली वार्ड 30 स्वालेनगर में बारह, 14983 आबादी वाले वार्ड 36 जौहरपुर में नौ, 12444 आबादी वाले वार्ड 45 महेशपुर अटरिया में तेरह, 13567 आबादी वाले वार्ड चार शुगर फैक्ट्री में अट्ठारह, 14416 आबादी वाले वार्ड पांच नेकपुर में अट्ठारह, 15473 आबादी वाले वार्ड 12 सिठौरा में पंद्रह, 14985 आबादी वाले वार्ड 38 बेनीपुर चौधरी में चौदह, 15166 आबादी वाले वार्ड 60 शाहदाना में चौबीस, 14131 आबादी वाले वार्ड छह नवादा शेखान में चौदह, 13733 आबादी वाले वार्ड 14 ब्रह्मपुरा में चौदह, 15217 आबादी वाले वार्ड 16 संजयनगर में सोलह, 15484 आबादी वाले वार्ड 48 नवादा जोगियान में आठ, 13679 आबादी वाले वार्ड 65 सुरेशशर्मा नगर में चौदह, 12314 आबादी वाले वार्ड दो जाटवपुरा में तेईस, 11760 आबादी वाले वार्ड 18 रेलवे कॉलोनी में चौदह, 11951 आबादी वाले वार्ड 51 नगरिया परीक्षित में सात, 14158 आबादी वाले वार्ड 54 भूड़ में सत्ताईस, 13284 आबादी वाले वार्ड 55 सैदपुर हाकिंस में चौदह, 13406 आबादी वाले वार्ड 64 कानून गोयान में अट्ठारह और 12548 आबादी वाले वार्ड 70 पीरबहोड़ा में सिर्फ छह सफाई कर्मचारी तैनात किए गए थे।

आठ वार्डों में सफाई व्यवस्था पहले से ही निजी हाथों में

15391 की आबादी वाले वार्ड सात वीरभट्टी, 14053 आबादी वाली वार्ड नौ नौमहला, 12554 आबादी वाले वार्ड 13 शांति विहार, 15688 आबादी वाले वार्ड 15 हजियापुर, 14210 आबादी वाले वार्ड 46 गांधीपुरम, 12502 आबादी वाले वार्ड 11 कटरा चांद खां, 13303 आबादी वाले वार्ड 64 सिकलापुर, 13885 आबादी वाले वार्ड 25 मढ़ीनाथ और 13264 आबादी वाले वार्ड 57 फाल्तूनगंज।

अफसरों ने आंखें मूंदी 15वें वित्त के कामों में जमकर मनमानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सुभाषनगर पुलिया के नीचे सीसी रोड बनाने वाले ठेकेदार पर नगर आयुक्त ने 50 हजार रुपये का जुर्माना डाला है। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में खराब हुई सीसीरोड को तीन दिन में दुरुस्त कराने का आदेश दिया गया है। सुभाषनगर की सीसीरोड डेढ़ महीने में ही उखड़ने लगी थी। परसाखेड़ा में छह महीने में सड़क का हाल खराब हो गया है। अमृत विचार में दोनों सड़कों की खबरें छपीं तब कहीं अफसरों ने संज्ञान लिया।

सुभाष नगर में डेढ़ महीने पहले बनी सीमेंट की सड़क में गड्ढे हो गए। परसाखेड़ा में छह महीने पहले बनी सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगीं। अमृत विचार की खबर पर नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने इसे गंभीरता लिया। सुभाषनगर पुलिया के नीचे काम करने वाले ठेकेदार पर 50 हजार का जुर्माना लगाकर नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कुछ समय पहले बनी सड़क पर गड्ढे हो गए लेकिन उन्हें मौखिक निर्देश देने के बाद भी ठीक नहीं कराया गया। इससे नगर निगम की छवि खराब हुई है। ठेकेदार को चेतावनी के साथ तीन दिन में कमियों को दुरुस्त कराने को कहा गया है।

अफसरों का दावा है कि परसाखेड़ा में भी सीसी रोड का निर्माण करने वाले ठेकेदार को कमियों को दुरुस्त करने का नोटिस दिया गया था लेकिन उसने उसे नजरंदाज कर दिया। उसे फिर सड़क को दुरुस्त करने के लिए नोटिस दिया गया है। एई और जेई पर निरीक्षण न करने पर नाराजगी जताई। सुभाषनगर और परसाखेड़ा दोनों इलाकों के जेई विकास साहू हैं। सहायक अभियंता मुकेश शाक्य पर परसाखेड़ा की जिम्मेदारी है। दोनों अफसरों को निरीक्षण करने के लिए पत्र भेजा गया है।

76 लाख से बनी पुलिया डेढ़ महीने नहीं चली, जुर्माना पड़ा 50 हजार

- डेढ़ महीने में उखड़ने लगी है सुभाषनगर पुलिया के नीचे बनाई गई सीसी रोड
- परसाखेड़ा में खराब हुई सड़क को भी तीन दिन के अंदर दुरुस्त करने का नोटिस

इम्पैक्ट

डीआरएम के निरीक्षण यान का इंजन फेल

बरेली, अमृत विचार : डीआरएम राजकुमार सिंह गुरुवार को हरदोई निरीक्षण को गए थे। लौटते समय रोजा स्टेशन के समीप बेहटा-कौड़ा स्टेशन के बीच उनके निरीक्षण यान का इंजन फेल हो गया। काफी कोशिश के बाद भी इंजन चालू नहीं हो सका। बाद में मालगाड़ी का इंजन निरीक्षण यान में जोड़कर चलाया गया। इस बीच बेगमपुरा एक्सप्रेस को हरदोई में रोकना पड़ा। देर रात डीआरएम स्पेशल को बरेली जंक्शन से गुजरा गया।

लोकसभा चुनाव: अभिनेत्री स्वरा भास्कर हो सकती हैं बरेली में सपा की प्रत्याशी

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सपा की ओर से बरेली सीट पर बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर को उतारे जाने की चर्चा जोर पकड़ रही है। कहा जा रहा है कि सपा ने बनारस के बाद बरेली को अपने लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण सीटों में शामिल किया है, इसीलिए यहां मजबूत प्रत्याशी के तौर पर स्वरा को उतारने पर विचार चल रहा है।

स्वरा के चयन के पीछे पार्टी में पीडीए जिले में समीरकरणों का जिक्र किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक दो बार स्वरा के बारे में अखिलेश यादव से भी चर्चा हो चुकी है। दरअसल, बरेली से सांसद संतोष गंगवार आठ बार चुनाव जीत चुके हैं। सपा का प्रत्याशी एक भी उनके सामने नहीं टिक पाया है। कांग्रेस प्रत्याशी के तौर प्रवीण सिंह ऐरन जरूर चुनाव जीते हैं। स्वरा भास्कर के अलावा संजय दत्त का नाम भी पार्टी में चर्चा में है। वह पहले पार्टी के महासचिव भी रह चुके हैं।

भारत बंद आज, कई कर्मचारी संगठन भी होंगे शामिल, रणनीति बनाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अयूब खां चौराहे पर होगा विशाल प्रदर्शन
- बीमा, रेलवे, बिजली, आयकर विभाग समेत कई संगठन होंगे इसमें शामिल

अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 16 फरवरी को भारत बंद को लेकर विभिन्न संगठनों ने बैठक कर रणनीति बनाई।

बरेली ट्रेड यूनियन्स फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में किसान आंदोलनरत हैं। संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने शुक्रवार को देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। इसके समर्थन में बैंक के अलावा बीमा, रेलवे, बिजली, आयकर विभाग, पीडब्ल्यूडी सहित तमाम संगठन शाम करीब पांच बजे अयूब खां चौराहा स्थित यूनियन बैंक शाखा के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। इधर, भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष तेजपाज सिंह ने कहा कि भाकियू ने भारत बंद को लेकर किसानों से एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने किसान संगठनों से भारत बंद के समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों का विरोध सरकार को मांगें मानने के लिए मजबूर कर देगा।

किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में कैंडल मार्च निकालते किसान। ● अमृत विचार

किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में कैंडल मार्च

बरेली, अमृत विचार : आंदोलन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने के विरोध में उत्तर प्रदेश संयुक्त किसान मोर्चा के नेता डॉ रवि नागर के नेतृत्व में गुरुवार को किसान एकता संघ,अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, इंटक, सीटू आदि संगठनों के सदस्यों ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से चौकी चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला। डा. रवि नागर ने कहा किसानों पर बर्बरता रोकी जाए वरना किसान पहले की तरह सड़कों पर होंगे। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार ने कहा कि पूर्व में किए गए समझौते पर केंद्र सरकार ने अमल नहीं किया तो बरेली से भी सैकड़ों किसान दिल्ली कूच करेंगे। खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश सचिव राजीव शांत ने कहा कि किसान अपने हक के लिए शान्तिपूर्ण आंदोलन करना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें कुचल रही है। राजेश शर्मा, श्यामपाल गुर्जर, जय सिंह यादव, अवधेश गुर्जर, दीपक पांडेय, सचिव डा. अंशु भारती, संजय पाठक, गिरीश गोस्वामी, फैसल आदि शामिल रहे।

बरेली जंक्शन का विस्तार करने के लिए चिह्नीकरण शुरू

बरेली, अमृत विचार: बरेली जंक्शन का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है। स्टेशन भवन का नए सिरे से निर्माण होगा। इसके लिए कई स्थानों पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा चिह्नीकरण शुरू कर दिया गया है। मार्च या अप्रैल में काम शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बरेली जंक्शन के भवन को नए सिरे से बनाया जाना है। भवन सर्क्युलेटिंग एरिया की तरफ विस्तारित किया जाएगा। जबकि खाली होने वाली जगह पर दो प्लेटफार्म बढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा रूफ प्लाजा, 12-12 मीटर चौड़े दो एफओबी आदि विकसित किए जाने हैं। इन सब कार्यों के बाद बरेली जंक्शन का नक्शा पूरी तरह बदल जाएगा। मंडलीय अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन का अंतिम रूप से ड्राइंग अप्रूव होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। ड्राइंग अप्रूवल व टेंडरिंग की प्रक्रिया साथ-साथ की जा रही है। कई बार ड्राइंग में बदलाव भी हो चुका है। बीते सप्ताह गतिशक्ति यूनिट व उत्तर रेलवे मुख्यालय से आई टीम ने जंक्शन का निरीक्षण कर पुनर्विकास का खाका प्रोजेक्ट पर काम कर रहे स्थानीय अधिकारियों से समझा था।

- प्लेटफार्म को तोड़ने के लिए लगाए जा रहे हैं निशान
- मार्च या अप्रैल में शुरू हो सकता है रिमॉडलिंग कार्य

जंक्शन पर कई जगह लगाए गए हैं चिह्न। ● अमृत विचार

मुरादाबाद से रोजा तक तीसरी लाइन के लिए सर्वे पूरा

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद से रोजा के बीच तीसरी लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। तीसरी लाइन बनने से मालगाड़ियों को स्टेशन से निकालने के लिए यात्री ट्रेनों को नहीं रोकना पड़ेगा। अफसरों का दावा है कि जल्द तीसरी लाइन का काम शुरू हो जाएगा। मुरादाबाद से रोजा के बीच करीब 180 किलोमीटर लंबा ट्रैक डबल लाइन है। इस रेल खंड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से मुरादाबाद मंडल में दाखिल होते ही यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने लगता है। दो साल पहले रेल प्रशासन ने इस रेलखंड पर एक लाइन और बढ़ाने का निर्णय लिया था। इस बीच टेक्निकल और ट्रैफिक सर्वे कराए जाते रहे जिन्हें अब पूरा कर लिया गया है। मंडलीय अधिकारियों के अनुसार तीसरी लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के बनाई जा रही है। अलग फ्रेट कॉरिडोर होने से लंबी मालगाड़ियों के कारण यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हो पाएगा, किसी ट्रेन की क्रासिंग के लिए दूसरी ट्रेनों को नहीं रोकना पड़ेगा।

सबसे पहले प्लेटफार्म बढ़ाने का काम होगा

मुरादाबाद-बरेली-रोजा रेलखंड के बीच छोटे बड़े स्टेशनों पर शुरुआती चरण में तीसरी लाइन डालने के लिए प्लेटफार्म बढ़ाने का काम शुरू किया जाएगा। इस क्रम में जंक्शन पर भी प्लेटफार्म बढ़ाने की तैयारी है। जिसका सर्वे पूरा हो चुका है। वहीं, नदी और नालों पर पुल और पुलियां बनाने काम रेलवे के निर्माण विभाग की निगरानी में किया जाएगा।

पुराने अड्डे से चलेंगी ई-बसें, रोडवेज की डीजल बसें जाएंगी इज्जतनगर

बरेली, अमृत विचार : शहर के पुराने अड्डे से रोडवेज बसों का संचालन बंद हो जाएगा। यहां से ई-बसों को चलाने के साथ डिपो और चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इसका प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया गया है। पुराने अड्डे से चलने वाली रोडवेज की डीजल बसें इज्जतनगर में बन रहे नए बस अड्डे से चलाने की बात कही जा रही है। सिटी बस सर्विस के लिए 100 और परिवहन निगम के लिए 50 ई-बसें मिलनी हैं। इनके संचालन की तैयारियां की जा रही हैं। परिवहन निगम के अधिकारियों ने झुमका चौराहा समेत अन्य स्थानों पर बस अड्डा बनाने के लिए जगह देखी थी। लेकिन अब शहर के पुराने बस अड्डे पर ही ई बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन, डिपो और बस अड्डा बनाने का निर्णय लिया गया है। इसका प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेज दिया गया है। मुख्यालय से अनुमति मिलने और इज्जतनगर में बस अड्डे का निर्माण पूरा हो जाने के बाद पुराने बस अड्डे से रोडवेज बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा।

व्यापारिक संगठनों का भारत बंद का समर्थन करने से इन्कार

बरेली, अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर विभिन्न संगठनों के शुक्रवार को भारत बंद के आह्वान पर व्यापारिक संगठनों ने सीधे तौर पर किनारा कर लिया है। प्रमुख संगठनों ने रोजाना की तरह ही बाजार खोलने की बात कही है।

- व्यापारी नेता बोले, किसान आंदोलन से नहीं कोई मतलब

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने बताया कि संगठन 16 फरवरी को किसी भी तरह के बाजार बंदी के समर्थन में नहीं है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील कि वह अपनी-अपनी दुकानों को निर्भीक होकर रोजाना की तरह खोलें।

सांसद संतोष सहित 22 किसानों के खाते में डाली मुआवजे की किस्त

बरेली, अमृत विचार : आवास विकास परिषद की परसाखेड़ा आवासीय योजना के लिए अधिग्रहण की जद में आई भूमि के जिन स्वामियों ने अधूरे प्रपत्र जमा किए। उनके पूरे प्रपत्र जमा करने लिए 18 व 19 फरवरी को शिविर लगाया जाएगा। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद संतोष गंगवार, उनकी पत्नी समेत 22 किसानों के खातों में पहली किस्त डाल दी गई। यह जानकारी अधिशासी अभियंता नवीन कुमार ने दी है।

- जिनके प्रपत्र अधूरे हैं उनके लिए 18 और 19 को लगेगा शिविर

उन्होंने बताया कि लैंड पूलिंग योजना के तहत सात गांवों की 522 हेक्टेयर जमीन पर आवासीय कालोनी विकसित की जा रही है। इसमें 240 किसानों ने परिषद् से अपनी जमीन का एग्रीमेंट किया है। कुछ किसानों के प्रपत्र अधूरे रह गये हैं। इसके लिए ट्यूलिया गांव के प्राथमिक स्कूल में कैंप लगाया जाएगा।

कई इलाकों में तीन से चार घंटे तक गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 40 हजार से अधिक लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी
- हरूनगला समेत कई उपकेंद्रों पर किया गया मरम्मत कार्य

अमृत विचार : गर्मी में राहत देने के लिए उपकेंद्रों पर अनुरक्षण यानी मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से गुरुवार को कई इलाकों में तीन से चार घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। करीब 40 हजार से अधिक लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा।

हरूनगला विद्युत उपकेंद्र के 11 केवी सुपर सिटी फीडर पर अनुरक्षण काम किया गया। इस कारण कुसुम नगर, सुपर सिटी, ग्रीन पार्क, सरस्वती विहार, आनंदम होम, स्पर्श ग्रीन आदि क्षेत्र की बिजली पूर्वाह्न 11 से शाम चार बजे तक बंद रही। वहीं, सिविल लाइंस प्रथम विद्युत उप केंद्र से सुबह 10:30 से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति बंद रही। सनसिटी उपकेंद्र के 11 केवी पीरबहोड़ा फीडर पर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे, सनसिटी फीडर पर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक काम होने के चलते सप्लाई को बंद रखा गया। महानगर उपकेंद्र के पार्ट टू फीडर पर दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक मेंटीनेंस काम कराया गया। जगतपुर विद्युत उपकेंद्र पर मीरा की पैठ, रोहलीटोला फीडर अनुरक्षण की वजह से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहा। ऐसे में शहर के अलग-अलग इलाकों में लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। वहीं, कुतुबखाना पुल निर्माण के चलते कोहाड़ापीर उपकेंद्र से पोषित फीडर चाहबाई की आपूर्ति दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बंद रही।

नाथ धाम आवासीय योजना का हो सकता है विस्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस साल बीडीए बोर्ड की पहली बैठक 20 को, प्रस्ताव पास होने की संभावना

अमृत विचार : नए साल में नए वीसी के साथ बीडीए बोर्ड की पहली बैठक 20 फरवरी को होगी। इसमें ग्रेटर बरेली के साथ साथ नाथ धाम आवासीय योजना के विस्तारीकरण का प्रस्ताव पास हो सकता है। बोर्ड बैठक की सूचना सभी सदस्यों को दे दी गई है।

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) पीलीभीत बाइपास पर 239 हेक्टेयर में ग्रेटर बरेली योजना विकसित कर रहा है। इस योजना के लिए 120 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव इस बैठक में रखा जाएगा। साथ ही बदायूं रोड पर 650 एकड़ में नाथ धाम आवासीय योजना के विस्तारीकरण का प्रस्ताव लाया जा सकता है। सदस्यों ने योजनाओं के प्रस्ताव को प्राथमिकता से पारित करने की मंशा जाहिर की है। बोर्ड में नाथ धाम आवासीय योजना के भूमि अधिग्रहण के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी आ सकता है। अधिकारी बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

नगर निगम कार्यकारिणी की भी बैठक 20 को

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक भी 20 फरवरी को बुलाई गई है। इसमें कुतुबखाना पुल का नामकरण महादेव पुल करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके अलावा निगम के सभी विभाग खर्च और आमदनी का लेखा-जोखा भी रखेंगे। पहले यह बैठक 16 फरवरी को बुलाई गई थी लेकिन इसे स्थगित कर आगे बढ़ाया गया है। उपसभापति सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक अब 20 को बुलाई गई है।

दोहना टोल प्लाजा की दस लेन, चला रहे हैं सिर्फ छह, रोज जाम झेल रही है जनता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फास्टैग कलेक्शन न होने से भी मुसीबत, अक्सर किलोमीटरों तक लग जाती है वाहनों की कतार

अमृत विचार: दोहना में बना टोल प्लाजा नैनीताल रोड पर गुजरने वालों के लिए मुसीबत बन गया है। टोल कलेक्शन के लिए यहां दस लेन हैं लेकिन उनमें से सिर्फ छह चलाई जा रही हैं, इनमें से भी दो लेन इमरजेंसी वाहनों के लिए आरक्षित कर रखी हैं। ऊपर से फास्टैग के बजाय टोल की वसूली भी कैश में की जा रही है। इस वजह से यहां रोज जाम लग रहा है। बृहस्पतिवार को भी यहां वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं।

नकद लेनदेन के दौरान अक्सर टोल प्लाजा के कर्मचारियों और वाहन चालकों के बीच कहासुनी भी हो जाती है। इस बीच वाहनों की रफ्तार थमी रहती है। कई बार खुले पैसों की कमी समस्या बन जाती है। टोल प्रबंधक का कहना है कि सड़क का निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत हुआ है। उस वक्त कंपनी से अनुबंध में फास्टैग से टोल टैक्स वलूसने की शर्त नहीं थी। कार्यदायी संस्था के रूप में आगरा की पीएनसी कंपनी 2015 से टोल टैक्स वसूल रही है। तभी से नकद टैक्स ही वसूला जा रहा है। एनएच के टोल प्लाजा पर फास्टैग की व्यवस्था है, स्टेट हाईवे अथारिटी ने इसको लेकर कोई निर्देश जारी नहीं किए हैं।

बृहस्पतिवार को लगे जाम पर टोल प्रबंधक ने सफाई दी कि भोजीपुरा की ओर जाने वाली पांच लेन में से एक लेन पर काम चलने की वजह से वाहन तेजी से नहीं निकल पा रहे हैं। जाम में फंसे कर्मचारी नगर के दिव्यप्रकाश ने बताया कि वह बहेड़ी जा रहे हैं लेकिन दो लेन बंद होने की वजह से करीब आधा घंटे से जाम में फंसे हुए हैं। राजनगर के अजय ने बताया कि टोल पर जाम की समस्या रोज की है। एक वाहन के नकद भुगतान में दो-तीन मिनट लगते ही हैं। इतने में वाहनों की लाइन लग जाती है। भोजीपुरा के सूरज गोस्वामी ने कहा कि बरेली से भोजीपुरा के बीच वह रोज कार से आते-जाते हैं। यहां रोज जाम लगा रहता है।

टोल प्लाजा पर जाम से सबसे ज्यादा दिक्कत उन लोगों को होती है जो आसपास के ही हैं। भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आने-जाने वाले उद्यमियों को भी दिक्कत होती है।

बृहस्पतिवार को दोहना टोल प्लाजा पर लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

आठवीं पुण्यतिथि
(16 फरवरी 2016)
स्व. श्रीमती मीना जौहरी
'जीवन की गाड़ी तो अपनी गति से चलती रहेगी
लेकिन हमारे बीच आपकी कमी हमेशा खलती रहेगी।।'
-: श्रद्धावनत :-
गोपाल नारायण जौहरी (पति), विशाल-मोनिका
दिव्यांश-रीतिका (पुत्र-पुत्रवधु), दीपाली-सत्येन
(पुत्री-दामाद), पर्व, झिलमिल (धेवते, धेवती), रूनझुन, अन्वी, मान्यु, आन्या (पौत्र-पौत्री) मो. 8868871866, 8445583211
19, तिरुपति विहार कालोनी, नेकपुर, बदायूं रोड, बरेली



अभियोजन की ढिलाई से नहीं निपट पा रहा 2010 के दंगे का केस

अदालत ने जताई नाराजगी, गवाही देने न आने पर इंस्पेक्टर के खिलाफ जारी किया गैरजमानती वारंट

विधि संवाददाता, बरेली

- डीएम को दिया अभियोजन की ओर से देरी न होने का निर्देश
- कहा- गंभीर केस न निपटने से जाता है समाज में गलत संदेश

अमृत विचार : शहर को वर्ष 2010 में हुए जिस दंगे की वजह से सर्वाधिक संवेदनशील होने की श्रेणी में रखा गया है, पुलिस की ढिलाई से उसी केस का निपटारा लंबे समय से अटका हुआ है। इस मामले में शहर में तैनात रहे तत्कालीन इंस्पेक्टर सुभाषचंद्र यादव के खिलाफ अदालत ने गवाही के लिए हाजिर न होने पर गैरजमानती वारंट जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 फरवरी तय की है। इसके साथ डीएम को भी अभियोजन की ओर से देरी न होने देने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने आदेश में यह टिप्पणी भी की है कि इस तरह के गंभीर केसों का समय से निपटारा न होने से समाज में गलत संदेश जाता है।

वर्ष 2010 में शहर में भीषण दंगा हुआ था। थाना प्रेमनगर के तत्कालीन इंस्पेक्टर करन सिंह ने इस मामले में एफआईआर दो मार्च 2010 को दर्ज कराई थी। बलवा, जानलेवा हमला, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम और क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं के तहत दर्ज हुए इस केस में 178 लोगों को नामजद करने के साथ हजारों दंगाइयों को अज्ञात बताया गया था। एफआईआर में कहा गया था कि दंगा भड़कने के बाद एक धार्मिक समुदाय के लोगों ने जमकर आगजनी करने के साथ ईंट-पत्थरों और हथियारों का इस्तेमाल कर पूरे जिले में शांति के माहौल को छिन्न-भिन्न कर दिया।

इस दंगे के केस में अदालत में अब तक 12 गवाहों के बयान हो चुके हैं लेकिन इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने गवाही नहीं दी है। उनके बयान अप्रैल 2023 में हुए थे लेकिन उसके बाद वह गवाही देने के लिए हाजिर नहीं हुए। बृहस्पतिवार को सुभाष चंद्र यादव हाजिर नहीं हुए न स्थगन के लिए कोई अर्जी दी गई। अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने इस पर नाराजगी जताते हुए सुभाष चंद्र के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कर दिया।

हिंसा में कई पुलिस वाले भी हुए थे घायल

तत्कालीन इंस्पेक्टर प्रेमनगर की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया आरोप था कि उपद्रव के दौरान वह अधिकारियों और पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो बलवाई धार्मिक नारे लगाने के साथ मार डालो-काट डालो जैसे हिंसात्मक नारे लगा रहे थे। दंगाइयों से सामना हुआ तो उनके हमले में सीओ आंवला पीएस पांडेय, एसओ भमोरा राजेश कुमार तिवारी समेत कई पुलिस कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उपद्रव के शहर के हालात बिगड़ जाने की वजह से तत्कालीन डीएम ने कर्फ्यू लगाने के साथ भारी फोर्स तैनात किया था।

सर्वर में गड़बड़ी, सीटी स्कैन के लिए परेशान रहे मरीज

बरेली, अमृत विचार: तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन के लिए पहुंचे मरीजों को सर्वर की गड़बड़ी से परेशान होना पड़ा। तीन सौ बेड अस्पताल में गुरुवार को सर्वर में गड़बड़ी से सीटी स्कैन बंद हो गए। स्टाफ की ओर से प्रबंधन को सूचना देने पर तकनीशियन की ओर से जांच की गई तो पता चला कि इंटरनेट के सिग्नल मिलने की वजह से समस्या पैदा हुई है। इस फाल्ट को करीब घंटे भर बाद ठीक किया गया। इसके बाद मरीजों के सीटी स्कैन किए गए।

एक नजर

सरयू-यमुना एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे युवक की मौत

बरेली, अमृत विचार : सरयु यमुना एक्सप्रेस से गुरुवार सुबह एक युवक का शव बरेली जंक्शन पर उतारा गया। युवक को इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया था। युवक के साथ सफर कर रहे छेदी यादव ने बताया कि मृतक बबलू कुमार यादव निवासी महमदपुर देवपुरा, जिला मधुबनी बिहार उनका भांजा था। वह दिल का मरीज था। उसका चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज चल रहा था। उसे दिखाने पीजीआई ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

चौकी में समझौते के बाद भी वापस नहीं किए 14.30 लाख रुपये

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में एक व्यक्ति के खिलाफ 14 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि पुलिस चौकी में समझौते के बाद भी रुपये वापस नहीं किए। इसके बाद एसएसपी से शिकायत की गई। फाइक एन्क्लेव फेस-दो निवासी रिजवान अहमद अंसारी ने बताया कि मोहम्मद जफीर अतहर से उनकी जान पहचान थी। जफीर मनी ट्रांसफर का काम करते थे। आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले जफीर ने उनसे 14 लाख 80 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए लेकिन पैसे वापस नहीं किए। उन्होंने रुहेलखंड पुलिस चौकी में शिकायत की। चौकी पर जफीर ने छह महीने में रकम वापस करने का समझौता किया। इसके बाद 50 हजार रुपये वापस किए लेकिन बाकी रुपये नहीं दिए।

समस्या विकराल... एक ही दिन में सांड़ों के हमलों में दो और की मौत

आंवला में बाइक पर जा रहे सपा के बूथ अध्यक्ष के पेट में घोंपा सींग, फतेहगंज पश्चिमी में सड़क चलते किसान पर हमला कर ले ली जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पूरे जिले में सांड़ों के जहां-तहां छुट्टा घूमने और लोगों पर हमला कर जान ले लेने की समस्या और विकराल होती जा रही है। बृहस्पतिवार को एक ही दिन में सांड़ों ने दो और लोगों की जान ले ली। आंवला में बाइक पर जा रहे सपा के बूथ अध्यक्ष सतेंद्र मौर्य पर सांड़ ने हमला कर दिया। पेट में सींग घुसने से उनकी मौत हो गई। फतेहगंज पश्चिमी में सड़क पर पैदल जा रहे किसान राकेश कुमार को भी सांड़ ने हमला कर मार डाला। वह भी पेट में सींग घुसने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

आंवला: सांड़ के हमले में मारे गए सपा के बूथ अध्यक्ष 30 वर्षीय सतेंद्र कुमार मौर्य मनौना गांव के रहने वाले थे। उनके बहनोई राजेश मौर्य ने बताया कि बुधवार रात उनकी भतीजी की बरात अवादानपुर में आई थी। सतेंद्र भी शादी में शामिल होने आए थे। दावत खाकर रात को करीब आठ बजे वह अपनी बाइक से घर लौटने के लिए निकले थे। आंवला-रामनगर रोड पर मनौना मढ़ी के पास एक सांड़ ने अचानक सतेंद्र पर हमला कर दिया। सांड़ का सींग उनके पेट में घुस गया। गंभीर रूप से घायल होकर वह सड़क पर जा गिरे। सूचना मिली तो परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उठाकर अस्पताल ले गए जहां रात करीब एक बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। सतेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने बताया कि सतेंद्र खेती-किसानी करते थे। उनका तीन वर्ष का बेटा आर्यन है। पत्नी रेखा गर्भवती है। सतेंद्र खेती-किसानी करते थे।

फतेहगंज पश्चिमी: औंध गांव के राकेश कुमार बुधवार देर शाम फतेहगंज पश्चिमी में नगर पंचायत के पास लगने वाली घास मंडी में घास और पत्ते बेचने आए थे। शाम को गांव लौटते समय लोधीनगर चौराहे से आगे हाईवे पर मौर्या ढाबा के पास उन पर एक सांड़ ने हमला कर दिया। पेट में सींग लगने से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आननफानन पास के एक निजी अस्पताल भेजा गया था। बृहस्पतिवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। राकेश की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बृहस्पतिवार को मीरगंज के तहसीलदार भानु प्रताप ने गांव पहुंचकर राकेश के परिजनों से बात की। फतेहगंज पश्चिमी के बीडीओ शैली गोविल के साथ ग्राम पंचायत अधिकारी विकास भी साथ थे। तहसीलदार ने बताया कि पोस्टमार्टम में सांड़ के हमले से मौत की पुष्टि पर शासकीय सहायता दिलाई जाएगी।

शोक संवेदना जताने घर पहुंचे सपा नेता

सतेंद्र की सांड़ के हमले में मौत की सूचना पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ. इंद्रपाल सिंह समेत कई सपाइयों ने उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। अगम मौर्य ने बताया कि सतेंद्र खेती-किसानी करने के साथ समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे। उन्होंने कहा कि छुट्टा गोवंशीय पशुओं से गांव-शहर के लोगों के साथ राहगीर, वाहन चालक, किसान सभी परेशान हैं। किसानों को रातदिन फसलों की रखवाली कर रहे है। सांड़ों के हमलों में कई की मौत हो चुकी है।

भाकियू पदाधिकारियों ने जताई नाराजगी

राकेश की सांड़ के हमले में मौत पर भाकियू ने नाराजगी जताई है। भाकियू के मीरगंज तहसील प्रभारी सुधीर वालियान और अरविंद सिंह ने बताया कि औंध गांव के राकेश बहुत ही गरीब थे और गाय-भैंस, बकरी को खिलाने के लिए कस्बे में पत्ते और घास बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उनकी मौत से परिवार बेसहारा हो गया है। उन्होंने बताया कि किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से छुट्टा पशुओं और सांड़ों को पकड़वाने के साथ राकेश के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

सत्येंद्र की मौत के बाद विलाप करते परिवार के लोग। ● अमृत विचार

फतेहगंज पश्चिमी में राकेश कुमार की मौत के रोते-बिलखते परिजन।

न जाने कब बनेंगी नंदीशालाएं और कब भेजे जाएंगे सांड़

प्रशासन हर मौत के बाद जल्द ही नंदीशालाओं का निर्माण कराकर सांड़ों को उनमें कैद करने के दावा करता है लेकिन न नंदीशालाएं बन पा रही हैं और सांड़ों को उनमें भेजा जा पा रहा है। दरअसल, पूरे जिले में घूम रहे हजारों छुट्टा गोवंशीय पशु खुद प्रशासन का भी बड़ा सिरदर्द बन गए हैं। उन्हें गोशालाओं और नंदीशालाओं में भेजने के दावे करने के बावजूद दबी जबान से यह भी कहा जाता है कि इतने जानवरों को कहीं रखना संभव नहीं है।

प्रधान-सचिव पर दर्ज कराया केस, फिर वापस लिया

छुट्टा पशुओं को लेकर खुद प्रशासन की हालत क्या है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ दिन पहले शाही के गांव सीहौर में सांड़ के हमले में बुजुर्ग जागनलाल की मौत होने के बाद डीएम के आदेश पर महिला ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कराया गया था लेकिन जिले भर के ग्राम प्रधान और सचिव इसके खिलाफ एकजुट हुए तो बैकफुट पर आकर प्रशासन को इस केस को रद्द कराना पड़ा।

सांड़ नहीं साक्षात यमदूत

- **07 फरवरी 2024 :** शहर में नेकपुर गौंटिया के 65 वर्षीय राजवीर सिंह की सांड़ के हमले में गंभीर घायल होने के बाद मौत हो गई।
- **03 फरवरी 2024 :** दुनका के सिहौर गांव में घर के बाहर बैठे बुजुर्ग जागनलाल पर सांड़ ने हमला किया। उनकी मौत हो गई।
- **24 जनवरी 2024 :** संजयनगर में सुबह टहलने निकले बुजुर्ग करुणाशंकर पांडेय की भी सांड़ के हमले में जान चली गई थी।
- **30 दिसंबर 2023 :** क्योलड़िया में मस्जिद के मुतवल्ली की जान लेने के साथ सांड़ ने एक महिला को भी घायल कर दिया था। एक कुत्ता भी मार डाला था।
- **23 दिसंबर 2023 :** सिरौली के गांव मोहरसिंह गौंटिया के बाबूराम को खेत पर जाते समय सांड़ ने रास्ते में पटक-पटककर मार डाला।
- **01 दिसंबर 2023 :** को फतेहगंज पूर्वी में खेत की रखवाली कर रहे किसान एक सांड़ ने पटक-पटककर मार डाला था।
- **31 अक्टूबर 2023 :** भमोरा के गांव सिरसा के देवेंद्र खेत में गुलाब तोड़ने गए थे जहां गोवंशीय पशुओं के झुंड ने हमला कर जान ले ली।
- **अक्टूबर 2023 :** बहेड़ी के गांव पृथ्वीपुर में किसान भीमसेन की सांड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौत हो गई थी।
- **अगस्त 2023 :** आंवला के गांव किसनपुर के भूरे मौर्य झोपड़ी में सो रहे थे। इसी दौरान सांड ने हमला कर उन्हें मार दिया था।

शहर की कॉलोनियों में घूम रहे सांड़ भी बने हैं मुसीबत

छुट्टा गोवंशीय पशु सिर्फ गांव-देहात या सड़कों पर नहीं भटक रहे हैं। शहर की कॉलोनियों में भी उनकी भरमार हो चुकी है। नगर निगम की ओर से उन्हें पकड़कर कहीं किसी आश्रयगृह में भी नहीं भेजा जा रहा है। लोगों का मानना है कि कॉलोनियों में भटकने वाले सांड़ भी बड़ा खतरा बने हुए हैं। अभी तो लोग उन्हें नजरंदाज कर रहे हैं लेकिन कभी कोई हादसा हो गया तो प्रशासन और नगर निगम के अफसरों के लिए भी नई मुसीबत खड़ी हो सकती है।

शहर की सड़कों पर भी है सांड़ों की भरमार। ● अमृत विचार

बदायूं रोड पर पांच अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

बरेली, अमृत विचार : बीडीए के प्रवर्तन दल बदायूं रोड पर बिना नक्शा पास कराए बनाई जा रहीं पांच अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

बदायूं रोड सुभाष नगर में लगभग 10 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विपिन, छह हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अभिषेक, पराग दूध फैक्ट्री के सामने बेहटी रोड पर पांच हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में महेन्द्र, 25 सौ वर्ग मीटर में ज्ञान प्रकाश और 55 सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अंकुर अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। सभी निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन टीम में सहायक अभियंता हरीश चौधरी, अवर अभियंता सुनील गुप्ता, रमन अग्रवाल आदि शामिल रहे।

अफसरों का कहना है कि अवैध कालोनियों पर बीडीए का बुलडोजर चलता रहेगा। ऐसे में जो भी बिल्डर अवैध कालोनियों का निर्माण करा रहे हैं वह प्राधिकरण से नक्शा और ले आउट पास करा लें।

बुलडोजर चलाकर गिराई अवैध कॉलोनी।

गृहमंत्री बनकर पूर्व विधायक को टिकट दिलाने का झांसा देने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नवाबगंज के एक ठग ने व्हाट्सएप और ट्रूकालर पर गृहमंत्री अमित शाह का नाम और फोटो लगाकर टिकट दिलाने के नाम पर ठगी की कोशिश की। उसने पीलीभीत के बरखेड़ा के पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत को भी फोन कर लाखों रुपये की मांग की। शिकायत के बाद क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने आरोपी समूहा गांव के रविंद्र कुमार और उसके साथी शाहिद खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने रविंद्र को गिरफ्तार कर लिया और शाहिद की तलाश कर रही है।

रविंद्र मौर्य।

क्राइम इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक गिरोह गृहमंत्री अमित शाह बनकर नेताओं को टिकट दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये मांगकर ठगी कर रहा है। मामले की जांच में सामने आया कि रविंद्र मौर्य ने 4 और 20 जनवरी को पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत को नौ बार फोन किया। फोन कर उसने खुद को गृहमंत्री बताकर टिकट दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बदले में उसने लाखों रुपये की मांग की। शक होने पर पूर्व विधायक ने पैसे देने से इन्कार कर दिया। वह अपने दोस्त के साथ मिलकर कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को फोन कर चुका है।

> केंद्रीय गृहमंत्री बनकर नेताओं को टिकट दिलाने के नाम पर ठगी की कोशिश करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। - **मुकेश चन्द मिश्रा**, एसपी देहात

पुलिस जांच शुरू होते ही तोड़ा सिम

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जब उसे पता चला कि पुलिस मामले की जांच कर रही है तो उसने सिम तोड़ कर फेंक दिया। जिस नंबर से पूर्व विधायक को फोन किया गया था, वह रविंद्र के गांव के रहने वाले हरीश की आईडी पर लिया गया था। पुलिस ने हरीश से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने 29 दिसंबर 2023 को खरीदा था, लेकिन थोड़ी देर बाद ही गांव के रविंद्र मौर्य व शाहिद ने उसे धमकाकर छीन लिया था।

ट्रूकॉलर लिख कर आता था केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र सरकार

पुलिस के अनुसार जिस नंबर से केंद्रीय गृहमंत्री बनकर आरोपी ने पूर्व विधायक को कॉल कर टिकट दिलाने का आश्वासन दिया था। उस नंबर को ट्रूकॉलर पर केंद्रीय गृहमंत्री केंद्र सरकार के नाम से सेव किया गया था। साथ ही व्हाट्सएप र अमित शाह की प्रोफाइल फोटो भी लगाई गई थी। पुलिस ने फोन बरामद कर लिया है।

नवाबगंज: महीने भर बाद हमले में घायल सभासद ने दम तोड़ा

नवाबगंज, अमृत विचार : महीना भर पहले हमले में घायल हुए नगर पालिका के सभासद भूपेंद्र सिंह राठौर ने बृहस्पतिवार सुबह लखनऊ के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। भूपेंद्र का अपनी दुकान की किराएदार ब्यूटीशियन मधु गंगवार उर्फ माधुरी से विवाद हुआ था जिसके बाद मधु ने कई लोगों के साथ हमला कर उनके साथ मारपीट की थी। वह राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती थे। बृहस्पतिवार को उनका निधन हो गया।

भूपेंद्र भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर के चचेरे भाई थे। उनके निधन की खबर पर संवेदना व्यक्त करने के लिए लोगों का उनके आवास पर तांता लग गया। शुक्रवार सुबह 11 बजे कस्बे की श्मशान भूमि पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। भूपेंद्र पर हमले की आरोपी ब्यूटीशियन मधु के साथ उसकी एक बहन और भाई को पुलिस जेल भेज चुकी है।

निदा पर घरेलू हिंसा मामले में फंसे शीरान को कोर्ट से राहत नहीं

विधि संवाददाता, बरेली

- निदा के पक्ष में दिया आदेश वापस लेकर सुनवाई का मौका देने की अर्जी खारिज
- अदालत ने तीन लाख मुआवजा और 15 हजार मासिक देने का दिया था आदेश

अमृत विचार: पत्नी निदा खान के बिछाए कानूनी जाल में फंसे आला हजरत परिवार के सदस्य शीरान रजा खां की मुश्किल आसान होने का नाम नहीं ले रही है। घरेलू हिंसा मामले में निदा के पक्ष में दिए गए फैसले के खिलाफ शीरान ने अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन मंजुला मिश्रा की अदालत में अर्जी दाखिल कर एकतरफा आदेश को वापस लेकर उन्हें सुनवाई का अवसर देने की याचना की थी लेकिन उनकी अर्जी को खारिज कर दिया गया।

निदा की ओर से दायर घरेलू हिंसा मामले में अदालत ने 17 जनवरी को शीरान को आदेश दिया था कि वह उन्हें तीन लाख रुपये का मुआवजा देने के साथ हर महीने 15 हजार रुपये भी अदा करें। शीरान ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इसमें कहा था कि उनके खिलाफ एकपक्षीय आदेश दिया गया है। इसकी जानकारी भी उन्हें समाचार पत्र से मिली है। कोर्ट के रिक्त होने के कारण पत्रावली न मिलने से उन्हें केस की तारीखों की जानकारी भी नही हो सकी। उन्होंने फरियाद की थी कि 17 जनवरी को सुनाए गए एकतरफा निर्णय को वापस लेकर उन्हें साक्ष्य रखने के साथ सुनवाई का अवसर दिया जाए।

अदालत ने उनकी अर्जी खारिज कर दी। आदेश में कहा गया है कि इस प्रकरण में उच्च न्यायालय ने छह महीने में कार्यवाही समाप्त करने का आदेश दिया था। 24 मार्च 2022 के बाद कई तारीख पर शीरान को अवसर दिए गए लेकिन बचाव पक्ष ने जिरह पूरी नही की। 31 मार्च 2023 को भी बचाव पक्ष की ओर से न कोई हाजिर हुआ न स्थगन अर्जी दी गयी। गवाह मोइन हसन का साक्ष्य 19 अप्रैल 2023 को दाखिल किया गया जिसके बाद बचाव पक्ष ने जिरह नहीं की। कई अवसर देने के बाद भी शीरान की ओर से कोई साक्ष्य पेश न करने के कारण अंतिम बहस के बाद आदेश दिया गया है।

एंटी करप्शन ने होमगार्ड कमांडेंट के खिलाफ शासन को भेजी रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : होमगार्ड की ड्यूटी बहाल करने के बदले में 30 हजार रुपये की मांग करने वाले आरोपी जिला होमगार्ड कमांडेंट शैलेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) ने शासन और मुख्यालय को भेज दी है।

एंटी करप्शन की टीम आरोपी कमान्डेंट से पूछताछ करने के लिए गुरुवार को उसके कार्यालय पहुंची थी, लेकिन वह नहीं मिले और फोन भी बंद जा रहा है। आरोपी की रिपोर्ट टीम ने शासन को भेज दी है। एंटी करप्शन की टीम ने कैंट चौबारी के रहने वाले होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों सेटेलाइट चौराहे के पास से गिरफ्तार किया था। गौरव चौहान ने पूछताछ में बताया था कि ये पैसे उसने जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेन्द्र प्रताप सिंह के कहने पर मांगे थे। तीस हजार रुपये में सौदा तय हुआ था।

दरोगा के वायरल वीडियो की होगी जांच

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग के विजिलेंस टीम के दरोगा सत्येंद्र सिंह के वायरल वीडियो की जांच का आदेश सीओ मीनाक्षी शर्मा ने दिया है। दरोगा ने विवेचना के दौरान बसपा नेता से कहा था कि वह भाजपा नेता होते तो बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं होती। वीडियो की जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

पशुपतिनाथ विहार में बसपा नेता तौफीक प्रधान के आवास पर बिजली चोरी के मुकदमे की विवेचना करने पहुंचे पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस के विवेचक सत्येंद्र कुमार का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

फाइक एन्क्लेव बसाने वाले कॉलोनाइजर समेत सात पर रिपोर्ट

पीलीभीत बाईपास पर सीलिंग की जमीन कब्जाने का मामला, बुडरो कॉलेज के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी नामजद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकारी जमीन कब्जाने और धोखाधड़ी से खरीद-फरोख्त करने का आरोप

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास समेत आसपास की सीलिंग की जमीन पर कब्जा करने और धोखाधड़ी कर खरीद-फरोख्त के आरोप में सदर तहसील के लेखपाल ने फाइक एंक्लेव के कॉलोनाइजर मोहम्मद आरिफ, बुडरो कालेज के अध्यक्ष ऋषि वानी, उपाध्यक्ष गुलवानी, पुष्पा वानी, मोहम्मद शरीफ, नेतराम, द्वारिका समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ तहसीलदार के आदेश पर बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

करोड़ों की बेशकीमती सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर कॉलोनी, कालेज व आलीशान घर बना कर बेचने की शिकायत पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के आदेश पर राजस्व टीमों ने छानबीन की तो करीब दस बीघा सीलिंग की जमीन निकली। सीडीओ जग प्रवेश की जांच में भी सीलिंग की जमीन पर कब्जे की पुष्टि हुई। इसके बाद एडीएम सिटी सौरभ दुबे के नेतृत्व में टीमों ने जांच की। इसमें कई गाटा संख्या पर कब्जा निकला। इस मामले में तहसीलदार के आदेश पर लेखपाल जय नरायन की तहरीर पर गुरुवार को बारादरी पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फाइक एंक्लेव और उसके पास जिन लोगों ने सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर खरीद-बिक्री कर निर्माण कराए हैं। उन सभी लोगों से सीलिंग की जमीन खाली कराई जाएगी। साथ ही उनके खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी जमीन को मालिक बनकर बेचते रहे

लेखपाल जय नरायन ने दर्ज कराए एफआईआर में बताया कि जगतपुर लाला बेगम में स्थित गाटा संख्या-367 रकबा 3589 .89 वर्गमीटर भूमि राजस्व अभिलेखों में सीलिंग में दर्ज है। बुखारपुरा निवासी आरिफ ने बुडरो स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष ऋषि वानी, उपाध्यक्ष गुलवानी निवासी सिविल लाइंस के पक्ष में स्वयं को स्वामी दर्शाते हुए बैनामा कर दिया। दूसरी तरफ स्थित गाटा संख्या-351 रकबा 468 .53 वर्गमीटर भूमि सीलिंग की होने के बाद भी उक्त जमीन आरिफ व शरीफ ने बेच दी। उस पर अनाधिकृत रूप से पक्का मकान व बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराया गया। नवादा शेखान स्थित गाटा संख्या-134 रकबा 2009 .27 वर्गमीटर भूमि भी राजस्व अभिलेखों में सीलिंग है। आरोपियों ने सीलिंग की भूमि का क्रय-विक्रय कर सरकारी भूमि को क्षति पहुंचाई है। जिसमें कुछ अज्ञात व्यक्ति भी शामिल हैं।

आरिफ पर एक और रिपोर्ट

अतीक-अशरफ के साले सद्दाम के कथित पार्टनर मोहम्मद आरिफ पर हाल ही में दलित की जमीन पर कब्जा करने के मामले में बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अब सरकारी जमीन कब्जा करने समेत अन्य धाराओं में दूसरी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। आरोप है कि सभी ने 6067 .69 वर्ग मीटर सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर खरीद-फरोख्त की। रजिस्ट्री में सीलिंग की जमीन का जिक्र तक नहीं किया गया।

पीएम आवासों की जियो टैगिंग के लिए 10-10 हजार की हो रही अवैध वसूली

भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवासों की जियो टैगिंग के लिए डूडा के कर्मचारी लाभार्थियों से 10-10 हजार रुपये की वसूली कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन (भानु) की अगुवाई में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने यह आरोप लगाते हुए कई मुद्दों पर एडीएम प्रशासन दिनेश को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय महासचिव शोएब इजहार खान के साथ पहुंचे किसानों ने गेट पर ही एडीएम प्रशासन को समस्याएं बताईं। कहा, बहेड़ी तहसील के गांव रुड़की में चकबंदी का प्रस्ताव किया गया है लेकिन गांव के लोग चकबंदी नहीं चाहते। खुली सभा में भी सभी ने एकमत होकर चकबंदी का विरोध जता चुके हैं। किसानों ने शेरगढ़ नगर पंचायत में ईओ की तैनाती की भी मांग की। महासचिव शोएब ने बताया कि डूडा के कर्मचारी शेरगढ़ क्षेत्र में जाकर प्रधानमंत्री आवासों के लाभार्थियों से जिओ टैगिंग के नाम पर 10-10 हजार रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं। कुछ दिन पहले इन कर्मचारियों को हटाया गया था लेकिन अब उन्होंने फिर वसूली शुरू कर दी है। एडीएम ने इस पर पीओ डूडा को फोन कर कड़ी नाराजगी जताई और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

▸▸ अन्य समस्याओं को भी उठाया एडीएम प्रशासन को दिया ज्ञापन

चेतावनी दी कि दोबारा शिकायत मिलने पर वसूली करने वालों को जेल भिजवा दिया जाएगा। किसानों ने नगर पंचायत शेरगढ़ में नहर विभाग की ओर से सफाई के बाद सड़क पर डाले गए मलबे की वजह से समस्या होने की भी बात कही और मलबा हटवाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में होरीलाल, हरीश कुमार, मुन्ने बाबू, शंकर, तीरथ, रफत हुसैन, मो. अहमद, रोशन लाल, हसीन खां, साहिद, टूली, गनेश राम, जयविंदर, मुस्तफा समेत काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

जिले में सौर ऊर्जा से रोशन होंगे सभी सरकारी और अर्द्धसरकारी कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट स्थापित होने से प्रदूषण में आएगी कमी

▸▸ शासन के आदेश पर यूपीनेडा ने शुरू किया सर्वे, जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव

अमृत विचार : बिजली की खपत कम करने के लिए शासन के आदेश पर जिले के सभी सरकारी और अर्द्ध सरकारी दफ्तरों में सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। इस संबंध में यूपीनेडा ने सर्वे शुरू कर दिया है।

कलेक्ट्रेट, कमिश्नरी, विकास भवन और जिला न्यायालय में पहले से ही सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट स्थापित हैं, लेकिन सूरज की रोशनी से बिजली बनाने वाले इन प्लांटों को सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में स्थापित करने की कवायद चल रही है। शासन के आदेश पर यूपीनेडा ने जिले में कितने कार्यालयों पर यह प्लांट लगने हैं, इसका सर्वे शुरू कर दिया है। पीओ यूपीनेडा अतुल कुमार श्रीवास्तव के अनुसार सर्वेक्षण किया जा रहा है। जल्द प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जाएंगे। बजट जारी होने के बाद प्लांट स्थापित कराएं जाएंगे। यह सोलर प्लांट सूरज की रोशनी से बिजली बनाएंगे। उन्हीं से कार्यालय रोशन होंगे। सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट लगने से बिजली की खपत कम होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

घरों में प्लांट लगाने के लिए बढ़ाई सब्सिडी

पीओ यूपीनेडा के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति घर में सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट स्थापित कराता है तो उसे सब्सिडी बढ़ाकर मिलेगी। प्लांट लगाने में करीब छह लाख रुपये का खर्च आता है। 10 किलो ग्राम वॉट पर पहले एक लाख 24 हजार के करीब सब्सिडी मिलती थी, लेकिन अब 1 लाख 47 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी।

स्कूल-कॉलेजों के पास से गुटखे की सभी दुकानें हटाएं

बरेली, अमृत विचार : नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक में डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि नारकोटिक्स की गतिविधियों में शामिल लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करें। उन्होंने स्कूल, कॉलेजों के पास रखी गुटखे की दुकानों को हटाने के आदेश दिए। उन्होंने एनसीबी, सीबीएन, प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग के अधिकारियों के बीच आपसी तालमेल स्थापित करते हुए लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी करने वालों के खिलाफ तेजी लाने के आदेश दिए हैं। प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग को रोकने, अवैध रूप से अफीम, भांग की खेती पर रोक लगाने पर भी जोर दिया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, जिला आबकारी अधिकारी विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

दुर्घटना के मद्देनजर तीन स्थान हैं बहुत संवेदनशील

बरेली, अमृत विचार : जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में तीन नए ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने का मामला डीएम रविंद्र कुमार के संज्ञान में आया। एसपी ट्रैफिक शिवराज सिंह ने उन्हें बताया कि फतेहगंज पश्चिमी में राधा कृष्ण मंदिर वाला कट, एएनए इंस्टीट्यूट के पास झुमका तिराहे से आगे वाला कट, बिल्वा भूरा में अवैध कट होने से यह तीनों स्थान दुर्घटना के मद्देनजर बहुत ही संवेदनशील हैं। इस पर डीएम ने कहा कि एनएचएआई को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। उन्होंने बहेड़ी-उत्तराखण्ड के बार्डर के टोल प्लाजा पर ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई जारी रखने के आदेश दिए। पंजीयन निलंबित वाहनों की सूची इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में दें। उन्होंने कलेक्ट्रेट के आसपास वाहनों की गति को कम करने के लिए रंबल स्ट्रीप, टेबल टॉप बनाने के आदेश दिए। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी मौजूद रहे।

जन औषधि केंद्र खोलने के लिए पांच और समितियां आगे आई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ पिछले साल शुरू हुई योजना केवल छह पंजीकरण होने से परेशान थे अफसर

अमृत विचार: सहकारी समितियों पर ग्रामीणों को सस्ती दरों पर दवाइयां मुहैया कराने के लिए जिले की पांच समितियां और आगे आई हैं। इन समितियों ने जन औषधि केंद्र खोलने को पंजीकरण कराने के साथ ही लाइसेंस के लिए डीफार्मा, बीफार्मा डिग्री धारकों से संपर्क किया है।

जिले में 147 साधन सहकारी समितियां हैं। यहां खाद बीज के अलावा सरकार का फोकस कामन सर्विस सेंटर खोलने समेत कई अन्य योजनाओं पर है। इसी क्रम में सरकार ने पिछले साल जन औषधि केंद्र की योजना शुरू की। बहेड़ी, नवाबगंज और मझगवां की छह समितियों ने जनऔषधि केंद्र के लिए पंजीकरण कराया था। सभी जगह डीफार्मा या बीफार्मा धारक मानदेय पर रखे जाने थे। इसके बाद दो समितियों ने मानदेय देने में असमर्थता जताते हुए कदम पीछे खींच लिए। वहीं, अब आंवला, बिथरी और नवाबगंज की पांच अन्य समितियों ने भी पहल की है। एआर कोआपरेटिव अनिल कुमार ने बताया कि सभी शर्तें पूरी करने के बाद स्टोर कोड मिल जाएगा। इसके बाद औषधि विभाग की तरफ से इनको लाइसेंस जारी किया जाएगा। सर्वाधिक लाभ सीधे तौर पर किसानों को मिलेगा। किसान समिति से खाद, बीज, कीटनाशक दवा के साथ दवाइयां भी खरीद सकेंगे।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
☞ शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
☞ दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
☞ हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
☞ दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
☞ मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
☞ दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
☞ सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
☞ दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
☞ टेढ़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
☞ डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
☞ मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
☞ गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
☞ एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
☞ एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी

बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर
(एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

सार-संक्षेप

नर्सिंग कॉलेज में हुई लैंप लाइटिंग और फ्रेशर पार्टी

बरेली, अमृत विचार : कैमुआ स्थित वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग में गुरुवार को लैंप लाइटिंग और फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। सभी छात्रों को प्रधानाचार्य अखिल रोजर्स ने शपथ दिलाई कि वे कभी किसी मरीज को कोई भी क्षति नहीं पहुंचाएंगे और सदा मानवता की सेवा करेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. राजन दीक्षित, चेयरमैन डा. विवेक चंद्र सक्सेना, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. लता दीक्षित, सरिता आनंद, एल्वा, अंशु सिंह, विपुल, मैनेजर राजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

जेईई मेंस में मेडिट के पांच छात्रों को मिली सफलता

बरेली, अमृत विचार : जेईई मेंस में मेडिट कोचिंग के सर्वाधिक पांच छात्रों ने सफलता हासिल कर संस्थान और जिले का नाम रोशन किया है। संस्थान के छात्र केशव गुप्ता ने 99.59, क्षितिज वाजपेयी ने 99.43, हर्ष पांडेय ने 99.04, वरुण अग्रवाल ने 98.95 और मुकुल गंगवार ने 98.75 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। संस्थान के छात्रों की सफलता से डायरेक्टर विशाल वार्ष्णेय गदगद हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों की तैयारी के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। बेहतर तैयारी के लिए बाहर के विषय विशेषज्ञों की अतिरिक्त ऑनलाइन कक्षाएं भी संचालित होती हैं।

रेंजर्स ने टेंट और पुल का निर्माण किया

बरेली, अमृत विचार : रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर प्रशिक्षण शिविर का बृहस्पतिवार को समापन हुआ। शिविर में रेंजर्स ने टैंट और पुल निर्माण किया। निबंध प्रतियोगिता, फर्स्ट एड बॉक्स प्रतियोगिता, बेस्ट यूनिफार्म, बेस्ट रेंजर्स, टैंट प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रेखा कुलश्रेष्ठ, स्काउट कमिश्नर पुष्पकांत रहे। प्रो. संध्या सक्सेना, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. फौजिया खां, रेंजर्स प्रभारी डॉ. निशा वर्मा, डॉ. हिमशिखा यादव आदि उपस्थित रहे।

कबीर कोहिनूर से सम्मानित होंगी शशि रानी

बरेली, अमृत विचार : संत कबीर के 506 वें महानिर्वाण दिवस पर कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर खुर्रम नगर गौंटिया प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका शशि रानी सिंह को दिया जाएगा। शशि रानी ने बताया कि देश-विदेश से विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 100 प्रतिभाओं को कोहिनूर सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। वह इससे पहले लोकमणि लाल अवार्ड से भी सम्मानित हो चुकी हैं।

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सरस्वती पूजन

बरेली, अमृत विचार : वसंत पंचमी पर रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में संस्कृत एवं संहिता सिद्धांत विभाग ने मां सरस्वती का पूजन किया। इस मौके पर शिक्षक नितेश मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना की। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल और कॉलेज के निदेशक डॉ. विशाल अग्रवाल ने प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। प्राचार्य डॉ. आरके तिवारी, डॉ. एचएस राय, डॉ. ज्ञान देव शर्मा, डॉ. शिमी, डॉ. अखिन्ना शशिधरण, डॉ. अर्चना, डॉ. शिखा, डॉ. प्रियंका कश्यप, डॉ. आकांक्षा, डॉ. हिमानी, नितेश मिश्रा, डॉ. सौरभ, डॉ. माया प्रकाश, स्नेहा सक्सेना, अनामिका, शिवांशु, मानस झा, सचिन लोधी, शर्मिष्ठा राय मौजूद रहीं।

वेरी-वेरी स्पेशल इशिका... आईक्यू 40 और पदक 18

नेशनल फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में यूपी की टीम को गोल्ड दिलाने वाली इशिका का इरादा अब राष्ट्रीय टीम में खेलने का

शब्या सिंह तोमर, बरेली

अमृत विचार : इशिका कोचर का आईक्यू स्तर 40 प्रतिशत है लेकिन हौसला इतना लाजवाब है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल, हैंडबॉल और फ्लोरबॉल प्रतियोगिताओं में अब तक 18 पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने यूपी की ओर से खेलते हुए दिल्ली में 25 से 30 जनवरी तक हुई स्पेशल बच्चों की नेशनल फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में टीम को गोल्ड मेडल दिलाया है। अब वह राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

सिर्फ इशिका नहीं, उनकी मां कमलजीत कौर का हौसला भी बेमिसाल है। कमलजीत के पति मनमीत सिंह की दस साल पहले ही मृत्यु हो चुकी है। तभी से इशिका और दूसरी बेटी साइना को कमलजीत अकेले संभाल रही हैं। सुभाषनगर में रहने वाली कमलजीत कौर पेशे से शिक्षक हैं।

उन्होंने बताया कि बचपन से ही इशिका दूसरे बच्चों से अलग थी। वह काफी उत्तेजित रहती थी और उसे चोट का एहसास भी नहीं होता था। कितना खाना है, कैसे कपड़े कैसे पहनने हैं, इससे भी बेखबर रहती थी। कमलजीत कौर के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ इशिका की समझदारी भी नहीं बढ़ी। स्कूल भेजने के बाद वह दूसरे बच्चों के साथ तालमेल नहीं बना पाई। पढ़ने में बहुत ज्यादा समस्याएं आने लगीं। डॉक्टर की सलाह पर उसका आईक्यू टेस्ट कराया तो वह 40 प्रतिशत से भी कम निकला। उन्हें सौ फुटा रोड पर स्पेशल बच्चों को उनकी जरूरतों और टैलेंट के मुताबिक सिखाने वाली एक संस्था के बारे में पता चला तो उन्होंने इशिका को उसमें भर्ती करा दिया। इसके बाद इशिका में बदलाव आना शुरू हो गया। खेल और कला में उसका शुरू से से रुझान था, इस संस्था में उसकी इसी प्रतिभा को निखारा गया।

अब 25 की हो चुकीं इशिका फ्लोर बॉल के अलावा वॉलीबाल और हैंडबॉल भी बहुत अच्छा खेलती हैं। अब तक जीते गए 18 पदक इशिका के हौसले की ही निशानी हैं। कमलजीत कौर बताती हैं कि इशिका अब राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

छात्र के साथ स्वयंसेवक होना बड़ी उपलब्धि

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय और तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. एमके सिंह ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम एवं डॉ. बृजवास कुशवाहा ने प्रस्तावित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. एके सिंह को बताया कि छात्र के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वयं सेवक होना बड़ी उपलब्धि है। प्रो. एमपी सिंह, डॉ. रुबी सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

माध्यमिक स्कूलों में अप्रैल से शुरू होगा प्रोजेक्ट अलंकार

बरेली, अमृत विचार : राजकीय माध्यमिक स्कूलों में सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अप्रैल में प्रोजेक्ट अलंकार शुरू करने की कवायद चल रही है। मार्च में यूपी बोर्ड परीक्षा के बाद मंडल भर के राजकीय स्कूलों का सर्वे कर शासन को सौंपा जाएगा। इसके लिए मंडल स्तर पर 17 विभागीय कर्मचारियों की टीम बनाई गई है।

▸▸ एसआरजी डॉ. अनिल को प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षक नामित किया

गुरुवार को लखनऊ में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षण का एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। महानिदेशक के निर्देश पर बेसिक शिक्षा के तहत जिले में एसआरजी डॉ. अनिल चौबे को माध्यमिक के प्रोजेक्ट अलंकार का प्रशिक्षक नामित किया गया।

उन्होंने बताया कि माध्यमिक विद्यालय में कायाकल्प और अवस्थापना सुविधाओं को संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट अलंकार शुरू किया जा रहा है। उन्हें मंडल के चारों जनपदों में प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. अनिल ने बताया कि 17 लोगों की टीम में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा के जिला समन्वयक निर्माण भी शामिल हैं। दूसरे चरण में अनुदानित स्कूलों में कायाकल्प कार्य शुरू कराया जाएगा। फिलहाल, प्रथम चरण में प्रोजेक्ट के तहत तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

स्वर्ण जयंती वर्ष में डिजिटल लर्निंग हब बनेगा रुविवि

रजा पुस्तकालय को रुहेलखंड विश्वविद्यालय से किया जाएगा संबद्ध, ट्रांजिट हॉस्टल भी बनेगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ 49वें स्थापना दिवस पर टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित, अगली बार प्रधानमंत्री को दिया जाएगा निमंत्रण

अमृत विचार : स्वर्ण जयंती वर्ष में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (रुविवि) डिजिटल लर्निंग हब बनेगा। ट्रांजिट छात्रावास के साथ विद्यार्थियों और बाहरी लोगों के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर इन्क्यूबेटिव सुविधाएं दी जाएंगी। इसके तहत स्टार्टअप शुरू करने वाले उत्पाद तैयार करने के साथ उनकी लेबलिंग और पैकेजिंग भी कर सकेंगे। इसके अलावा रामपुर रजा लाइब्रेरी को भी विश्वविद्यालय से संबद्ध किया जाएगा। समारोह में दस टॉपर्स छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र के अलावा खिलाड़ियों और अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि : कुलपति ने कहा कि नैक में ए डबल प्लस रैंक मिलने के बाद मेरू (मल्टी एजुकेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी) में विश्वविद्यालय ने सौ करोड़ की ग्रांट के लिए आवेदन किया है। उम्मीद है कि जल्द ही ग्रांट मिल जाएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग हब बनाया जाएगा। इसमें ऑफलाइन और डिजिटल दोनों माध्यम से पढ़ाई होगी। इसमें थ्री डी प्रिंटिंग, रोबोटिक ड्रोन, मशीन लर्निंग और ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था होगी। दुनिया के किसी हिस्से में बैठा छात्र ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेगा। शिक्षक नए-नए ऑनलाइन कोर्स शुरू करेंगे और उन्हें राष्ट्र और विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी।

इंटरनेशनल ट्रांजिट छात्रावास में विदेश से आने वाले शिक्षक और छात्र रहेंगे। आने वाले दिनों में नैनो टेक्नोलॉजी, बोयोटेक्नोलॉजी, साइबर फोरेंसिक, ई-व्हीकल, पेटेंट आदि पर रिसर्च की जाएंगी। कुलपति ने अयोध्या में मंदिर बनने और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आर्दश राम के जीवन से सीखना चाहिए। विकसित भारत राम राज जैसा हो। प्रत्येक विद्यार्थी को दुनिया के अलग-अलग दस देशों के छात्रों से जुड़कर सीखना चाहिए। उन्होंने स्वर्ण जयंती समारोह का लोगो तैयार करने के लिए छात्रों से भी सहयोग लेने को कहा। एनएसएस के समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने एनएसएस की प्रगति रिपोर्ट पेश की। कार्यक्रम में कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. एसके पांडेय, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. जेएन मौर्य, प्रो. विजय बहादुर यादव आदि मौजूद रहे।

स्वर्ण पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते रामपुर विधायक आकाश सक्सेना, कुलपति प्रो. केपी सिंह। ● अमृत विचार

राजनीति में भी विद्यार्थियों का हो प्लेसमेंट

रामपुर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि बिना जुनून के जीवन में बड़ा नहीं कर सकते हैं। राजनीति में भी विद्यार्थियों का प्लेसमेंट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में भारत विकसित देश होगा और विश्व में पहला स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती समारोह में प्रधानमंत्री को निमन्त्रण देंगे। उन्होंने रामपुर के रजा पुस्तकालय को विश्वविद्यालय से संबद्ध करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर कुलपति प्रो. केपी सिंह ने जल्द ही प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पुस्तकालय में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की भी बात कही। आकाश सक्सेना ने कहा कि टॉपर्स छात्रों को वह विधानसभा की कार्यवाही दिखाने के लिए लेकर जाएंगे।

एक साल में हुए नौ एमओयू

डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में 25 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए। इसके अलावा नौ एमओयू देश और विदेश के संस्थानों से हुए। 390 शोध प्रकाशित हुए और पांच पेटेंट हुए। 37 प्रोजेक्ट को 2 करोड़ का फंड मिला।

वालीबॉल, बॉस्केटबॉल और लॉन टेनिस के बनेंगे सिंथेटिक कोर्ट

समारोह में क्रीड़ा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने खेलों की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि पिछले साल विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में 27 पदक जीते थे। इस वर्ष अब तक 10 पदक प्राप्त हो चुके हैं। खेलो इंडिया में 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। नया क्रिकेट स्टेडियम बनना शुरू हो गया है और जल्द ही लॉन टेनिस, बास्केबॉल और वालीबॉल कोर्ट भी सिंथेटिक होंगे।

खेल प्रतियोगिता में विजेता कर्मचारियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

इन्हें दिए गए स्वर्ण पदक

बीएएमएस में अनु विश्वकर्मा, एम फार्मा में हर्षदीप श्रीवास्तव, एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी में आयुषी गंगवार, बीएससी कृषि में धीरज कुमार महेश्वरी, बीएससी मेडिकल लेबोरेट्री टेक्निक्स में कृतिका पांडेय, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री में सानिया बी, बीएससी ऑपरेशन थियेटर टेक्निक्स में मनीषा मिश्रा, बीएससी रेडियोलॉजी इमेजिंग टेक्निक्स में पायल गुप्ता को स्वर्ण पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

एनएसएस : कौशल विकास के लिए युवा विषय पर शिविर शुरू

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई प्रथम का सात दिवसीय विशेष शिविर कौशल विकास के लिए युवा विषय पर आयोजित होगा।

बृहस्पतिवार को शिविर की शुरुआत वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. पंपा गौतम, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, परीक्षा नियंत्रक प्रो. बीनम सक्सेना ने की। डॉ. राजीव यादव ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवक कालीबाड़ी मलिन बस्ती में स्वास्थ्य, प्रौढ़ शिक्षा, साफ- सफाई, रोजगार, मतदान, स्वावलंबन और नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।

सात जोनल मजिस्ट्रेट करेंगे बोर्ड परीक्षा की निगरानी

▸▸ 133 परीक्षा केंद्रों के लिए एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा नकलविहीन व सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक होंगी। इसके लिए जनपद को सात जोन में बांटकर सात जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। 133 परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

परीक्षा केंद्रों पर शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है। सेक्टर मजिस्ट्रेट दोनों पाली की परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे और जिलाधिकारी को रिपोर्ट देंगे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा से करीब एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंच कर केंद्र व्यवस्थापक के साथ निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू कराएंगे। जोनल मजिस्ट्रेट क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेटों और थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर परीक्षा को नकलविहीन व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराएंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा दी गई हैं। परीक्षा के दौरान लापरवाही होने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

परीक्षा खत्म होने का जश्न रामभरोसे गर्ल्स इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा खत्म होने के बाद छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी मनाई।

एमबीबीएस की परीक्षा 28 से होगी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 28 फरवरी से 6 मार्च तक द्वितीय पाली में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

पांच हजार बेरोजगारों को नौकरियां देने का लक्ष्य

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर प्राइवेट सेक्टर में बेरोजगारों को नौकरियां देने की तैयारी शुरू हो गई है। सेवायोजन विभाग की ओर से 25 फरवरी को रुहेलखंड विश्व विद्यालय में बड़े स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। करीब पांच हजार बेरोजगारों को नौकरी देने का लक्ष्य है।

सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में करीब 100 कंपनियों को प्रतिभाग करने के लिए बुलाने की तैयारी चल रही है। कंपनियों से संपर्क साधा जा रहा है। ईमेल और फोन कराए जा रहे हैं। रोजगार मेले में 10 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है। यह इस वर्ष का अब तक सबसे बड़ा रोजगार मेला होगा।

शिक्षकों के विरोध से नहीं शुरू हो सकी ऑनलाइन उपस्थिति

बीएसए दफ्तर में ज्ञापन देने पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने बीएसए को दिया ज्ञापन

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में निर्धारित तिथि पर भी ऑनलाइन उपस्थिति शुरू नहीं हो सकी। सुबह से ही शिक्षकों ने इस व्यवस्था को निजता का हनन करने वाला व अव्यवहारिक बताते हुए पुरजोर विरोध किया। विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने बीएसए को ज्ञापन देकर इसे लागू नहीं करने की मांग की। वहीं बीएसए का कहना है कि हर हाल में यह व्यवस्था लागू कराई जाएगी। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी रिपोर्ट सौंपी जा रही है।

गुरुवार को यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस संबंध में बीएसए को ज्ञापन दिया। संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि परिषदीय स्कूलों के लिए डिजिटल पंजिका व डिजिटल उपस्थिति संबंधी आदेश पूर्णतया अव्यवहारिक है। शिक्षकों द्वारा लंबे समय से की जा रहीं मांगों पर विभाग की ओर से कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। शिक्षकों को अभी तक न तो इस व्यवस्था को संचालित करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं न ही किसी प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया है। ऐसे में शिक्षकों की उपस्थिति ऑनलाइन माध्यम से कराया जाना न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन देने वालों में योगेश गंगवार, श्याम सिंह, देशबंधु गंगवार, मनोज गंगवार, तपन सिंह मौर्य, विजेंद्र गुर्जर, हरीश गंगवार, मोर किशोर मौर्य, पंकज सिंह, सत्यपाल गंगवार, सुरेंद्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने महानिदेशक से मिलकर जताया विरोध

यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि पंजिकाओं का डिजिटाईजेशन व ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर महानिदेशक, प्रभारी शिक्षा निदेशक व बेसिक शिक्षा सचिव से मिलकर विरोध जताया गया है। मांग की गई कि पर्याप्त टेबलेट व सीयूजी सिम दिए बगैर नई व्यवस्था पर रोक लगायी जाये। शिक्षकों के लिए आधे दिवस का आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश अनुमन्य करने व तीन दिन विलम्ब से उपस्थित होने की दशा में उनका एक आकस्मिक अवकाश निरस्त मानने समेत कई मांगें अधिकारियों के समक्ष रखी गईं। जूनियर के प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति की भी मांग की गई। प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मणि त्रिपाठी, प्रांतीय महामंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मजहर मुहम्मद खां, प्रांतीय कार्यालय मंत्री आशीष सिंह, मंडल महामंत्री महेन्द्र वर्मा, प्रवेश कटियार आदि उपस्थित रहे।

व्यवसाय जगत में महिला भागीदारी की कमी बड़ी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने के विषय पर कार्यशाला

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने व्यवसाय प्रबंधन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सौजन्य से महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने के विषय पर कार्यशाला आयोजित की।

मुख्य अतिथि महामना इनोवेशन और उद्यमिता फाउंडेशन बीएचयू के निदेशक प्रो. पीवी राजीव ने बताया कि अटल इन्क्यूबेशन केंद्र प्रमुख उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। केंद्र महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाले उद्यमों का समर्थन करके, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, और सामाजिक विकास में योगदान करते हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने व्यवसाय जगत में महिला भागीदारी की कमी को एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इसका समाधान अटल इन्क्यूबेशन केंद्रों के माध्यम से हो सकता है। डॉ. रामबाबू सिंह ने शोध परियोजना के उद्देश्य, विधि, और आंकड़ों के संकलन के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रबंधन संकायाध्यक्ष प्रो. तुलिका सक्सेना शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. रश्मि अग्रवाल, डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी, प्रो. संतोष अरोरा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. प्रवीण तिवारी, डॉ. कीर्ति प्रजापति ने भी विचार रखे।

सीबीएसई : पहले दिन 61 छात्रों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ 10 वीं और 12 वीं में पंजीकृत 62 में से सिर्फ एक छात्र रहा अनुपस्थित

अमृत विचार : सीबीएसई की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। गुरुवार को पहले पेंटिंग और इंटरप्रेन्योर की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 62 में से 61 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि एक छात्र अनुपस्थित रहा।

निर्धारित समय से एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राएं पहुंचना शुरू हो गए। पहले दिन तीन केंद्रों बीबीएल स्कूल, अलमामातेर स्कूल और इज्जत नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में 10:30 बजे परीक्षा शुरू हुई। 10 वीं में पेंटिंग की परीक्षा में पंजीकृत सभी 60 छात्रों ने भाग लिया। 12 वीं में इंटरप्रेन्योर परीक्षा में पंजीकृत दो में से एक छात्र शामिल हुआ। जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

बीबीएल पब्लिक स्कूल में परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

अफवाहों पर ध्यान न दें छात्र और अभिभावक

सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि सभी केंद्रों पर पहले दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि इन दिनों बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों के लीक होने की अफवाहें सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही हैं। किया जा रहा है। कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि उनके पास जो पेपर है, उसी से बोर्ड परीक्षा में सवाल पूछे जाएंगे। जबकि यह सिर्फ छात्रों और अभिभावकों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर छात्र और अभिभावक ध्यान न दें। छात्र टोल फ्री सेवा 1800-11-8004 पर 24 घंटे फोन कर अपनी समस्या बता सकते हैं।

पेपर अच्छा होने पर छात्र दिखे उत्साहित

पेपर अच्छा होने पर केंद्र से बाहर आए छात्र उत्साहित नजर आए। ज्यादातर छात्रों ने बताया कि पेंटिंग उनका सबसे पसंदीदा विषय है, इसके लिए उनकी पूरी तैयारी थी। हालांकि, कुछ छात्र ऐसे भी रहे, जो परीक्षा में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं दिखे।

आज छह केंद्रों पर होगी परीक्षा, तैयारी पूरी

शुक्रवार को 10 वीं के विद्यार्थी टुरिज्म, फाइनेंशियल मार्केट, फिजिकल एक्टिविटी और एग्रीकल्चर की परीक्षा देंगे। 12 वीं के विद्यार्थी बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा देंगे। दोनों में 174 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इसके लिए शहर में छह केंद्र बनाए गए हैं।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693

कोटेदारों को अधिक भुगतान की जांच शुरू

80 कोटेदारों को किया गया था भुगतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ कोटेदारों को भुगतान के आरोप में एआरओ हुए थे निलंबित उपायुक्त खाद्य कर रहे जांच

अमृत विचारः करीब दो साल पहले कोटेदारों को अतिरिक्त भुगतान के आरोप में निलंबित हुए एआरओ (क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी) के पिता की शिकायत पर उपायुक्त खाद्य बरेली मंडल मदन यादव ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह से भी रिपोर्ट मांगी है। राज्यमंत्री से शिकायत के बाद मामला शासन द्वारा संज्ञान में लिया गया। खाद्य उपायुक्त से तीन दिन के अंदर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

मीरगंज क्षेत्र के एआरओ रहे धर्मेंद्र सिंह पर अपने हस्ताक्षर से 80 कोटेदारों को करीब चार लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान कराने का आरोप लगा था। इस मामले में उनको निलंबित कर दिया गया था। पिछले दिनों एआरओ धर्मेंद्र सिंह के पिता राजाराम सिंह निवासी जौनपुर ने राज्य मंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चंद्र यादव से शिकायत की थी और विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े कर जांच विजिलेंस से कराए जाने की मांग की। इसका संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश अटल कुमार ने उपायुक्त खाद्य बरेली मंडल को जांच करने को कहा है। उपायुक्त खाद्य मदन यादव ने बताया कि संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। अभिलेखों व तथ्यों के आधार पर जांच कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

कोटेदार यूनियन ने शिकायत से झाड़ा पल्ला

दो साल पहले विधायक डीसी वर्मा से कोटेदारों ने शिकायत की थी। फिर डीसी वर्मा द्वारा मामला शासन के संज्ञान में लाया गया था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद ने इस शिकायत से पल्ला झाड़ लिया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार मेहरोत्रा ने कहा कि उनकी स्थानीय इकाई के लेटर पैड का दुरुपयोग किया गया था।

एआरओ के हस्ताक्षर से पास हुए थे बिल

दरअसल पहले कोटेदारों को खाद्यान्न वितरण के लिए लाभांश और मालभाड़े का भुगतान किया जाता था। एसडीएम मीरगंज की जांच में पता चला था कि सिंगल स्टेज व्यवस्था लागू होने के बावजूद मालभाड़े का भुगतान एआरओ द्वारा पास कर दिया गया। बिलों पर एआरओ धर्मेंद्र सिंह के हस्ताक्षर थे। हालांकि गड़बड़ी पकड़ में आने के बाद पूरी राशि की रिकवरी कोटेदारों से करा ली गई थी।

विद्युत पेंशनर्स को कैशलेस इलाज की सुविधा मिले

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को विद्युत निरीक्षण भवन में हुई। इसमें पेंशनर्स को निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ओडी यादव ने पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की। प्रांतीय अति महासचिव ओमदेव बरतरिया ने कहा कि पेंशनर्स को पावर कारपोरेशन में भी इलाज के लिए निजी अस्पतालों में कैशलेस की सुविधा प्रदान की जाए। कार्यवाहक अध्यक्ष अमजद अली ने चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के निस्तारण में पावर कारपोरेशन के आदेश का अनुपालना न होने पर चिंता जताई। केके माहेश्वरी, राधेश्याम, आरके शर्मा, ग्रीश श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता, यामीन अहमद, चंद्रकांत मौजूद रहे।

चालक-परिचालकों के वेतन से जांच के बाद हो कटौती

बरेली, अमृत विचार : यात्रियों की सुविधा और रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के पदाधिकारियों ने आरएम से वार्ता की। आरएम ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन ने गुरुवार को पुराने बस अड्डे पर आरएम दीपक चौधरी से वार्ता की। क्षेत्रीय मंत्री रविन्द्र पांडे ने कहा कि रीजन के चारों बस अड्डों पर साफ-सफाई नहीं रहने से दिक्कत होती है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कम लोड फैक्टर और अन्य मामलों में चालक और परिचालक के वेतन से सीधा कटौती नहीं की जाए। अगर किसी चालक या परिचालक की कोई शिकायत अधिकारियों के पास पहुंचे तो जांच कराने के बाद ही वेतन से कटौती हो। रोडवेज कर्मचारियों की अन्य मांगों का भी जल्द समाधान कराने को कहा। आरएम दीपक चौधरी ने जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

खानकाह-ए-नियाजिया में आज से होगा उर्स

बरेली, अमृत विचार : सिलसिला-ए-नियाजिया के चौथे ताजदार हजरत शाह मोहम्मद हसन सज्जाद कादरी चिश्ती नियाजी का दो दिवसीय उर्स शुक्रवार व शनिवार को खानकाह-ए-नियाजिया में कदीमी रिवायात के साथ मनाया जाएगा। सरपरस्ती खानकाह-ए-नियाजिया के सज्जादानशीन मेहंदी मियां करेंगे। प्रबन्धक शब्बू मियां नियाजी ने उर्स की जिम्मेदारी लोगों को सौंपी। शुक्रवार को फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी होगी। इशा की नमाज के बाद महफिल-ए-समां का आगाज किया जाएगा। बाद में कुल शरीफ की रस्म अदा की जायेगी। उर्स में बाहर के लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

शिया समुदाय ने मनाया हजरत अब्बास का यौम-ए-विलादत

बरेली,अमृत विचार : इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की यौम-ए-विलादत गुरुवार को शिया समुदाय ने मनाई। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे स्वालेनगर स्थित शिया कर्बला में नियाज़ नजर और रोशनी करने पहुंचे। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि मौलाना शमसुल हसन खां के नेतृत्व में ईशा की नमाज के बाद शिया जामा मस्जिद किला में महफिल इमाम-ए-जुमा की गई। इसमें हजरत अब्बास की शान में कलाम पेश किए। कार्यक्रम की निजामत हुनर फर्रुखाबादी ने की। कर्बला में मुतावल्ली जमीर रजा बॉबी की ओर से भी चिरागा व नियाज नजर की गई। इमामबाड़ा मरहूम जुर्रीयत हुसैन काजमी जखीरा में सफदर अली काजमी की ओर से नियाज नज्र की गई। वहीं दादा मियां चौक मोहल्ला जखीरा से मोहम्मद नासिर की अगुवाई में जुलूस निकाला गया। समाज सेवी अजादार काजमी का सहयोग रहा।

महिला अपराधों में तत्काल की जाए प्रभावी कार्रवाई : आईजी

बरेली, अमृत विचार : आईजी डॉ. राकेश सिंह ने गुरुवार को रेंज के सभी जिलों के थानों के क्लर्क और हेड मौहर्रिर के साथ जनशिकायतों के निस्तारण व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की। आईजी ने कहा कि महिला अपराध के मामलों में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। आईजी ने कहा कि थानों पर नियमित रूप से जनसुनवाई की जाए। थाना स्तर पर डाक से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों को उतनी ही गंभीरता से लिया जाये जितना की कोई प्रत्यक्ष रूप से थाने पर उपस्थित होकर शिकायत करता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतते हुए चुनाव संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाये। थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर व अन्य सक्रिय अपराधियों का सत्यापन कराया जाए। शिकायती प्रार्थना पत्र आर्डर बुक का उन्होंने अवलोकन किया। बताया गया कि विगत तीन माह से परिक्षेत्र स्तर से जनपद के थानों को प्रेषित किये जा रहे प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। सितंबर 2023 से जनवरी 2024 तक जनपद बरेली से परिक्षेत्रीय कार्यालय को 2676 प्रार्थना प्राप्त हुए। बीट आरक्षियों के माध्यम से शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जीएसटी टीम का खंडसारी में छापा, पेराई बंद करने पर किसानों ने हाईवे किया जाम

हाफिजगंज में देर शाम तक जांच करती रही टीम, पुलिस ने जाम खुलवाया

संवाददाता, हाफिजगंज

अमृत विचार : हाफिजगंज में बरेली-पीलीभीत हाईवे पर टोल प्लाजा के पास खंडसारी में जीएसटी टीम ने गुरुवार को छापा मारा। टीम से नोकझोंक के बाद खंडसारी मालिक ने पेराई बंद कराकर गन्ना दूसरी जगह ले जाने को कहा। इससे किसान नाराज हो गए और ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी कर हाईवे पर जाम लगा दिया। हाफिजगंज पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। देर शाम तक जीएसटी टीम की जांच चल रही थी।

मिल में बृहस्पतिवार करीब 12.30 बजे जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर राजीव पाण्डेय टीम के साथ खंडसारी में पहुंचे। टीम के पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। टीम ने खंडसारी में राव की पैकिंग आदि जांचने के साथ ही उस पर लगने वाली जीएसटी की जांच की तो करीब डेढ़ करोड़ के माल पर जीएसटी जमा नहीं थी।

खंडसारी मालिक से जीएसटी जमा करने को टीम ने कहा तो मालिक ने कहा कि वह समय पर टैक्स जमा कर रहे हैं और पैक माल की सड़क पर चेकिंग भी होती है, लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। मिल मालिक ने मिल बंद कर किसानों से अन्य जगह पर गन्ना ले जाने को कहा। इससे भड़के किसान नारेबाजी करते हुए हाईवे पर पहुंच गए और ट्रैक्टर-ट्रालियां हाईवे पर लगाकर जाम लगा दिया।

एसएचओ संजय सिह, चौकी इंचार्ज रिठौरा सौरभ यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मिल मालिक, जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर से बात कर किसानों का बमुश्किल समझाकर जाम को खल्वाया। इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि मिल में जीएसटी टीम का छापा पड़ा तो मिल स्वामी ने किसानों को गुमराह कर दिया, जिससे किसान आक्रोशित हो गए और जाम लगाया। समझाने के बाद किसान वापस चले गए।

खंडसारी में पेराई बंद करने के विरोध में हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

एसपी क्राइम ने दुकानों पर सीसीटीवी लगाने का दिया सुझाव

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइन स्थित सभागार में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ एसपी क्राइम मुकेश प्रताप सिंह ने बैठक की। बैठक में व्यापारियों को सुरक्षा के मद्देनजर अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का सुझाव दिया गया। साथ ही साइबर ठगी से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया। एसपी क्राइम ने सभी व्यापारियों को उनकी हर समस्याओं का निराकरण के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान शहर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी समेत व्यापारी मौजूद रहे।

चोरी की बाइक से घूम रहा युवक गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर पुलिस ने नेपालापुर पुरवा कोतवाली सीतापुर के रहने वाले राहुल सिंह को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी मदनमोहन चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी बाइक सीतापुर से चोरी करके लाया है।

इंस्टाग्राम पर छात्रा की फर्जी आईडी बनाकर लगाया अश्लील फोटो

बरेली, अमृत विचार : एक युवक ने एमबीए की छात्रा की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो लगा दिया है। आरोपी छात्रा के मोबाइल पर फोन कर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ फोन कर संबंध बनाने दबाव बना रहा अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

बारादरी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी शहर के एक कॉलेज में एमबीए की छात्रा है। आरोप है कि 19 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर छात्रा की फर्जी मेल आईडी बनाकर उसका फोटो एडिट कर लगा दिया।

आरोपी उसके फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर भेज रहा है। छात्रा पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इससे छात्रा सहम गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने का आह्वान

बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी के शहामतगंज स्थित कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब, किसान सहित सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, हाजी इस्लाम बब्बू, दिनेश दद्दा, जुनैद हसन एडवोकेट, कमरूद्दीन सैफी, उलफत सिंह कठेरिया, मुकेश वाल्मीकि, दत्तराम गंगवार, इरशाद मंसूरी, रुहाफ अहमद, जयराम कश्यप, मुदित प्रताप सिंह, छेदालाल गुर्जर, मोहसिन रजा आदि मौजूद रहे।

मुस्लिम को राज्यसभा के लिए टिकट न देने पर शहाबुद्दीन ने अखिलेश को पत्र लिखकर नाराजगी जताई

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने किसी मुसलमान को राज्यसभा सदस्य के लिए टिकट न देने पर नाराजगी जाहिर की है। मौलाना ने कहा कि पिछड़ा, दलित और मुसलमानों को मिलाकर पीडीए बनाया है। इसी को लेकर सपा अभियान भी चला रही है। अखिलेश यादव को यह भी पता है कि वह विधानसभा चुनावों में उनके जितने भी विधायक बने वो मुस्लिम वोटों के बल पर बने, लेकिन एक भी मुसलमान को राज्यसभा भेजना गवारा नहीं समझा। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव के दौरान मुस्लिम इलाकों में सपा ने उम्मीदवार उतारे थे, जो मुस्लिम वोटों के बिखराव की वजह बने। इससे गठबंधन की स्थिति कमजोर हुई। अब यह बातें लोगों को खटक रही हैं, लेकिन मुसलमान खामोश नहीं बैठेगा।

न्याय यात्रा को लेकर पदाधिकारियों को दिए पत्रक

बरेली, अमृत विचार : महानगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को कार्यालय पर राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर बैठक की, जिसमें महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली में प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि महानगर कमेटी यात्रा में शामिल होगी। पीसीसी सदस्य योगेश जौहरी, मुकेश वाल्मीकि, मसूद अली पीरजादा, हाजी सुलतान, फिरोज खा, बब्बू भाई, दिनेश वाल्मीकि, इस्लाम खान, रफीक ठेकेदार, अफसार खान, मुजम्मिल हुसैन आदि मौजूद रहे। वहीं, इस दौरान न्याय यात्रा से संबंधित पत्रक पदाधिकारियों को दिए गए।

शासन की टीम के समझाने पर भी नहीं खाई दवा

बरेली, अमृत विचार : शासन की ओर से आई टीम ने शहरी क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का निरीक्षण किया। कुछ लोगों के दवा न खाने की बात सामने आने पर अधिकारियों ने काफी समझाया लेकिन वे नहीं माने। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया कि पीसीआई डा. विकास द्विवेदी व ज्वाइंट डायरेक्टर डेंगू डा. विकास सिंघल ने गुरुवार को शहरी क्षेत्र में फाइलेरिया अभियान का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बानखाना और स्वाले नगर में अभियान में मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के सहयोग की सराहना की। बानखाना और स्वाले नगर में करीब 300-350 लोगों के दवा खाने से इंकार के बारे में जानकारी मिलने पर टीम ने उन्हें काफी समझाया। इसके बाद भी इन लोगों ने दवा नहीं खाई। इसके लिए विभाग की ओर से शुक्रवार को भी दोनों इलाकों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार को शासन द्वारा नामित अधिकारी ब्लॉकों में निरीक्षण करेंगे। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों को माइक्रोप्लान, ब्लॉक प्लानिंग यूनिट मैप, एचआरजी लिस्ट, बूथ लिस्ट, मोबाइल टीम प्लान, ड्रग डिस्टीब्यूशन प्लान, आईईसी प्लान, आरआरटी इंफार्मेशन, ट्रेनिंग अटेंडेंस रजिस्टर, इवनिंग मीटिंग रिव्यू रजिस्टर, ब्लॉक एल फाईल विद हाइड्रोसील व लिम्फोडिमा केसेज समेत अन्य दस्तावेज तैयार करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

वेलनेस सेंटरों पर भी खिलाई जाएगी फाइलेरियारोधी दवा

बरेली, अमृत विचार : हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जाएगी। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले, इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में आने वाले मरीजों को भी फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जाएगी। संबंधित सेंटर के स्टाफ को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब तक 10 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरियारोधी दवा खिलाई जा चुकी है।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

विधि संवाददाता, बरेली : भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक लवलेश पाठक ने बताया कि कचहरी पर बृजक्षेत्र सहसंयोजक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद की समस्त तहसीलों में संयोजक व सहसंयोजक का मनोनयन, लोकसभा चुनाव में संगठन के सदस्यों व पदाधिकारियों की सक्रिय भूमिका निर्धारित करने के बाबत विचार किया गया। संजीव शर्मा, मनोज वाजपेई, धारा सिंह, मुनिराज सिंह, शरद शर्मा, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

फार्मासिस्टों की कमी से जूझ रहा यूनानी चिकित्सालय

बरेली, अमृत विचार : शहर में एक तरफ यूनानी मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है दूसरी तरफ जिले भर में यूनानी चिकित्सालयों में फार्मासिस्टों समेत अन्य स्टाफ की कमी बनी हुई है। इससे परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ. अब्बास अली खां ने बताया जिले में 9 यूनानी चिकित्सालय हैं। एक चिकित्सालय में एक डाक्टर, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय व सफाई कर्मचारी या चौकीदार की तैनाती का प्रावधान है। नौ डिस्पेंसरी में दस यूनानी डाक्टर हैं। वहीं फार्मासिस्ट केवल दो ही तैनात हैं। वार्ड ब्वाय के दस पदों में से केवल पांच ही भरे हैं। सफाई कर्मचारी कम चौकीदार के 6 पद हैं जिनमें से दो पद भरे हैं।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
मिलने का समय : सायं 5 से 8 बजे तक (नाइस क्लीनिक)
रेलवे फाटक सिसईया रोड, नियर मौर्य एग्री क्लीनिक केन्द्र, फरीदपुर, बरेली
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

बालिका से छेड़छाड़ के आरोपी को सात वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बालिका से छेड़छाड़ मामले में स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने सीबीगंज सहसिया हुसैनपुर निवासी संतोष को दोषी पाते हुए सात वर्ष कठोर कारावास व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। 50 हजार रुपये पीड़िता को बतौर मुआवजा दिये जायेंगे।

सरकारी वकील प्रवीन सक्सेना ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सीबीगंज में तहरीर देकर बताया था कि उनकी 11 साल की बेटी कक्षा पांच की छात्रा है। स्कूल जाते वक्त संतोष रास्ते में रोककर परेशान करता है।

19 मार्च 2019 को दो बजे बेटी स्कूल से घर आ रही थी तभी संतोष ने रोककर छेड़छाड़ की। वह शोर मचाती हुई भागी और घर पहुंचकर सारी बात बतायी। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किये।

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को जमानत नहीं

विधि संवाददाता, बरेली : किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी बहेड़ी के ग्राम उतरसिया निवासी राजवीर की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हरि प्रकाश गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी को एक अगस्त 2018 की सुबह 8 :30 बजे राजवीर अपने परिवार वालों के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया। राजवीर के परिजन जबरन बेटी की शादी राजवीर से करने का दबाव बना रहे थे। पुत्री को लौटाने को कहा तो गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। विवेचना में दुष्कर्म की पुष्टि होने पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी हुई।

युवक ने पत्नी को तेजाब डालकर चेहरा जलाने की दी धमकी, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज होने से नाराज युवक ने पत्नी को तेजाब से चेहरा जलाने की धमकी दी है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

▸▸ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज होने से नाराज है पति

जिला शाहजहांपुर के कुंवरगंज तिलहर निवासी मुस्कान गुप्ता ने बताया कि उनका विवाह महानगर कॉलोनी निवासी आदित्य गुप्ता उर्फ भरत के साथ हुआ था। दहेज उत्पीड़न पर उसने शाहजहांपुर में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 12 फरवरी को वह मां नीतू गुप्ता की दवाई लेने के लिए पीलीभीत रोड बरेली आई थीं। इसी बीच पति भरत गुप्ता आए और उनके साथ गाली-गलौज कर अभद्रता करने लगे। आरोप है कि इस दौरान भरत ने कहा कि अगर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा वापस नहीं लिया तो तेजाब डालकर उसका चेहरा जला देंगे। भीड़ जमा होने पर पति जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

युवक की आत्महत्या मामले में पत्नी समेत छह पर रिपोर्ट

बरेली/कैंट अमृत विचार : आईजी के आदेश पर पुलिस ने युवक की आत्महत्या के मामले में पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के भरतौल निवासी श्यामा चरन ने बताया कि उनके बेटे मुकेश की शादी करीब तीन साल पहले जिला भदोही के थाना चौरी के गांव निदुर निवासी लव कुश की बेटी सुहानी के साथ हुई थी। शादी के बाद सुहानी उनके बेटे को मायके में रहने के लिए मजबूर करती थी। जिस कारण घर में विवाद होता था। मुकेश सुहानी के साथ ससुराल में रहने लगा। यहां भी उनके बीच विवाद होता था। इसके बाद बेटा घर आ गया। ससुराली बेटे से पैसे की मांग करते थे। कई बार उसने पैसे भी भेजे। परेशान होकर उसने 29 अक्टूबर 2023 को आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उसने पत्नी सुहानी, ससुर लवकुश, सास बीनू देवी, बनारस के रहने वाले पंचू पब्बू, अर्जुन और पत्नी की बुआ के लड़के को मौत का जिम्मेदार बताया था। आईजी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर किया मंथन

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को विकास भवन में बैठक कर तैयारियों पर मंथन करने के साथ जिम्मेदारों को दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कानून व्यवस्था के साथ ही पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर कार्यवाही की जानकारी ली।

क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथों, पिछले लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन, गुंडा एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट के मामलों, धनराशि और सीजर समेत अन्य मामलों की समीक्षा की गई। सीसीटीवी कैमरा, कम्युनिकेशन प्लान, रूट चार्ट और परिवहन को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने पिछली बैठक में दिए गए आदेशों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जानकारी ली कि कर्मचारियों का डाटा फीडिंग का प्रमाण पत्र सभी विभागों ने दे दिया है या नहीं। पता लगा कि ग्राम पंचायतों में कैमरों की उपलब्धता नहीं है। जल्द ही कई एजेंसियों से कैमरों के किराये की रिपोर्ट लेकर आयोग को भेजने के निर्देश दिए। डीएम ने चुनाव में सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति करने के आदेश दिए। सीडीओ जग प्रवेश, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्र, एडीएम प्रशासन वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

विकास भवन में चुनाव व कानून व्यवस्था को लेकर बैठक करते डीएम रविंद्र कुमार।

▸▸ डीएम और एसएसपी ने बैठक में दिए निर्देश, सोशल मीडिया पर नजर रखने को कहा

एक माह में तीस शिकायतों का किया निस्तारण

बरेली, अमृत विचार : महिला कल्याण विभाग में पिछले एक माह में आईजीआरएस के माध्यम से 30 शिकायतें पहुंची। इनमें दो शिकायतें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व अन्य शिकायतें विधवा पेंशन से जुड़ी हैं। बताया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्री यशी अग्रवाल को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। रीता अग्रवाल पत्नी स्व. श्री पवन अग्रवाल निवासी गंगन विहार निकट तालाब वीर सावरकर नगर, बरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र करन गौतम को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। बृजेश गौतम व आशा गौतम निवासी उझानी, बदायूँ।

बिकाऊ है
एक प्लाट 611 गज मोहल्ला वाकरजई में जिसका मैं अकेला मालिक हूँ। वास्तविक खरीददार ही सम्पर्क करें।
विजय बहादुर सिंह
नि.मो. वाकरजई
मो.नं. 9838260328

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

लखनऊ की टीम ने वित्तीय समीक्षा बैठक में बजट खर्च की ली जानकारी

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सुविधाओं को और बेहतर करने और बजट खर्च की समीक्षा के लिए शासन की ओर से 18 मंडलों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। बरेली मंडल के नोडल अधिकारी एनएचएम के ज्वाइंट डायरेक्टर फाइनेंस डा. लक्ष्मण सिंह समेत लखनऊ से आई तीन सदस्यीय टीम ने गुरुवार को 300 बेड अस्पताल में वित्तीय समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन की ओर से दिए जा रहे विभिन्न मदों के बजट को लेकर जानकारी ली गई। डा. लक्ष्मण सिंह ने कहा कि जिन मदों पर खर्च कम हो रहा है, या जिन मदों की उपलब्धि कम है, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। वित्तीय बैठक में आशा भुगतान, वेंडर भुगतान, जननी सुरक्षा योजना, नसंबदी व परिवार नियोजन समेत अन्य योजनाओं में खर्च की जानकारी ली। एडी हेल्थ पुष्पा पंत, सीएमओ डा. विश्राम सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारियों की मौजदूगी रही।

एक नजर

दबंगों ने दंपती पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

भुता, अमृत विचार : बाइक से जा रहे दंपती को दबंगों ने रास्ते में रोककर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया जगरूप निवासी रामवीर पत्नी मीना देवी के साथ बाइक से भुता अपने घर अपने गांव जा रहा था, रास्ते में विलासनगर तिराहे के पास रामौतार उर्फ नन्हे, हरीश कुमार, व डीके निवासी विलासनगर ने मोटरसाइकिल के आगे आकर उन्हें रोक लिया और उनके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वे घायल हो गए।भुता पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की हैं।

पीएम आवास के पात्रों को सौंपी चाबियां

बहेड़ी, अमृत विचार : वसंत पंचमी के पर्व पर नगरपालिका परिषद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आश्रय योजना में शामिल किए गए पात्र गरीबों को आवास की चाबियां पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने सौंपी। इस अवसर पर मौजूद लोगों का मुह मीठा भी कराया गया। कार्यक्रम में अजय जायसवाल, अधिशासी अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह, जेई विपिन कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

स्कूल गई छात्रा को ले गया युवक, रिपोर्ट

भुता, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा को एक युवक बहला फुसला कर ले गया। परिजनों ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बेटी हाईस्कूल की छात्रा है जो स्कूल गई थी, जो घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने जाकर पूछताछ की तो पता चला की कक्षा 10 की छात्रा को छुट्टी दिलाने के लिए प्रधानाध्यापक के मोबाइल पर बहाना बनाकर यह कहकर फोन आया कि मैं उसका चाचा बोल रहा हूं ।उसकी चाची आई हुई है, वह उससे मिलना चाह रही हैं ।तभी अध्यापक ने उसे घर जाने के लिए छुट्टी दे दी। जब परिवार जनों ने उस नंबर की जानकारी निकाली तो वह थाना हाफिजगंज के सावरखेड़ा निवासी आदित्य उर्फ आदि गंगवार का निकला वो ही अपने साथ किशोरी छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। किशोरी के पिता एक तहरीर देकर उक्त युवक के विरुद्ध थाना भुता पुलिस ने ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। स्कूल गई छात्रा को बहला ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं।

दुकान से सामान चोरी पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के 424 सदर बाजार धोबी मोहल्ला निवासी राम सिंह ने बताया कि लालफाटक अंडरपास के निकट उनकी किराने की दुकान है। 12 फरवरी की शाम को वह दुकान में ताले लगाकर घर गए थे। मंगलवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो देखा दुकान के ताले टूटे हुए पड़े हैं। दुकान से इनवर्टर, बैटरा अन्य किराने का सामान समेत डेढ़ लाख रुपए का सामान चोरी हो गया। राम सिंह के मुताबिक पहले भी दुकान के ताले तोड़कर चोरी हो चुकी है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पड़ोसी दुकानदार ने उनकी दुकान के आगे पतरे लगाकर आड़ कर रखी है। इस वजह से चोर आसानी से चोरी करके ले गए। घटना की तहरीर मंगलवार को कैंट थाने में दी गई है। लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है।

बाइक और नकदी के लिए महिला को घर से निकाला

मीरगंज, अमृत विचार : शादी के बाद ससुराली विवाहिता से दहेज में बाइक और पचास हजार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे, उसके असर्थता जताने पर आरोपियों ने उसके जेवर और कपड़े छिनकर उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता मीरगंज क्षेत्र के गांव तिलमास की रहने वाली चन्द्र किरन ने बताया कि उसकी शादी हिन्दू रीति से रिवाज नौ माह पहले संजय कुमार निवासी गांधी नगर उर्फ गदइया थाना केमरी तहसील मिलक जिला रामपुर से हुई थी ।शादी के बाद से ससुराली उस पर दहेज में अतिरिक्त बाइक और पचास हजार नकदी की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने पति समेत अन्य ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

भाई के साथ प्रवेश पत्र लेने जा रहे छात्र को ट्रक ने रौंदा

छात्र को टक्कर मारने के बाद फरार हुए ट्रक ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने भाई की तहरीर पर लिखी रिपोर्ट

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : भाई के साथ बाइक से प्रवेश पत्र लेने जा रहे हाईस्कूल के छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं ट्रक को कब्जे में लेकर मृतक के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की।

मृतक छात्र।

थाना क्षेत्र के ग्राम केरशादी निवासी दानवीर ने बताया कि वह छोटे भाई बिजनेश (16) को बाइक से लेकर फरीदपुर के छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज जा रहा था, उसे बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेना था। गुरुवार दोपहर करीब 1:00 बजे नगर के बीसलपुर रोड धर्मेंद्र गैस एजेंसी गोदाम के सामने ट्रक के चालक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पीछे बैठा उनका भाई बिजनेश ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी कुचलकर मौत हो गई । हादसे के बाद चालक ईंटो से भरा ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हादसे की सूचना गांव में पहुंचने पर कोहराम मच गया। मृतक अपने पांच भाइयों में चौथे नंबर का था।

ईंट लदे ट्रक की टक्कर से छात्र की मौत की बाद मौके पर जुटी भीड़ और जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

बहेड़ी में गन्ना लदे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की जान गई

बहेड़ी, अमृत विचार : शीशगढ़ मार्ग पर गन्ने से भरे एक ट्रक की आमने सामने कि टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर गई पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। हादसा गुरुवार शाम पांच बजे का बताया जा रहा है। गांव दौलतपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह का बेटा धर्मेंद्र सिंह (35) बाइक से बहेड़ी से अपने घर जा रहा था। गांव से कुछ दूर पहले एक ईंट भट्टे के निकट मोड़ पर सुल्तानपुर गन्ना सेंटर से गन्ना लादकर आ रहे एक ट्रक से सामने से टक्कर हो गई। ट्रक के टायर ऊपर से गुजर जाने के चलते धर्मेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों को हादसे की सूचना मिली तो वे रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। जवान मौत पर, हर शख्स गमजदा था। परिजनों की चीखें लोगों का दिल दहला रही थीं।

एक्सीडेंट जोन बना है दौलतपुर के निकट तीव्र मोड़ : शीशगढ़ मार्ग पर गांव दौलतपुर के निकट जिस मोड़ पर धर्मेंद्र की मौत हो हुई, वह मोड़ एक्सीडेंट जोन होता जा रहा है। दौलतपुर निवासी चौधरी सम्राट सिंह के अनुसार, मोड़ के आसपास सड़क किनारे बड़े पेड़ों और घनी झाड़ियों की वजह से दूसरी तरफ से आने वाले वाहन दिखाई ही नहीं देते इसके चलते दुर्घटनाएं हो जाती हैं। पूर्व में यहां कई घटनाएं हो चुकी हैं। चोटिल तो न जाने कितने लोग हुए हैं पर पीडब्ल्यूडी या वन विभाग के किसी जिम्मेदार ने पेड़ों की छटाई तो दूर तीव्र मोड़ को लेकर कोई सूचक तक नहीं लगाया है जिससे लोग सजग हो सकें।

भूता में गन्ना लदी ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

भुता, अमृत विचार : गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे का इलाज जारी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भुता थाना क्षेत्र के गांव चकरपुर के रहने वाले किसान वेदराम (40) बुधवार शाम लगभग 7 बजे बाइक से शीलेंद्र यादव के साथ गांव अठायन की ओर जा रहे थे, बाइक शीलेंद्र चला रहा था। रास्ते में फरीदपुर बीसलपुर मार्ग पर कुआडांडा की ओर जा रही गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्राली से कंजाचकरपुर अठायन के बीच आमने-सामने बाइक में टक्कर लगने से वेदराम यादव की मौके पर ही मौत हो गई है । वहीं शीलेंदर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। अचानक हुई वेदराम की मृत्यु पर उसके घर परिवार में भारी कोहराम मचा हुआ है।

किसानों का एलान, लोकसभा चुनाव में दबाएंगे नोटा का बटन

संवाददाता, आंवला

- इफको प्रबंधन के वादा खिलाफी पर सात दिन से प्रदर्शन कर रहे किसान
- किसी जन प्रतिनिधि के नहीं पहुंचने पर भी जताई नाराजगी

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में किसान भूदाताओ को रोजगार दिलाने को लेकर बीते सात दिनों से तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे है। किसान संगठन ने धरना को उग्र रुप देने के लिए जनपद के संगठन पदाधिकारी बुलाकर पंचायत की। किसानों ने आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी दल को वोट न देकर नोटा का बटन दबाने और 22 फरवरी को महापंचायत करने की घोषणा की। संगठन ने अपनी मांगों को लेकर नायब तहसीलदार आंवला शोभित चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने गुरुवार की दोपहर शुरु की पंचायत में इफको अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। किसानों ने कहा छुट्टा गोवंशों से किसान परेशान हैं। किसानों के ऊपर गोवंश हमला कर रहे हैं। जिससे किसानों की जान जा रही है। प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। किसान नेता ओमशंकर सक्सेना और ऊदल सिंह वर्मा ने कहा इफको में रोजगार पाने के लिए भूदाता 13 माह तक धरना प्रदर्शन करते रहे। अब भी धरना दे रहे हैं। उनकी समस्या को सुनने अथवा हालचाल जानने कोई जनप्रतिनिधि नहीं आया।

इफको की स्थापना कांग्रेस के शासनकाल में हुई थी। तबसे कांग्रेस, सपा, बसपा, भाजपा की सरकारें रहीं हैं। किसी भी दल ने उनकी नहीं सुनी। किसानों ने एलान किया आगामी लोकसभा चुनाव में किसान किसी भी दल के पक्ष में वोट न करके नोटा का बटन दबाने का काम करेंगे। संगठन प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह ने बताया कि पंचायत में धरने को उग्र बनाने की प्रक्रिया चल रही है। 22 फरवरी को महापंचायत की जायेगी। जिसमें संगठन पदाधिकारी समेत 16 गांव के भूदाता परिवार की महिलाओं के साथ धरने में शामिल होंगे। किसानों ने एसडीएम, तहसीलदार की अनुपस्थिति में ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान महाराज सिंह यादव, पंकज शर्मा, शिशुपाल सिंह, वीर सिंह समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार आंवला को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

विवाहिता को मारकर फंदे पर लटकाने का आरोप

संवाददाता, रिठौरा

अमृत विचार : दहेज के लिए ससुरालियों ने एक विवाहिता को मारकर फंदे पर लटका दिया यह आरोप लगाते हुए मृतका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिठौरा पुलिस चौकी पर ढकिया थाना देवरनियां के नारायनदास ने लिखित शिकायत कर आरोप लगाया है। उसने बेटी सुमन (24) का विवाह 6 वर्ष पूर्व मोहल्ला धर्मपुर के नेत्रपाल कश्यप से किया था। विवाह में अपनी हैसियत से दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराली दहेज से खुश नहीं थे, उसे दहेज में एक लाख नकद, सोने की चैन, अंगूठी के लिए प्रताड़ित करते थे। उसने बताया कि जब बेटी अपनी पीड़ा बताती तो मैं जाकर उसके ससुरालियों को समझाता था, लेकिन वे अपनी जिद पर अड़े रहे अंत में बुधवार को उसे मारकर फंदे पर लटका दिया।

पीड़ित ने बताया कि बुधवार शाम दामाद ने फोन करके बताया आपकी उसके पेट में दर्द उठा जब तक दवा लेने गए उसकी मौत हो गई है। यह सुनकर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। जब हम लोग पहुंचे तो उसका शव जमीन पर पड़ा था। पड़ोसियों ने बताया कि उसे फंदे से उतारकर जमीन पर लिटाया गया था। उसके गले में रस्सी के निशान साफ दिखाई दे रहे थे।

मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर थानाध्यक्ष संजय कुमार, नायब तहसीलदार विदित कुमार, चौकी चौकी प्रभारी सौरभ यादव आदि ने मौका-मुआयना कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर नेत्रपाल पति, पोशाकी लाल ससुर, चन्द्रकली सास, फूला देवी ननद के खिलाफ थाना हाफिजगंज में मुकदमा दर्ज किया गया है।

- छह साल पहले हुई थी प्रीति की शादी, दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित

रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे आठ लाख

संवाददाता, मीरगंज

- डीआरएम ऑफिस में नियुक्ति पत्र दिखाने पर खुला भेद, छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमृत विचार : रेलवे में नौकरी लगवाने नाम पर छह लोगों ने एक युवक से आठ लाख रुपये ठग लिए, जब पीड़ित ने डीआरएम आफिस में नियुक्त पत्र दिखाया तो फर्जीवाड़ा का पता चला। जिसकी उसने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस जांच के नाम पर उसे टरकाती रही। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली, न्यायालय के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने सूर्य प्रकाश गंगवार उर्फ विनीत, योगेन्द्र गंगवार उर्फ छोटू, सुधा गंगवार, रमेश चन्द्र गंगवार निवासी ग्राम सुनारखेड़ा थाना कैमरी जनपद रामपुर हाल निवासी रुद्रपुर थाना ट्राजिंट कैम्प जनपद उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड, अमित यादव और अजय यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

मीरगंज के गांव सिमरिया निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसके पारिवारिक संबंध सूर्यप्रकाश गंगवार, उसके घर वालों से उसकी पहचान थी, उसने जून 2019 में कहा कि तुम्हारी नौकरी रेलवे में लगवा सकता हूं तुम्हे आठ लाख रुपये खर्च करने होगें। विश्वास दिलाने के लिए अजय यादव और अमित यादव से बात कराई और कहा कि यह गोरखपुर रेलवे में बड़ी पोस्ट पर हैं। इसके बाद 22 अगस्त 2019 में प्रार्थी ने अपने घरवालों से पांच लाख रुपये लेकर दे दिये। इसके बाद आरोपियों ने बताया कि दो-तीन महीने में प्रशिक्षण पत्र आ जाएगा। इसके बाद 15 दिसंबर 2019 को उसे एक कूटरचित नियुक्ति पत्र दिए जिस पर 2 मार्च 2020 से गोरखपुर में ट्रेनिंग होना लिखा था। इसके बाद उससे शेष रुपये ले लिए।

वकीलों ने आंवला इंस्पेक्टर को घेरा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : अधिवक्ताओं ने इंस्पेक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाकर थाने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता एवं भाजपा जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ इंद्रभान सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला चमन बगिया नई बस्ती निवासी 18 वर्षीय मुजाहिद की 26 दिसंबर को टेंपो से रेलवे स्टेशन जाने के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर के बाद मौत हो गई थी, जिसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज है। इस मामले में वादी और प्रतिवादी में समझौता हो गया। उन्होंने इस मामले में विवेचक से मिले और समझौते के अभिलेख मांगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिलेख देखते ही इंस्पेक्टर क्रोधित हो गए। अभिलेख ले जाने की कहकर अभद्रता करने लगे। आरोप लगाया कि इंस्पेक्टर ने उनके रहते थाने में न घुसने और थाने से चले जाने को कहा। साथ ही इंस्पेक्टर ने कभी भी झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। अधिवक्ता ने घटना से संबंधित शिकायत आंवला बार एसोसिएशन को दी गई। जिसको लेकर अधिवक्ता एकत्रित हुए और थाने जा पहुंचे अधिवक्ताओं ने इंस्पेक्टर का घेराव कर विभिन्न आरोप लगाए। अतुल सिंह एडवोकेट ने कहा कि उनके सामने एक अधिवक्ता का फोन आने पर इंस्पेक्टर ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। अधिवक्ताओं ने इंस्पेक्टर पर मनमानी का आरोप लगाए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अगरपाल सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर की कार्यशैली अधिवक्ताओं के प्रति ठीक नहीं है। इस संबंध में बार एसोसिएशन उच्च अधिकारियों से मिलकर इंस्पेक्टर का स्थानांतरण कराने की मांग करेगी।

वहीं इंस्पेक्टर आंवला राजकुमार शर्मा ने बताया कि कुछ अधिवक्ता निजी स्वार्थ को लेकर उनके ऊपर गलत आरोप लगा रहे हैं। उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।

आंवला इंस्पेक्टर का घेराव करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- अधिवक्ताओं ने इंस्पेक्टर पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

छुट्टा पशुः कोशिशें तमाम फिर भी समस्याएं बरकरार

संवाददाता, शेरगढ़

अमृत विचार : निराश्रित गोवंशीय पशु बहुत समय से लोगों के लिए मुसीबत बनें हुए हैं। किसानों की रखवाली के बाद भी छुट्टा पशु किसानों की फसल को चट कर जा रहे हैं। अधिकारियों की तरफ से तमाम को कोशिश की जा रही है, लेकिन कोई स्थाई हल नहीं निकल पा रहा है। ब्लाक की शरीफनगर एवं नगर पंचायत की मानपुर पूर्वी गांव में गोंशालाएं क्रियाशील हैं जबकि म्यूढ़ी बुजुर्ग गांव में नंदी गोशाला का निर्माण अंतिम चरण में है। यहां पशुओं रखना शुरू कर दिया गया है, लेकिन बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण नंदी भाग जाते हैं। वहीं दूसरी ओर गोशाला में केयरटेकर एवं भूसा प्रबंधन के लिए रूम भी नहीं है। ब्लाक की 89 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र दो गोशालाएं पशुओं को संरक्षित करने में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही हैं। खेत खलिहान के साथ ही गांवों में भी छुट्टा पशु विचरण कर रहे है। बर्बाद फसल देखकर किसानों के आंखों से आंसू निकल रहे हैं।

गेहूं की फसल को उजाड़ने में जुटे गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

> प्रत्येक न्याय पंचायत में गोशालाओं के निर्माण का प्रयास है। राजस्व विभाग की ओर से निर्विवाद भूमि उपलब्ध न कराने के कारण गोशालाओं का निर्माण नहीं हो पा रहा है। गोशालाओं के लिए भूमि की व्यवस्था होते ही निर्माण कार्य कराया जा सकेगा।
> – **सीपी पांडेय**, बीडीओ शेरगढ़

सरकारी जमीन से तीन पेड़ काट ले गए चोर

क्योलाड़िया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव मधु नगला के पश्चिम दिशा में कैलाश नदी बह रही है। नदी के उस पार से ग्राम डाडिया को जाने के लिए 1 किलोमीटर दूरी तक कच्चा चकरोड है, इसके दोनों ओर करीब 30 -35 साल पुराने सिरसा, नींम, शीशम आदि के पेड़ खड़े थे। यहां नदी पर पुल नहीं है, इस कारण इस रास्ते से यातायात बहुत काम रहता है। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ लोगों ने अधिकारियों से साठगांठ गुरुवार सुबह से ही दर्जनों लोगों ने पहुंचकर पेड़ कटान शुरू कर दिया। इसकी जानकारी किसी तरह ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी तो जैसे तैसे घंटो बाद कटान को रुकवाया गया। तब तक आरोपी तीन पेड़ काट चुके थे। मगर समाचार लिखने तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी, जिससे ग्रामीणों में रोष है। करीब 6 माह पूर्व रक्षाबंधन वाले दिन भी इन पेड़ों को काटने के लिए दर्जनों लोग औजार लेकर आए थे, ग्रामीणों ने तुरंत ही पुलिस बुलवाकर पेड़ों को बचाया था।

सार-संक्षेप

मोबाइल पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

रिठौरा, अमृत विचार : निहाल -श्याम डिग्री कॉलेज बरकापुर में गुरुवार को छात्रों को मोबाइल दिया गया, मोबाइल पाकर छात्र काफी खुश नजर आए। सभागार में आयोजित बीए, बीएससी, बीकॉम अन्तिम वर्ष के 63 छात्र -छात्राओं को रिठौरा चेयरमैन शकुंतला देवी के प्रतिनिधि अमित गुप्ता, धनपाल सिंह, हिन्दु जागरण मंच के नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा राजीव उर्फ लव-कुश साहू ने वितरित किए ।इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष बीएल वर्मा, सचिव जितेन्द्र पाल सिंह, निर्देशिका प्रीति सिंह, प्राचार्य डॉक्टर सीएम गंगवार, उदय गुप्ता, डॉक्टर विनीता सिंह, शीतल शर्मा, मोहित कुमार सक्सेना, अंजनी कुमार, ओमप्रकाश, जितेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, मंजू गंगवार, सचिन पटेल आदि स्टाफ मौजूद रहा।

अभियान चलाकर लोगों को भाजपा से जोड़ रहे नेता

बहेड़ी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा गांव चलो अभियान से लोगों को पार्टी से जोड़ रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा के राजन गुप्ता, सुनील रस्तोगी, त्रिवेणी लाल गंगवार, सूर्या कुर्मी व तुलाराम गंगवार सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने मोहल्ला गौंटिया सिंह, जाजूनागर व केशवपुरम आदि स्थानों पर डोर टू डोर लोगों से संपर्क किया और सरकार की उपलब्धियों को बताकर भाजपा से जुड़ने की अपील की। राजन ने बताया कि लोगों में पार्टी के प्रति काफी रूझान बढ़ रहा है और वे अभियान को हाथों हाथ ले भी रहे हैं। लोगों का स्वत: आगे बढ़ कर पार्टी के लोगों की बात सुनना उनके मन की बात उजागर कर रहा है।

प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों का किया सम्मान

मीरगंज, अमृत विचार : श्रीमती कमला देवी मेमोरियल इंटर कालेज हुरहुरी में इंटर के छात्रों को कक्षा 11 के छात्रों ने विदाई समारोह आयोजित किया। की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज की प्रबंध समिति ने विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में अंकुश कुमार को मिस्टर फेयरवेल और काजल को मिस फेयरवेल चुना गया। उत्तर प्रदेश ब्लॉक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सचिन मुरारी शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा कोषाध्यक्ष ज्ञान स्वरूप गंगवार ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। विदाई समारोह में कॉलेज के अध्यक्ष वेदराम गंगवार, प्रबंधक प्रेमपाल सिंह, टिंकू गंगवार, अवधेश कुमार, लक्ष्मीकांत इत्यादि उपस्थित रहे।

कार और नकदी के लिए महिला को घर से निकाला

कैंट, अमृत विचार : ससुरालियों ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया, पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। नकटिया क्षेत्र के जयंत कॉलोनी निवासी ज्योतिका शर्मा ने बताया कि उसकी शादी 12 दिसंबर 2018 को संभल के थाना हयात नगर के गांव शेरपुर निवासी पुनीत शर्मा से हुई थी। शादी में उसके पिता ने 16 लाख खर्च किए थे। लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। पति पुनीत शर्मा, ससुर लक्ष्मी नारायण शर्मा, सास मुन्नी देवी, जेठ निर्दोष शर्मा, जेठानी रीना शर्मा, ननद रजनी शर्मा व अंजू शर्मा, ननदोई थानेश्वर शर्मा व अभिषेक कौशिक, मौसिया सास बबीता शर्मा व एक अन्य व्यक्ति आए दिन कम दहेज का ताना देकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। मायके से 5 लाख नकद व एक कार लाने की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर बुरी तरह मारपीट करते थे। 13 सितंबर 2023 को उसके साथ मारपीट की, उसने कमरे में बंद होकर जान बचाई। पीड़िता ने इसकी शिकायत आईजी से की। उनके निर्देश प कैंट पुलिस ने बुधवार को पति समेत 11 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चेयरमैन ने छात्रों को मोबाइल वितरित किए

मीरगंज, अमृत विचार : चेयरमैन योगेंद्र यादव ने गुरुवार को राजेंद्र प्रसाद पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. सुमन कुमार के साथ स्नातक के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने छात्रों को शैक्षणिक उन्नति व तकनीकी रूप से सशक्त होने के लिए स्मार्टफोन के सार्थक प्रयोग की सीख दीं। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से ग्राम चुरई दलपतपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का उदघाटन किया। प्रो. सुमन कुमार शर्मा ने विशेष शिविर के उद्देश्यपूर्ण सफलतम क्रियान्वयन के लिए कामना की। इस मौके पर प्रो. बीके बिष्ट डॉ. फाइज डॉ. आतिफ, डॉ. मनोज, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. शिव प्रताप समेत अन्य मौजूद रहे।

दबंगों ने पिता पुत्र और बहू से की मारपीट, रिपोर्ट

क्योलड़िया, अमृत विचार : खेत की सिंचाई करने गए पिता- पुत्र और बहू से दबंगों ने घेरकर मारपीट की, घायलों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई ।वहीं पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बरेली भेजा ।क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव नवादा इमामाबाद के मूंगा लाल बेटे राकेश के साथ गुरुवार को खेत पर सिंचाई को गए थे गांव के ही दबंग भूपराम, सोहनलाल , रामकुमार उर्फ गोधन लाल, कृष्ण पाल, हरीश कुमार ने घेरकर दोनों से मारपीट की, बचाने पहुंची गर्भवती बहू से भी मारपीट की। महिला की पीटाई से पेट में दर्द रूकने का नाम नहीं ले रहा। वहीं ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला की हालत नाजुक बताई जा रही हैं। पीड़िता ने थाने पहुंचकर नाम जद तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर। घायलों को इलाज के लिए बरेली भेज दिया।

भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

रिठौरा, अमृत विचार : थाना इज्जतनगर के गांव मुंडिया अहमदनगर के खेड़ा में शिव मंदिर पर गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आरंभ हुई। प्रथम दिवस की कथा से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली गई। कथा वाचक जगपाल शास्त्री , सात दिनों तक श्रद्धालुओं को भागवत के विविध प्रसंग सुनाएंगे, इसके बाद विशाल भंडारा होगा। कथा में परीक्षित बलवंत यादव और जोगेंद्र यादव ने सारे अनुष्ठान कराया। इस पुनीत कार्य में बुधपाल यादव , सत्यपाल यादव, दिलीप यादव, डॉ.पप्पू यादव, दुर्विजय यादव, हरीश यादव, रंजीत यादव समेत आदि का सहयोग रहा ।

11वीं के छात्रों ने सीनियरों को दी विदाई

मीरगंज, अमृत विचार : केएसजी इंटर कॉलेज में 12वीं कक्षा के छात्र -छात्राओं का विदाई दी गई ।दीप प्रज्वलन विद्यालय के प्रबंधक रामपाल गुप्ता, उपप्रबंधक केतन गुप्ता, पीयूष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य सुबोध सिंह चौहान, सुदेश पाल तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। निश्चय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

प्रशासन का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी

नवाबगंज , अमृत विचार : ग्रामों में चकमार्ग और सरकारी भूमियों पर कब्जों की शिकायतें बहुतायत में आने पर राजस्व विभाग सक्रिय हो गया है ।तहसीलदार आशीष कुमार सिंह के निर्देशों पर आज राजस्व टीमों ने ग्रामों गूला डांडी, धिमरी व मकरन्दपुर में चकमार्गों पर खड़ी गेहूं की फसल जुतवा कर अवैध कब्जे हटवाकर चकरोड खुलवा दिए ।

एक नजर

दो पक्षों में हुई मारपीट, 7 लोग घायल, रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : रंजिशनदो पक्षों मे लाठी-डंडे और सरिया चलीं। एक पक्ष ने फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। मारपीट में दोनों पक्षों के 7 लोग घायल हो गए। दोनों ने एक दूसरे पर लगाकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कनगांव निवासी श्याम सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 7 बजे गांव के ही प्रदीप, करन, अन्नू, बिल्सी बदायूं के गांव सतेती निवासी विशाल ने घर में घुसकर मारपीट की। उसकी पत्नी अमरवती को राड और विकास, बॉबी को तमंचे की बट से पीटा। आरोपी फायर करते हुए फरार हो गए। वहीं अर्जुन सिंह ने बताया कि रंजिशन गांव के ही बॉबी, विकास, श्याम सिंह ने उसके भाइयों को दी। विरोध करने पर लाठी, डंडे, सरिया आदि से मारपीट की। जिससे उसके भाई प्रदीप, करन, दीपक, और साला विशाल घायल हो गए।

सैलून एसो.के प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

बरेली, अमृत विचार : शहर पहुंचे सैलून एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सविता का पदाधिकारियों ने स्वागत किया। उन्होंने गुरुवार को तुलाशेरपुर स्थित शादी हाल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 37 जिलों में संगठन के माध्यम से सैलून के काम से जुड़े लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर कारीगरों को लाभ दिलाया जा रहा है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद 15 हजार रुपये सैलून के औजार खरीदने के लिए दिए जा रहे हैं। प्रदेश महामंत्री तेज बहादुर ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। प्रदेश महासचिव बहादुर नंदवंशी, जिलाध्यक्ष विक्की श्रीवास्तव, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार, आसिफ सलमानी, खलीक अहमद, लियाकत सलमानी, राम निवास श्रीवास्तव मौजूद रहे।

विष्णु बाल सदन में मना वार्षिकोत्सव

बरेली,अमृत विचार : नरकुलागंज स्थित विष्णु बाल सदन में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और विधायक संजीव अग्रवाल ने की। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पार्षद गरिमा अग्रवाल, विद्यालय अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, प्रबंधक सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, प्रेम शंकर अग्रवाल, सुधीर कुमार अग्रवाल, संजय गोयल, शशिकांत मोदी आदि उपस्थित रहे।

लखीमपुर खीरी में थाने से 50 कदम दूर किसान पर धारदार हथियार से हमला, मौत

पुलिस ने जानवरों के हमले में मौत का दावा कर किसान की पत्नी को ही हिरासत में ले लिया

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ ग्रामीणों ने थाने में हंगामा काटा तो हालात बेकाबू होते हुए किसान की पत्नी को छोड़ा

अमृत विचार: थाना नीमगांव से 50 कदम दूर खेत की रखवाली कर रहे किसान शिव प्रसाद की बुधवार की रात धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह शिव प्रसाद का शव खेत में ही बनी मड़ैया में खून से लथपथ मिला।

शिव प्रसाद

उनके चेहरे और पैरों पर गहरे जख्म थे। पत्नी ने धारदार हथियार से हत्या की बात कही तो पुलिस किसी जानवर के हमले में मौत होने का दावा करने लगी और अपनी बात सही साबित करने के लिए किसान की पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस करतूत से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने में हंगामा काटा। बवाल होने पर पुलिस ने किसान की पत्नी को छोड़ा। नीमगांव कस्बा निवासी शिव प्रसाद (45) का थाना नीमगांव के भवन से सटा हुआ खेत है। खेत में मड़ैया बनी है। वह रोज गोवंशों से खेत की रखवाली करने के लिए रात में जाते थे। बुधवार की शाम खाना खाकर खेत पर गए थे। घटना की जानकारी सुबह तब हुई, जब वह घर नहीं पहुंचे। परिवार के लोग खेत पर गए तो देखा उनका मड़ैया में खून से लथपथ शव पड़ा था। शव चारपाई से नीचे पड़ा था। जैकेट टंगी थी। चारपाई और जैकेट पर खून के धब्बे भी नजर आ रहे थे। थाने के पास हत्या की खबर से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए। सूचना मिलने के करीब पौन घंटे बाद एसओ श्रद्धा सिंह पहुंचीं। मृतक की पत्नी उर्मिला मिश्रा ने धारदार हथियार से हत्या की बात कही तो उसी समय पुलिस ने उन्हें ही हिरासत में ले लिया।

पानी के विवाद में भाइयों में खूनी संघर्ष, भतीजे की हत्या

सोरोंजी। सबमर्सिबल से खेत में पानी लगाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद दो सगे भाइयों में ऐसा विवाद छिड़ा कि खूनी संघर्ष में एक जान चली गई। सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव एवनपुर ताखरू में बड़े भाई पहले छोटे भाई के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद बचाव में आए छोटे भाई को भी गोली मार दी। जिससे छोटा भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार दोपहर की है। गांव एवनपुर ताखरू निवासी वीरेश और अवधेश भाई हैं। इसमें वीरेश बड़ा तो अवधेश छोटा है। दोनों भाइयों के बीच सबमर्सिबल से खेत में पहले अपने खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई। तब मामला शांत हो गया। थोड़ी देर बाद अवधेश का बेटा राघवेंद्र खेत पर गया तो वीरेश से उसकी कहासुनी होने लगी। विवाद इतना गरमा गया कि वीरेश ने भतीजे राघवेंद्र को लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। गोली राघवेंद्र के सीने में लगी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वीरेश ने बचाव में पहुंचे छोटे भाई अवधेश को गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एएसपी जितेंद्र दुबे ने बताया कि पानी लगाने एवं ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद हुआ था। एक की मौत हुई है। जांच की जा रही है।

दहेज न देने पर महिला की हत्या की कोशिश

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला की गला दबाकर हत्या की कोशिश की गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 11 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

रामगंगानगर कॉलोनी निवासी क्रांति देवी ने बताया कि फरवरी 2014 में उनकी शादी गांव शिमरा अजूबा बेगम निवासी मुकेश कुमार से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति मुकेश और उसके परिजन कार और ढाई लाख के लिए प्रताड़ित करन लगे। जून 2023 में उसे आग में जलाकर मारने की कोशिश की थी। इसकी रिपोर्ट भी क्रांति ने दर्ज कराई थी। इसके बाद समझौता हो गया। आरोप है कि 12 फरवरी को तीसरी बार पति मुकेश ने उनकी गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। पुलिस ने पति मुकेश, धनपाल, ओमप्रकाश, सुनीता देवी, महेश कुमार, ज्योति, रितेश, गुड्डी, मिथलेश, ब्रजेश व अशोक समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

सीनियर छात्रों ने जूनियरों को दी विदाई

भुता, अमृत विचार : कस्बे के गजनेरा रोड पर स्थित जीटीआर इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी पर प्रबंधक टीआर गंगवार ने पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विद्यालय के जूनियर छात्र छात्राओं ने सीनियरों उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवल रोहित गंगवार और मिस फेयरवेल कुमारी अंजलि को चुना गया, इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे।

समाजसेवियों ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : कस्बा फतेहगंज पश्चिमी में नूरी वेलफेयर ट्रस्ट ने गरीबों और जरूरतमंदों को नए कपड़े बांटे। सप्ताहिक बाजार में सुबह से लेकर शाम तक जरूरतमंदों को गर्म कपड़े बांटे गए। समाजसेवियों ने बताया कि लगभग 500 जोड़ी गर्म कपड़े बांटे गए। कपड़े ले जाने वाली महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने संस्था के लोगों को दुआएं दी। इस मौके पर ट्रस्ट के फाउंडर हाजी जहीर अहमद अंसारी, हाफिज जाकिर हुसैन, मौलाना राशिद रज़ा मरकजी, सभासद वसीर अहमद, सोनू सिद्दीकी, नवैद कादरी, हबीब भाई, ताज मोहम्मद, हाफिज अब्दुल खालिद, रिजवान अंसारी, नाजिम भाई, शोएब रिजवी, मौलाना राशिद रजा मरकजी, हाजी जहीर अहमद अंसारी, हाफिज जाकिर हुसैन, हबीब भाई, सोनू सिद्दीक़ी, बसीर अहमद सभासद, नाबेद अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर जोर

शेरगढ़,अमृत विचार : ब्लाक संसाधन केंद्र डेलपुर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित चार दिवसीय आधारभूत शिक्षक प्रशिक्षण में बच्चों की बुनियादी शिक्षा की मजबूती पर जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए सतत मूल्यांकन जरूरी है। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को बुनियादी शिक्षा की मजबूती का पाठ पढ़ाया ताकि प्रशिक्षण उपरांत स्कूलों में जाकर शिक्षक बच्चों के मन से भाषा एवं गणित का हौआ खत्म कर उन्हें वास्तविक ज्ञान से जोड़ सकें। प्रशिक्षक ओम सक्सेना, योगेंद्र यादव, नीरज कुमार, राजीव शर्मा, गौरव कुमार शर्मा ने कहा कि आधारभूत कौशलों के माध्यम से बुनियादी शिक्षा को मजबूती प्रदान कर छात्र-छात्राओं में पढ़ने की गहरी समझ विकसित की जा सकती है। इस अवसर पर मीनाक्षी तिक्खा, पंकज कुमार शर्मा, संगीता राठी, वैशाली सिंह, शास्वत तिवारी आदि समेत शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

समाज हित में अभाविप की भूमिका हमेशा से अग्रणी

बहेड़ी, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्र के निर्माण में शुरू से ही उल्लेखनीय भूमिका रही है। छात्र जीवन से ही अनुशासित रहकर देश व समाज हित में काम करने की जो भावना इससे जुड़े कार्यकर्ताओं में जन्म ले लेती है। आज जरूरत इस बात की है कि अधिक से अधिक छात्र अभाविप से जुड़ कर राष्ट्र के लिए अपना योगदान दें। ये बातें बतौर मुख्य अतिथि मोहल्ला जाजूनागर स्थित एक शादी हाल में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार ने कहीं। विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने अभाविप कार्यकर्ताओं की कार्यशैली की तारीफ की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. भूपेंद्र सिंह ने अभाविप की स्थापना से लेकर अब तक देव व समाज हित के लिए किए गए उल्लेखनीय कामों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम में आए छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तार से बताया। जिला संयोजक प्रद्युम्न गंगवार ने कार्यक्रम की भूमिका और विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अतुल गर्ग ने की। इस मौके पर अभाविप के नितिन माहेश्वरी, शिवांगी गंगवार, प्रदीप चौधरी, अरुण गंगवार, योगेश शर्मा, राहुल, रजनीश, सोनू, सौरभ व दिव्यांश सहित सैकड़ों अन्य मौजूद रहे।

समाजवादी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष बने अविनाश

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के छात्रनेता फरीदपुर निवासी अविनाश मिश्रा को समाजवादी छात्रसभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अनुमोदन के बाद समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाह ने इसकी घोषणा की। अविनाश के मनोनयन पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। वहीं, कई वर्षों से समाजवादी छात्र सभा से जुड़े सय्यद फरहान अली को सछास का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

मां सरस्वती का पूजन और भंडारा किया

बरेली,अमृत विचार : वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में श्री कष्टभंजन हनुमत देव ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को आईएमए हाल में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद किशोर श्रीवास्तव ने मां सरस्वती का पूजन कराया। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने महाआरती की। सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारा भी हुआ। पूजा प्रियदर्शनी, अपुल श्रीवास्तव, अनूप सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

यात्री शेड पर पेड़ गिरने से बच्चा दबकर घायल

गुलड़िया, अमृत विचार : अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव भजनाई में गुरुवार दोपहर लगभग 1 बजे कोलतार का डंपर आया था। डंपर पाकड़ से टकरा गया, जिससे वह यात्री शेड पर गिर गया। मलबे में अंकित कुमार (12) दब गया, मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन फानन में मलबे को हटाकर उसे निकाला और इलाज के लिए बरेली ले गए। अंकित कुमार के पिता कुंवर पाल उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यात्री शेड 1995 में बना था, जो की काफी पुराना होने के कारण जर्जर हो गया था।

संदिग्ध क्षय रोगियों की आशाएं कराएंगी जांच

बरेली, अमृत विचार : जिले में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. केसी जोशी ने क्षय रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आशाएं फाइलेरिया, कुष्ठ के साथ संदिग्ध क्षय रोगियों को चिह्नित कर जांच कराएंगी। पुष्टि होने पर मरीजों को आशाएं जिला क्षय रोग कार्यालय में पंजीकरण कराएंगी। योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए क्षय रोगियों को निक्षय पोर्टल पर निक्षय आईडी भी बनाई जा रही है।

साप्ताहिक बंदी को लेकर एसडीएम उतरे सड़क पर

नवाबगंज, अमृत विचार : जिलाधिकारी और श्रम उपायुक्त की ओर से साप्ताहिक बंदी को लेकर कड़े निर्देशों के अनुपालन के लिए बुधवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारियों बी. राम और आरके चतुर्वेदी के साथ ही एसडीएम ने नगर की बाजारों का निरीक्षण किया इस दौरान बंदी के बावजूद भी कई दुकाने खुली पाई जाने पर एसडीएम ने इन दुकान संचालकों के चालान कटवाने के साथ ही सख्त चेतावनी दी।

लोकसभा का चुनाव हमारे लिए परीक्षा है : देवेंद्र

लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला में शामिल भाजपाई। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव हमारे लिए एक परीक्षा के रूप में है। सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करना है। भाजपा ने सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के सुविधाएं देने का काम किया है। वह गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला में बोल रहे थे।

सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि सरकार लोगों को मुफ्त राशन दे रही है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख का फ्री मेडिकल बीमा दिया जा रहा है। लाभार्थी संपर्क अभियान की मंडल कार्यशाला 20 फरवरी तक करनी है। जिलाध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि गांव चलो अभियान, शक्ति वंदन अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, सह संयोजक डॉ. केएम अरोरा, वीरेंद्र गंगवार वीरू, नीरेंद्र सिंह राठौर, विष्णु शर्मा, मीनाक्षी गंगवार, मनोज थपलियाल, सोमपाल शर्मा, मेघनाथ सिंह, चंचल गंगवार, अजय सक्सेना, मनोज गुप्ता, नरेंद्र गंगवार, देवेंद्र सक्सेना, विशाल गुप्ता, कैलाश शर्मा मौजूद रहे।

पुलिस अभिरक्षा में युवक की हुई मौत, तीन सिपाही हत्या में नामजद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ अमांपुर थाना परिसर में 9 फरवरी को हुई घटना में दर्ज एफआईआर हत्या में तरमीम की गई

▸▸ 9 फरवरी को थाना परिसर के शौचालय में मफलर से फंदा लगाने वाले गौरव की बुधवार को हुई थी मौत

अमृत विचार : अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखकर प्रताड़ित करने और अमांपुर थाना परिसर के शौचालय में मफलर से फंदा लगाकर आत्महत्या की कोशिश करने में गंभीर हुए गौरव की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में तीन पुलिस कर्मियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा चलेगा। बुधवार को गांव सुलहपुर के गौरव की मौत के बाद हालात बिगड़ते देख पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा में प्राणघातक कदम उठाने को लेकर तीन पुलिस कर्मियों को दोषी माना है।

मृतक गौरव

9 फरवरी को थाने में हुई घटना के बाद किशोरी के पिता वीरपाल और अन्य रिश्तेदारों को नामजद करते हुए अज्ञात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने एवं मानवाधिकार के उल्लंघन में दर्ज कराई गई एफआईआर में तीनों पुलिस कर्मियों के नाम शामिल किए हैं। मुकदमा हत्या की धारा 302 में तरमीम किया गया है। बुधवार देर रात आरक्षी सिपाही शिवम दुबे, अमांपुर थाने के हमराह संजीव बालियान और थाने के मुंशी सोनवीर पर हत्या का आरोप लगाया गया। पूर्व में दर्ज एफआईआर में इन्हें नामजद कर हत्या का आरोपी बनाया है। प्रकरण में इंस्पेक्टर ओर दरोगा पहले ही निलंबित किए जा चुके हैं। इधर गौरव की मौत के बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण रहा। किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने सुलहपुर गांव के गौरव को हिरासत में लिया। कई दिन हिरासत में रखने पर 9 फरवरी को थाना परिसर में शौचालय में गौरव ने आत्महत्या करन की काशिश की। उसे अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को ढाई बीघा जमीन, मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता, पुलिस की ओर से सहायता, संबंधित बीमा योजनाओं का लाभ, पुलिस कर्मियों और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। परिवार के सदस्य को नगर पंचायत में नौकरी का भरोसा दिया। इसके बाद गौरव का अंतिम संस्कार किया गया। एडीएम राकेश पटेल के माध्यम से पीड़ित परिवार को तीन लाख रुपये का चेक दिया है।

कोई भी गांधी आ जाए, टिकने वाला नहीं है : कांता कर्दम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

जीआईसी सभागार में आयोजित प्रबुद्ध महिला सम्मेलन में शामिल सांसद और मंत्री।

▸▸ भाजपा प्रबुद्ध महिला सम्मेलन में बोलीं राज्यसभा सासंद, देश का बढ़ रहा है गौरव

▸▸ सोनिया गांधी के राज्यसभा के लिए पर्चा भरने पर बोलीं, डर तो सबको लग रहा है

अमृत विचार : कोई कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। यह उसकी अपनी इच्छा है। सोनिया गांधी हों, राहुल गांधी या कोई भी गांधी आ जाए, टिकने वाला नहीं है। यह बात गुरुवार को जीआईसी सभागार में आयोजित भाजपा प्रबुद्ध महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कांता कर्दम ने सोनिया गांधी के अपने गढ़ रायबरेली सीट छोड़कर राज्यसभा के लिए पर्चा भरने को लेकर तंज कसते हुए कही।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि किसी ने सोचा नहीं था, भाजपा ने वे काम कर दिखाए हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो कहा था उसे पूरा किया है। उत्तर प्रदेश में गुंडागर्दी खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां स्मार्ट सिटी घोषित हुए हैं, वहां-वहां स्मार्ट बहनों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। व्यापारी, डॉक्टर, किसान बहनें स्मार्ट बन रहीं हैं। कहा कि, हमारा संगठन दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास को लेकर पार्टी आगे बढ़ रही है।33 साल से पार्टी में होने की बात कहते हुए कहा कि, यहां महिलाओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। पार्षद, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा में महिलाओं को आगे बढ़ाया है। आदिवासी समाज की हमारी बहन को राष्ट्रपति बनाने जैसा काम भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश आगे बढ़ रहा है। विदेशों में रह रहे भारतीय गौरवान्वित महसूस करते हैं। कार्यक्रम में सांसद संतोष गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, मेयर उमेश गौतम, अमिता अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बदमाशों ने बरात चढ़त के समय दूल्हे को गोली मारी

मथुरा। नौहझील थाना क्षेत्र में बुधवार रात बरात चढ़ने के दौरान दूल्हा मंडप में बैठा था। तभी कार से कई बदमाश फिल्मी स्टाइल में बरातघर में घुसे और सीधे दूल्हे को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर बरातियों में भगदड़ मच गई। बदमाशों के हाथों में हथियार देख बराती उन्हें दबोचने की हिम्मत नहीं जुटा सके। गोली दूल्हे की जांघ में लगी। उसे मथुरा इलाज के लिए ले गए। नौहझील थाना क्षेत्र के फरीदमपुर निवासी निरंजन ने बेटी सोनम की शादी अलीगढ़ में तय की थी। बरात पिसवा थाना क्षेत्र के दमुआका गांव से आई थी। गांव निवासी रेखपाल के पुत्र गौरव के साथ शादी तय हुई थी। बुधवार को दोनों की शादी थी। चारों ओर खुशी का माहौल था। निरंजन ने शादी का कार्यक्रम रायपुर मार्ग स्थित एक मैरिज होम में रखा। बरात चढ़त के दौरान पांच-छह बदमाश गाड़ी में आए और सीधे मैरिज होम में घुसकर दूल्हे को गोली मार दी।

पूर्व चेयरमैन समेत 200 लोग भाजपा में शामिल

भाजपा नेताओं के साथ मौजूद पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अर्बन कोऑपरेटिव बैंक डीडी पुरम में गुरुवार को भाजपा के मिलन समारोह में भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र से सपा-बसपा के दो सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। सांसद संतोष गंगवार, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य समेत अन्य नेताओं की मौजूदगी में इन कार्यकर्ताओं को सदस्यता ग्रहण कराई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी देवेंद्र सिंह रहे। भाजपा की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से रिठौरा नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता (सपा), मौजूदा चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता (सपा), तारिक मियां (धौराटांडा, बसपा), युधिस्ठिर प्रसाद (सेमीखेड़ा, बसपा), आबिद खां पूर्व प्रधान सपा, इरशाद अंसारी विधायक प्रतिनिधि सपा, इंतजार अहमद धौराटांडा सपा, पूर्व गन्ना डॉयरेक्टर तेजराम सागर, नगर अध्यक्ष बसपा लोकेश गुप्ता शामिल हैं। इस दौरान वीरेंद्र गंगवार वीरू, लोकसभा संयोजक राज कुमार शर्मा, सोमपाल शर्मा, योगेश पटेल, महिपाल सिंह गंगवार, अजय सक्सेना, चेयरमैन नदीम उल हसन मौजूद रहे।

टॉयलेट करने आस्था स्पेशल ट्रेन में चढ़ा किशोर पकड़ा

▸▸ किशोर को उतारकर थाने लेकर आई आरपीएफ, बाद में छोड़ा

बरेली,अमृत विचार: श्री रामलला के दर्शन करने श्रद्धालुओं को ले जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेनों को लेकर रेल प्रशासन बेहद चौकन्ना है। चुनिंदा स्टेशनों पर ही चढ़ने व उतरने की सुविधा है। गुरुवार की शाम बरेली जंक्शन पर पहुंची आस्था स्पेशल ट्रेन में एक किशोर टॉयलेट करने घुस गया। आरपीएफ की नजर उस पर पड़ी तो पकड़कर थाने लाया गया। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया।

अयोध्या जाने वाली आस्था स्पेशल गुरुवार शाम 19:02 बजे बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। आरपीएफ व जीआरपी का स्टाफ ट्रेन की सुरक्षा में तैनात था। दूसरे यात्रियों से उद्घोषणा के जरिए इस ट्रेन में नहीं चढ़ने की अपील की जा रही थी। इसी बीच टीटीई ऑफिस के सामने वाले कोच में एक किशोर चढ़ गया। आरपीएफ की नजर पड़ी तो उसे उतारकर थाने लाया गया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज यादव ने बताया कि किशोर से पूछताछ में पता चला कि वह मुरादाबाद जाने के लिए बरेली जंक्शन आया था। उसकी मां भी साथ में थी। गलती से टॉयलेट करने आस्था स्पेशल ट्रेन में चढ़ गया। पांच मिनट ठहराव के बाद शाम 19:07 ट्रेन रवाना हो गई। इसके बाद किशोर को छोड़ दिया गया।

सूदखोरों से प्रताड़ित युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

आसफपुर (बदायूं, अमृत विचार: फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा आसफपुर के पास से रेलवे लाइन के पास युवक का शव मिला। उसकी पत्नी ने सूदखोरों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गांव आसफपुर निवासी सोनू मौर्य पुत्र नन्हू मौर्य तीन बीघा जमीन पर खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार सुबह 9 बजे खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए साइकिल से गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत से कुछ दूर रेलवे लाइन किनारे साइकिल खड़ी कर सोनू खड़ा हो गया। जैसे ही बरेली की ओर से मालगाड़ी आई तो उसने छलांग लगा दी। उसका सिर ट्रेन से कटकर धड़ से अलग हो गया।

देर रात पैदल गश्त करते एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान। ● अमृत विचार

देर रात एसएसपी ने की पैदल गश्त

बरेली, अमृत विचार : एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने गुरुवार देर रात नॉवल्टी चौराहा, रोडवेज, सिकलापुर चौराहा, साहूगोपीनाथ इंटर कॉलेज तिराहा, शहामतगंज, सैलानी, जगतपुर तिराहा आदि स्थानों पर पुलिस के साथ पैदल गश्त की। बाजार और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की गई। जन सामान्य और व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का अहसास दिलाया गया। एसपी सिटी राहुल भाटी, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम, तृतीय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक बारादरी आदि मौजूद रहे।

जमीन के विवाद में भाई पर किया हमला

आंवला, अमृत विचार : जमीन के बंटवारे को लेकर भाई पर खुरपी से हमला करके उसे घायल कर दिया। परिजन घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। देवीपुरा गांव निवासी रामचंद्र अविवाहित होने के चलते अपने भाई परशुराम के साथ रहता हैं। परिजनों ने बताया रामचंद्र घर के पास ही गोबर के उपले सही कर रहा था। इसी दौरान उसके छोटे भाई ने जमीन के बंटवारे को लेकर रामचंद्र के ऊपर खुरपी से हमला कर दिया। जिससे रामचन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला भेजा। वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ॥

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव, उतावलापन और आत्मप्रशंसा-ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

संपादकीय

समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूबी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन

सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

> पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है, जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

प्रसंगवश

क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

> सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खियां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर", यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे, ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा। इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रर्दशनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए, क्योंकि प्रर्दशनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए, किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता, बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया, लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है, समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

सोशल फोरम

हरि के सामने हर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब ध्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी- जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

-फेसबुक वॉस से

पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी, अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई, पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है, पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं, जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए, आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

कुलकामधेनु : श्रीविद्या

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे, प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था, किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया, वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते, एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक, फिर त्रैमासिक, फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि, सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं, देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं, न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं, किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है, पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं, अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं, जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है, उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रज में फाग महोत्सव शुरू...

मथुरा : भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में होली का उल्लास देखते ही बनता है। वसंत पंचमी के दिन बुधवार से शुरू हुआ यह उत्साह मथुरा से लेकर वृंदावन तक गुलाल उड़ाया गया। यह उत्सव 40 दिन तक चलेगा। हर साल वसंत पंचमी के दिन बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी पर रंग-बिरंगी अबीर-गुलाल उड़ाकर ब्रज के 40 दिवसीय होली महोत्सव की शुरुआत होती है। वसंत पंचमी ब्रज मंडल में होली रोपण के साथ ही 40 दिनों तक चलने वाला फाग महोत्सव शुरू हो जाता है। इसके बाद 20 मार्च को रंगीली एकादशी से 24 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा तक विश्वप्रसिद्ध सरस रंगीली होली का आयोजन होगा। ● एजेंसी

अयोध्या पहुंची राम उत्सव यात्रा, लोगों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : रामेश्वरम से निकली राम उत्सव यात्रा रामवनगमन पथ होते हुए बुधवार शाम अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल सोशल मीडिया पर प्रभाव रखने वाले 150 लोगों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।

यात्रा का अगुवाई कर रहे इंफ्लुएंसर मोहित कुमार ने बताया कि एक महीने पहले रामेश्वरम से यात्रा शुरू हुई थी। यह यात्रा रामवनगमन पथ तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए यहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि रामवनगमर पथ का एक डॉक्युमेंट तैयार किया जा रहा है। इसे सरकार को सौंपा जाएगा, ताकि इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जिस प्रकार 12 ज्योर्तिलिंग व चार धाम का दर्शन करते है।

पाला बदलने के बाद अचानक हुई लालू-नीतीश की मुलाकात

पटना, एजेंसी

बीते एक पखवाड़े से बिहार की राजनीति में चल रही उथल-पुथल का दौर थम चुका है। महागठबंधन से अलग होने के बाद नीतीश कुमार राजग के साथ सरकार भी बना चुके हैं और सरकार ने कामकाज भी शुरू कर दिया है। गुरुवार को अचानक नीतीश कुमार और राजद प्रमुख लालू प्रसाद का आमना-सामना हो गया।

एकबारगी तो लोगों को लगा कि यहां तल्खियां दिखेंगी, लेकिन दोनों पुराने नेता व मित्र सहजता से मिले। भले ही मुलाकात कुछ पल की थी, लेकिन नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद को प्रणाम करते हुए उनका कुशल-क्षेम पूछा। लालू प्रसाद ने भी बिना किसी दुराभाव के उत्तर किया। फिर दोनों अपनी-अपनी राह हो गए। लालू प्रसाद गुरुवार को राज्यसभा के राजद प्रत्याशी प्रो. मनोज झा और संजय यादव के नामांकन के लिए बिहार विधानसभा पहुंचे थे।

उनके साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ उनकी पत्नी और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी थीं। नीतीश कुमार पहले से यहां मौजूद थे। वह विधानसभा के अध्यक्ष के चुनाव के लिए यहां पहुंचे हुए थे। लालू प्रसाद जिस वक्त नामांकन से लौट रहे थे, उनका सामना नीतीश कुमार से हो गया। दोनों ने बिना किसी तल्खी के एक-दूसरे को देखा। नीतीश ने लालू प्रसाद, राबड़ी देवी को प्रणाम किया और हालचाल भी पूछा। इसके बाद दोनों विदा हो गए। इससे पहले 15 जनवरी को राबड़ी आवास पर नीतीश कुमार और लालू यादव यादव की मुलाकात हुई थी। दही-चूड़ा के भोज का आयोजन किया गया था। उसी वक्त से ही सियासी गलियारे में चर्चा शुरू हो गई थी कर लालू-नीतीश में सब ठीक नहीं है. बिहार में खेल हो सकता है। नीतीश कुमार पलटी मार सकते हैं। हालांकि इस बीच मीडिया में चल रही इस तरह की खबरों का महागठबंधन के नेता खारिज करते रहे।

नंद किशोर बने विस स्पीकर

भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर यादव को सर्वसम्मति से बिहार विधानसभा का स्पीकर चुना गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सदन में नेता प्रतिपक्ष बन गए हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन का नेता और तेजस्वी यादव को विरोधी दल का नेता घोषित किया है। लालू प्रसाद यादव ने नंदकिशोर यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू जी चाहते थे नंद किशोर विधानसभा अध्यक्ष बने तो निर्विरोध उनका निर्वाचन हो, इसलिए महागठबंधन ने अपना कोई उम्मीदवार नहीं दिया।

संजय को मिली राहत जारी वारंट के आदेश को कोर्ट ने लिया वापस

विधि संवाददाता, लखनऊः आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत देते हुए, एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने उनको वारंट के जरिए हिरासत में लिए जाने के अपने पूर्व के आदेश को वापस ले लिया है।

इस मामले में अगली सुनवाई अब 29 फरवरी को होगी। संजय सिंह के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने शीर्ष अदालत द्वारा 9 फरवरी को पारित आदेश को दाखिल करते हुए कहा कि यद्यपि इस न्यायालय द्वारा संजय सिंह के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता के तहत वारंट आदेश जारी कर अनुपालन हेतु आदेश किया गया है लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने चूंकि संजय सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है लिहाजा प्रश्नगत आदेश को वापस लिया जाए। पत्रावली के अनुसार इस मामले में तिहाड़ जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संजय सिंह को गत 4 जनवरी को तलब किया गया था। उसके बाद 5 फरवरी 2024 को उनका वारंट बनाया गया।

पुलिस ने दिल्ली की सीमाओं पर किया अभ्यास, आंसू गैस के गोले मंगवाए

किसान आंदोलन का तीसरा दिन दिल्ली-हरियाणा सीमा के दो प्रमुख बिंदु यातायात के लिए रहे बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के तीसरे दिन गुरुवार को दिल्ली और हरियाणा सीमा के दो प्रमुख बिंदु यातायात के लिए बंद रहे, जबकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण प्राप्त सुरक्षाकर्मियों ने अपनी अचूक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए अभ्यास किया।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की आंसू गैस गोला इकाई से 30,000 से अधिक आंसू गैस के गोले मांगे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान राष्ट्रीय राजधानी की सीमा की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि कड़ी निगरानी, कर्मियों की भारी तैनाती और बहुस्तरीय अवरोधक लगे रहेंगे क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान अभी भी अंबाला के पास पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा पर बैठे हैं। दिल्ली पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ मिलकर किसी भी स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास किया। इसके तहत उन्हें सिंघू और टिकरी बॉर्डर पर दंगा-रोधी साजो-सामान के साथ अवरोधकों की ओर बढ़ने के लिए कहा गया। उनके वरिष्ठों ने उन्हें ऐसा व्यवहार करने का आदेश दिया कि मानो वे किसी भीड़ को नियंत्रित कर रहे हों। सीमा बंद होने के कारण स्थानीय लोगों को कार्यालय जाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। बलों ने संकरी गलियों को भी खोद दिया, ताकि किसान दिल्ली में प्रवेश करने के लिए उनका उपयोग न कर सकें। टिकरी बॉर्डर पर स्थानीय व्यापारियों ने बैनर लगाकर प्रदर्शनकारी किसानों से अनुरोध किया कि वे उनके व्यवसायों को उनके परिवारों के लिए चलने दें। हालांकि, बोर्ड परीक्षाएं बिना किसी परेशानी के आयोजित की गईं और दिल्ली के सीमावर्ती क्षेत्रों में परीक्षा के आयोजन में कोई देरी नहीं हुई। छात्रों को टिकरी बॉर्डर के पास परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में मदद करने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक के अधिकारियों द्वारा वाहनों की व्यवस्था की गई थी।

अंबाला के पास पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा पर जमा ट्रैक्टरों का काफिला।

हरियाणा के इन जिलों में 17 तक बंद रहेगा इंटरनेट

चंडीगढ़। किसान आंदोलन को देखते हुए हरियाणा सरकार ने इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी बढ़ा दी है। अब हरियाणा के कई जिलों में इंटरनेट सेवा 17 फरवरी रात 12:00 बजे तक बंद रहेगी। इन जिलों में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा शामिल हैं। बता दें पहले 16 फरवरी तक ही इंटरनेट बंद किया गया था, अब किसान आंदोलन की स्थिति को देखते हुए हरियाणा सरकार ने ये फैसला लिया है।

किसानों के समर्थन में विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने पंजाब के राजपुरा में रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया।

उम्मीद है सरकार किसानों की मांग जल्द मानेगी

सोनीपत। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि सरकार किसानों की मांग बहुत जल्द मान लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द समाधान ढूंढ़ लेगी। हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री रेवाड़ी में पहुंचने के बाद प्रदेश के लिए कुछ अच्छा करके जाएंगे। हुड्डा सोनीपत में 'टीकाराम एजुकेशन सोसायटी' के 'गर्ल्स मॉडल स्कूल' के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

किसान उत्तरी राज्यों की जीवन रेखा को रोकने पर तुले हैंः हरियाणा सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा सरकार ने गुरुवार को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि किसान संगठन उत्तरी राज्यों की जीवन रेखा को बाधित करने पर तुले हुए हैं और उनके आंदोलन को लेकर राज्य के लोगों में 'भय का भाव' है।

राज्य सरकार ने यह तर्क कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश जी.एस. संधावालिया और न्यायधीश विकास सूरी की पीठ के समक्ष दाखिल हलफनाम में दिया। अदालत ने मंगलवार को किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र, हरियाणा और पंजाब राज्यों को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया था। पंजाब सरकार ने एक अलग हलफनामे में कहा कि बृहस्पतिवार शाम तक, शंभू बॉर्डर पर लगभग 1,120 ट्रैक्टर और 1,320 ट्रॉलियों के साथ करीब 12,000-13,000 लोग और खनौरी बॉर्डर 450 ट्रैक्टर और 470 ट्रॉलियों के साथ लगभग 4,000-5,000 किसान जमा हुए थे।

होम्योपैथिक अस्पतालों में डॉक्टरों के साथ बढ़ेंगे फार्मासिस्ट

लखनऊ, अमृत विचारः होम्योपैथी विभाग में चिकित्सा अधिकारियों और फार्मासिस्टों की प्रोन्नति के बाद रिक्त पदों पर नई नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। जल्द ही होम्योपैथी विभाग 240 डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए उप्र लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजेगा।

होम्योपैथी निदेशक डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि 1182 चिकित्साधिकारियों से विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक 0के लिए जिलों से रिपोर्ट मांगी गई थी। बैठक में 240 चिकित्साधिकारियों को वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद प्रोन्नति मिली है। जिसके बाद चिकित्साधिकारियों के पद रिक्त हो चुके हैं, शासन से अनुमति मिलने के बाद इन पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा जाएगा। इसके अलावा डीपीसी के बाद 397 फार्मासिस्टों के पद रिक्त हो चुके हैं, इन पर भी नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा जाएगा।

- **डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेजेगा अधियाचन**

रामलला दोपहर में एक घंटे करेंगे विश्राम

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर में विराजमान रामलला को अब दोपहर में 1 घंटे विश्राम दिया जाएगा। शुक्रवार दोपहर से 12:30 बजे से 1:30 बजे तक रामलला को आरती भोग के बाद गर्भगृह का पट बंद कर दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पुजारी की सहमति पर दोपहर में रामलला को विश्राम कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12:30 के बाद श्रद्धालुओं को प्रवेश को रोक दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद श्रद्धालु को रामलला का दर्शन कर सकेंगे। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक अनवरत श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे थे। साधु-संतों की आपत्ति के बाद ट्रस्ट महासचिव ने कहा था कि रामलला को लगातार 15 घंटे तक जगाए रखना उचित नहीं है।

महाभारत धारावाहिक के कृष्ण ने आईएएस पत्नी के खिलाफ की शिकायत, बेटियों के लिए मांगी सुरक्षा

भोपाल, एजेंसी

महाभारत में भगवान कृष्ण का पात्र निभाने वाले अभिनेता और राजनेता नीतीश भारद्वाज ने अपनी जुड़वां बेटियों की सुरक्षा के लिए भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र से सहायता मांगी है। नीतीश भारद्वाज ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को मेल से पत्र भेजकर अपनी पत्नी मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस कमिश्नर ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि नीतीश भारद्वाज और उनकी पत्नी के बीच कुटुंब न्यायालय में मामला लंबित है। पुलिस कमिश्नर ने महिला एडिशनल डीसीपी को मामले की जांच सौंप दी है। शिकायती आवेदन में बताया गया है कि 2009 में मध्य प्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी स्मिता भारद्वाज के साथ उनका विवाह हुआ था। इसके बाद उनकी दो जुड़वां बेटियां हुईं थीं, जो अभी साढ़े ग्यारह साल की हो चुकी हैं। पत्नी के अप्रिय व्यवहार और आचरण के कारण उनके समस्त प्रयासों के बावजूद वैवाहिक जीवन टूटने की कगार पर है। जिसकी कानूनी कार्रवाई योग्य न्यायालय में चल रही है।

रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके। वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की। राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है।

एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।

- **रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर है मंदिर की आकृति**
- **वित्तमंत्री ने बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के**

कार्यालय ग्राम पंचायत मजरा दौलतपुर, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मजरा दौलतपुर पर दिनांक 19.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 4 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत	योजना का नाम
01.	राजेन्द्र के घर से ओमकार के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	रेता, ईंट, रोड़ी, बजरफुट, सीमेन्ट, सरिया आदि	3,52,000/-	15वां वित्त
02.	भागीरथ के घर से धर्मवीर के घर तक नाला निर्माण 70 मी.	"	2,95,500/-	15वां वित्त

ग्राम प्रधान-भगवान देई — सचिव-प्रदीप राणा

कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली

निविदा सूचना

पत्रांक 159/प्र.वि./2023-24 — दिनांक : 15.02.2024

नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर निगम निधि के अन्तर्गत अनुभवी फर्मों से वार्ड सं. 37 नदोसी स्थित अस्थाई नंदीशाला में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाकर प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक को सांयकाल 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं की उपस्थिति में समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र कार्य की सम्मुख लिखी धनराशि को दिनांक 26.02.2024 की सांय 3:00 बजे तक विभाग में जमा करने के उपरान्त क्रय किये जा सकते हैं।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	व्ययानुमान जी.एस.टी. सहित	धरोहर राशि 02 प्रतिशत	निविदा शुल्क	18% जी.एस.टी निविदा शुल्क	निविदा मूल्य जी.एस.टी.
1.	वार्ड सं. 37 नदोसी स्थित अस्थाई नंदीशाला में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाकर प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने हेतु।	461847.00	9300.00	500.00	90.00	590.00

निविदा की शर्तें

01. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि के रूप में प्रभारी प्रकाश नगर निगम बरेली के नाम बन्धक एफ.डी.आर. मूलरूप से संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
02. न्यूनतम लागत की निविदा आने पर फर्म को कुल 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करनी होगी।
03. समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
04. निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है।
05. यह कि निविदा वाले दिवस में अवकाश हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त की जा सकेगी।
06. निविदा से सम्बन्धित शर्तें एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्रकाश, नगर निगम, बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत डड़िया सफदर अली, वि.खं. भदपुरा, नवाबगंज, जनपद बरेली

पत्रांक-1 — दिनांक : 16.02.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डड़िया सफदर अली में ग्राम निधि व मनरेगा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नवत् विवरण कराया जाना है, जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक कोटेशन दाता निविदा प्रकाशन के 5 दिन के अन्दर ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।

क्र.सं.	कार्य का नाम	लम्बाई	अनु. लागत	मद
1.	तेजराम के मकान से श्रीराम की जगह तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण	33 मीटर	1,17,141.00	ग्राम निधि (कन्मेजन)
2.	तुलाराम के मकान से राकेश के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	30 मीटर	99,873.27	ग्राम निधि (कन्मेजन)
3.	कुँवरसेन के मकान से देवदत्त के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	30 मीटर	1,06,293.17	ग्राम निधि (कन्मेजन)
4.	लाल बहादुर के मकान से कुँवर सेन के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	38 मीटर	1,13,255.77	ग्राम निधि (कन्मेजन)
5.	तिगरी में जयन्ती प्रसाद की बैठक से नहर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	70 मीटर	2,34,501.00	मनरेगा

उपरोक्त कार्य हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म निविदा हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16/02/2024 से दिनांक 17/02/2024 दोपहर 12:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है और उसी दिन निविदा अपरान्ह 02:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान-जगदीश प्रसाद — सचिव-नरेश पाल सागर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)

पत्रांक : 2237/नवनिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 — दिनांक : 14.02.2024

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से 32KLD FSTP के रख-रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 15.02.2024 सायं 5:00 बजे से दिनांक 29.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि : 16.02.2024 सायं 5:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि : 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि : 02.02.2024 अपरान्ह 4:00 बजे
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(संजय कुमार) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लखीमपुर
(डा. इरा श्रीवास्तव) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

वैश्विक समुदाय को नया संदेश दे रहा वनवासी समाज: योगी

एकलव्य छात्रावास के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● प्रकृति और परमात्मा के बीच समन्वय नहीं होगा तो प्रलय जरूर आएगी

अमृत विचार : वनवासी समाज देश के अतीत की परंपराओं का वाहक है। वह धरती को माता मान कर माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः के दिव्य भाव के साथ आज भी भारत की अरण्य संस्कृति को न केवल लेकर चल रहा है, बल्कि उसके माध्यम से वैश्विक समुदाय को नया संदेश भी दे रहा है।

अगर प्रकृति और परमात्मा के बीच में समन्वय नहीं होगा तो प्रलय जरूर आएगी। इससे बचना है तो हमें वन परंपरा के साथ जुड़ना होगा और कहीं न कहीं अरण्य संस्कृति को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित भी करना पड़ेगा। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एचपीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण एवं सारंग धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी लखनऊ के साथ गोरखपुर में श्री राम वनवासी छात्रावास की स्थापना 1984 में हुई थी। उस समय गोरखपुर के श्री राम वनवासी छात्रावास की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर से हुई थी। पूर्वोत्तर के राज्यों में जहां पहले कोई जा नहीं सकता था। उस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सानिध्य में संचालित सेवा समर्पण संस्थान के श्री राम वनवासी छात्रावास में यहां के बच्चों को लाकर भारत के साथ जोड़ करके उन्हें राष्ट्र और समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा गया। उस समय उनमें राष्ट्रभक्ति का जो प्रचंड ज्वार इन्होंने पैदा किया, आज उसका ही परिणाम है कि पूर्वोत्तर के किसी भी राज्य के बच्चों के मन में भारतीयता के प्रति अनुराग और प्यार मिलेगा।

पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा को छह माह की सजा

अयोध्या, अमृत विचार : सर्किट हाउस का कमरा न बुक करने पर पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा को जान से मार डालने की धमकी देने के मामले में सपा के पूर्व एमएलसी तिलक राम वर्मा को कोर्ट ने छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 2000 जुर्माना भी किया है।फैसला एमपी एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार शुक्ला की अदालत से गुरुवार को हुआ। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय दुबे व एपीओ आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 21 जून 2013 की है। तत्कालीन सपा सांसद प्रत्याशी तिलक राम वर्मा ने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा के सीयूजी नंबर पर फोन कर उन्हें चुनाव प्रचार के लिए सर्किट हाउस में लगातार एक कमरा आवंटन के लिए कहा ।

सचिन ने पत्नी के साथ देखी ताजमहल की खूबसूरती

पत्नी अंजलि के साथ ताजमहल का दीदार करते मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर।

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर मोहब्बत की नायाब निशानी ताजमहल का दीदार करने आगरा पहुंचे। सचिन ताजमहल का दीदार करने के लिए अंजलि तेंदुलकर के साथ पहुंचे। उनके आगरा आने की सूचना बाद स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सचिन को लेकर ताजमहल परिसर पहुंचे। सचिन तेंदुलकर और अंजलि तेंदुलकर ने ताजमहल को निहार खूबसूरत इमारत की सराहना की। ताजमहल परिसर में सचिन को देखकर उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना न रहा।

सार-संक्षेप

आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख ठगे

मुरादाबाद, अमृत विचार : नौकरी लगाने के नाम पर 18 लाख हड़पने वाले आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों ने पीड़ित बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह से समझौता कर दो में बार पांच लाख देकर 13 लाख का फर्जी चेक दिया था। पीड़ित ने फर्जी चेक को लेकर एसएसपी कार्यालय में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर में पीड़ित ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। बुधवार को बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी सिरवासु चांदपुर जिला संभल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के कार्यालय पहुंचा। जहां उसने आरोपी नासिर और हारुन निवासी आजाद नगर करूला के खिलाफ दी गई तहरीर पर मझोला थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने की बात बताकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि आरोपी नासिर और हारुन ने आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपये लिए थे।

साइकिल चलाते तालाब में गिरे मदरसे के छात्र की मौत

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मामा के घर रह रहे मदरसे के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गुरुवार दोपहर वह साइकिल चलाने घर से निकला था। लेकिन वह साइकिल सहित तालाब में गिर गया। देर शाम तालाब में साइकिल पड़ी देख परिजनों ने उसे बाहर निकाला। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसे घर ले गए। टांडा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद में किसान इरफान का परिवार रहता है। उनका बेटा शाहनवाज (10) कई वर्षों से गांव पंजाब नगर में अपने मामा असलम के यहां रह रहा था। वह मदरसे का छात्र था। गुरुवार दोपहर ढाई बजे वह घर से बाहर साइकिल चलाने निकला था। जब गांव पंजाब नगर के बाहर तालाब के पास पहुंचा तो यहां वह साइकिल सहित तालाब में गिर गया। शाम पांच बजे तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसके मामा व अन्य लोगों ने उसकी तलाश की। इस दौरान उन्हें साइकिल तालाब में दिखी।

मिली लक्ष्मी तो आसान होगी शिक्षा की राह

लखनऊ, अमृत विचार : छात्रों को विद्या प्राप्त करने के लिए अब लक्ष्मी की कमी से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि चली गई है। जबकि 60 प्रतिशत केंद्रांश के लिए जल्द ही डाटा भेजा जाएगा और राशि की मांग की जाएगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जाना है। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका लाख दिया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नवंबर से शुरू हुए थे और जनवरी में आवेदन के लिए दो बार तिथि बढ़ाई गई थी। इस बाद प्री मैट्रिक्स में पढ़ने वाले लगभग ढाई लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रवृत्ति के लिए 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र की ओर से जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है। विभाग ने राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले राज्यांश के तहत 38 करोड़ की राशि बच्चों के खाते में भेज दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रों का पूरा ब्योरा केंद्र को भेजा जाएगा। साथ ही केंद्र से 60 प्रतिशत शेष राशि का भुगतान करने के लिए बजट मांगा जाएगा।

हाई कोर्ट के आदेश पर केडी सिंह बाबू का बंगला सीज

बाराबंकी, अमृत विचार : प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे बाबू केडी सिंह का पुश्तैनी बंगला गुरुवार को हाई कोर्ट के आदेश पर सीज कर दिया गया। बंगला सीज करने के लिए हाई कोर्ट द्वारा गठित की गई कमेटी भारी पुलिस बल के साथ जैसे ही बाबू केडी सिंह के बंगले पर पहुंची पूरे शहर में हड़कंप मच गया। लोग यह जानने के लिए उत्सुक थे कि बंगला क्यों चीज किया जा रहा है। बाबू केडी सिंह को पूरे जिले में बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता रहा है। उनके न रहने के बाद भी उनका बंगला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा देता रहा है। लोग बताते हैं कि केडी सिंह बाबू के भाई के परिवार में आपसी विवाद चल रहा है। जिसको लेकर एक पक्ष ने अदालत की शरण ली थी। जिस पर उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उनका बंगला सीज कर दिया। इसी बंगले में बालाजी का बचपन नाम से विद्यालय भी चलता है। आसपास के थानों से जब भारी पुलिस बल परिसर में घुसा तो पढ़ रहे बच्चे सहम गए।

लखनऊ से बाराबंकी के बीच चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें: मंत्री

बाराबंकी, अमृत विचार : परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने गुरुवार को यहां कहा कि बाराबंकी और लखनऊ के बीच में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएगी। लखनऊ बाराबंकी के बीच नगर बसें इसलिए बंद की गई थीं क्योंकि इससे काफी प्रदूषण फैल रहा था। परिवहन मंत्री भाजपा के पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह के नवनिर्मित होटल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर पूरे बहुमत के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में सरकार बनेगी। पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही है।

तीन पीसीएस अफसरों का तबादला

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने तीन पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। उपजिलाधिकारी(एसडीएम) हमीरपुर सुरेंद्र कुमार को अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)मथुरा, हापुड़ की एसडीएम सुनीता सिंह को इसी पद पर अमरोहा व पीसीएस अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा को एडीएम (न्यायिक) अमेठी बनाया गया है।

सीमेंट लदे ट्रक से भिड़ी स्कूल बस चालक की मौत, 20 बच्चे घायल

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : सीमेंट लदे ट्रक व स्कूल बस के बीच हुई टक्कर में बस चालक की मौत हो गई। दो शिक्षिकाओं समेत 20 छात्र-छात्राएं घायल हो गए जिसमें पांच गंभीर हैं। बस में 35 छात्र-छात्राएं सवार थे। डीएम व एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

गुरुवार को बिजनौर के मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। बस चंदक-मंडावर मार्ग पर रानीपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल बच्चों को बस से निकाला और एंबुलेंस व अन्य वाहनों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल पहुंचे 20 विद्यार्थियों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे में बस चालक मनोज 40 वर्ष निवासी ग्राम जालपुर की मौत हो गई। सूचना पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी संजीव बाजपेई आदि जिला अस्पताल पहुंचे। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कराई जाएगी। स्कूल प्रबंधन की कहीं कोई भी कमी मिली तो स्कूल पर भी कार्रवाई होगी।

अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा : अखिलेश

लखनऊ, अमृत विचार : सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। भाजपा सरकार अन्नदाताओं पर अत्याचार कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा। पार्टी मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े-बड़े सपने दिखाए। भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है।

एसटीएफ ने असलहा तस्कर को दबोचा 10 पिस्टल बरामद, सरगना रक्षित फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ इंदौर से असलहा मंगाकर दिल्ली उत्तराखंड में भी करते थे सप्लाई

विनय त्यागी

अमृत विचार : एसटीएफ ने बुधवार की रात मेरठ से एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 पिस्टल बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में सरगना और अन्तरराज्यीय असलहा तस्कर रक्षित त्यागी फरार हो गया।

एसटीएफ टीम ने मेरठ के मवाना बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पम्प के पास से असलहा तस्कर विनय त्यागी को गिरफ्तार किया। देवबंद (सहारनपुर) के रहने वाले विनय ने पूछताछ में बताया कि फरार साथी चरथावल मुजफ्फरनगर का रक्षित त्यागी था। उसके रोहाना मुजफ्फरनगर स्थित टोल पर कार्य करने के दौरान उसकी मुलाकात रक्षित त्यागी से हुई थी। उसके बाद से वह उसके द्वारा सौंपा गया कार्य करता था। वह मध्य प्रदेश से असलहा लाकर रक्षित को सौंप देता था। ऐसा दो बार वह कर चुका है। तीसरी बार वह इंदौर से असलहा लाया था। मेरठ में किसी को देना था। रक्षित उसी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एसटीएफ टीम पहुंच गई। इस दौरान वह पकड़ा गया जबकि रक्षित फरार होने में कामयाब रहा। एसटीएस के मुताबिक विनय ने बताया कि रक्षित त्यागी कुख्यात अपराधी विक्की त्यागी का बेटा है तथा उसकी मां मीनू त्यागी जिला कारागार अम्बेडकरनगर में निरुद्ध है। विक्की त्यागी गैंग को रक्षित त्यागी ही संचालित कर रहा है। विनय त्यागी ने यह भी बताया कि रक्षित त्यागी इन्दौर (मप्र) से पिस्टल मंगवाकर मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड में सप्लाई करता है।

कांग्रेसियों ने होर्डिंग्स लगा राहुल को बताया जिगर वाला

संवददाता, प्रयागराज

राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान सड़कों पर लगे पोस्टर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 18 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेगी। इसको लेकर कांजर्स कार्यकर्ताओ ने शहर में होर्डिंग्स और बैनर लगाना शुरु कर दिया है। राहुल गांधी की इस न्याय यात्रा को लेकर स्थानीय कांग्रेसी नेताओ में काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

संगम नगरी में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को शहर के सिविल लाइंस के चौराहों पर राहुल गांधी के स्वागत को लेकर कांग्रेसियों ने जगह-जगह पोस्टर और बैनर लगाना शुरू कर दिया है। जिसमें राहुल गांधी को जिगरवाला, हिम्मतवाला और दिलवाला बताया गया है। कांग्रेसी नेता हसीब अहमद ने कहा राहुल गांधी ने बड़ा दिल दिखाते हुए हर वर्ग को अपने साथ जोड़ा है। इसलिए वह दिलावला है, राहुल गांधी ने सभी तबके को अपने साथ लेकर चल रहें हैं, जो बेहद हिम्मत का काम है इसीलिए उन्हे पोस्टर में हिम्मतवाला दिखाया गया है। साथ ही पोस्टर में राहुल गांधी को जिगरवाला भी संबोधित किया गया है। क्योंकि इकलौते राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जो देश के सभी तबके के लोगों की बात सदन में मजबूत से रखते हैं।

अग्रिम जमानत की राहत का उद्देश्य व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत से जुड़े एक मामले में राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि अग्रिम जमानत की राहत का उद्देश्य व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करना है। यह गिरफ्तारी की शक्ति के दुरुपयोग को रोकने और निर्दोष व्यक्तियों को उत्पीड़न से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कार्य करता है। मामले की योग्यता के अनुसार ही अग्रिम जमानत आवेदन स्वीकार या अस्वीकार किया जा सकता है। उपरोक्त के मद्देनजर वर्तमान अग्रिम जमानत आवेदन योग्यता से रहित होने के कारण खारिज कर दिया गया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति कृष्णा पहल की पीठ ने रंजीत की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार याची ने अपना नाम और माता-पिता का नाम बदलकर तीन बार पासपोर्ट के लिए आवेदन किया, जिसके कारण 1967 की धाराओं के तहत, गोरखपुर में याची के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

उत्तराखंड

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने रास के लिए किया नामांकन

देहरादून। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की मौजूदगी में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।

भट्ट ने गुरुवार को राज्य निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, जिनकी वजह से ऐसे व्यक्ति जिनका सामान्य स्थितियों में विकास हुआ है उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। सीमांत चमोली के व्यक्ति को मौका मिलने से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में खुशी है।

दंगे की आड़ में सिपाही ने भुनाई रंजिश, पत्नी के प्रेमी की हत्या की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ सिपाही की पत्नी के अंतरंग वीडियो बना कर रहा था ब्लैकमेल

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के दौरान मिली पहली लाश को दंगे से जोड़ कर देखा जा रहा था, लेकिन प्रकाश की मौत दंगे का नतीजा नहीं थी। बल्कि नैनीताल पुलिस के ही एक सिपाही ने अपनी पत्नी, साले, दोस्त और साले के दोस्त के साथ मिलकर प्रकाश के सिर में तीन गोली मारी थी। प्रकाश के सिपाही के पत्नी से अंतरंग संबंध थे और वो उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा भड़का था। दंगे की अगली सुबह 9 फरवरी बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के आंवला चौकी गेट के पास छिने गांव भोजपुर सिन्हा बिहार निवासी प्रकाश कुमार सिंह उर्फ अविराज पुत्र श्याम देव सिंह की लाश मिली थी। उसके सिर के पीछे तीन गोलियां लगी थीं। हल्द्वानी कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि ऊधम सिंह नगर के खटीमा निवासी कांस्टेबल चोरगलिया थाने में तैनात है, उसकी पत्नी से प्रकाश के अवैध संबंध थे। प्रकाश ने सिपाही की पत्नी प्रियंका के साथ अंतरंग वीडियो बनाए थे और उसी वीडियो के जरिये उसे ब्लैकमेल कर रुपये वसूल रहा था। यह बात सिपाही की पत्नी ने उसे बता दी। सिपाही के कहने पर पत्नी ने प्रकाश को फोन कर हल्द्वानी बुलाया। हत्या की साजिश पहले ही रची जा चुकी थी, लेकिन उसी रोज दंगा भड़क गया और सिपाही ने हत्या की साजिश में बदलाव कर दिया। 9 फरवरी की रात करीब 11 बजे सिपाही अपने दोस्त निवासी बनभूलपुरा, साले और साले के दोस्त के साथ आंवला चौकी गेट के पास पहुंचा और प्रकाश को तीन गोलियां मार मौत के घाट उतार दिया। सिपाही, उसके दोस्त, सिपाही के साले और साले के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि सिपाही पत्नी की तलाश की जा रही है। असलहा भी बरामद कर लिया गया है।

23.80 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

जसपुर, अमृत विचार : पुलिस ने 2 स्मैक तस्करों को 23.80 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन" के तहत नशा तस्करों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर आशुतोष कुमार सिंह के बताया कि नशा तस्कर मोहल्ला निकट तकिये वाली मस्जिद निवासी मोहम्मद तालिब पुत्र मेहर आलम को चांद टेंट हाउस के पास प्लॉट से 10.90 ग्राम स्मैक के साथ तथा मोहल्ला नत्था सिंह निवासी सुनील पुत्र हरफूल सिंह को 12.90 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

छात्रा पर जानलेवा हमला करने के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में आरोपी फरदीन के घर पर अतिक्रमण को ढहाती जेसीबी।

अमृत विचार: छात्रा पर जानलेवा हमले के आरोपी के घर पर प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान टीम ने मकान के अतिक्रमण वाले हिस्से को ढहा दिया। इस कार्यवाही से प्रशासन व पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के अपने इरादे को जता दिया है। जिससे आरोपी कोई भी गलत कदम उठाने से पहले सोचने को मजबूर हो जाए।

बता दें कि तीन दिन पूर्व मोहल्ला खालसा निवासी फरदीन ने कोचिंग सेंटर जा रही बीएससी की छात्रा पर एकतरफा प्यार में पड़कर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। जिससे छात्रा के सिर और हाथ पर गंभीर चोट आई थी। छात्रा को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी फरदीन सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को आठ घंटे में ढेला के पुल के पास से उसके दोस्त रउफ के साथ गिरफ्तार कर लिया था। वहीं दूसरे दिन पुलिस ने उसके भाई आकिब को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

घटना के तीसरे दिन गुरुवार को तहसीलदार पंकज चंदोला के नेतृत्व में कोतवाल मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस व नगर निगम की टीम मोहल्ला खालसा में फरदीन के घर पहुंची। जहां उसके मकान की नापजोख कर सड़क पर हुए अतिक्रमण को प्रशासन की टीम ने जेसीबी की मदद से ढहा दिया। इस दौरान मौके पर लोगों का जमावड़ा लगा रहा। मौके सहायक नगर आयुक्त यशवीर राठी, एसएसआई प्रदीप जोशी, एसआई सुनील सुतेड़ी समेत पुलिस कर्मी व नगर निगम की टीम मौजूद रही।

प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

काशीपुर, अमृत विचार : विजिलेंस टीम ने ग्राम बांसखेड़ा कला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में छापा मारकर स्कूल के प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने निजी स्कूलों में छापे के दौरान मिली खामियों को उच्चाधिकारियों को न भेजने के एवज में रुपये मांगे थे।

महुआखेड़ा गंज स्थित एक निजी स्कूल संचालक ने सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत दर्ज कराई थी कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बांसखेड़ा कला के प्रधानाध्यापक दिनेश शर्मा व सहायक अध्यापक अंकुर प्रताप निजी स्कूलों में चेकिंग के दौरान मिलने वाली खामियों को उच्च स्तर पर न भेजने के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे हैं। विजिलेंस टीम ने सीओ के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन किया। गुरुवार को टीम ने प्रधानाध्यापक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते व सहायक अध्यापक को साक्ष्यों के आधार पर रिश्वत की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। निदेशक सतर्कता डॉ. वी मुरुगेशन ने ट्रैप टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की।

अब्दुल मलिक के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● ओमान अमीरात और दुबई में मलिक की रिश्तेदारी



अमृत विचार : बनभूलपुरा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। अब इन दोनों पिता-पुत्र की तलाश में उत्तराखंड की पुलिस के साथ ही देश के अन्य राज्यों की पुलिस और एंजेसियां भी जुट गईं हैं। विदेश भागने की आशंका पर गृह मंत्रालय ने दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होते ही उत्तराखंड से सटे अन्य राज्यों पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। विदेशी एजेंसियों की भी अब्दुल मलिक का बायोडेटा सौंप दिया गया है।

बनभूपुरा निवासी अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के देश छोड़ने की प्रबल संभावना है। इसकी वजह यह है कि दोनों न सिर्फ धनबल से मजबूत हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक पहुंच भी अच्छी है। 8 फरवरी को दंगा भड़कने के बाद से फरार दोनों पिता-पुत्र को पुलिस की चार टीमें उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में तलाश रही थीं, लेकिन अभी तक दोनों पुलिस की आंखों में धूल झोंकने में कामयाब रहे हैं। पुलिस मलिक के विदेशी कनेक्शन भी तलाश रही है। इसकी वजह न सिर्फ मलिक के धंधे हैं, बल्कि राजनीतिक पहुंच भी है। ओमान, अमीरात और दुबई में भी उसकी रिश्तेदारी है। गुरुवार को कोतवाली सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस मलिक और उसके बेटे मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो गया है। अब वह देश छोड़ कर भाग नहीं पाएगा। उत्तराखंड पुलिस के साथ अन्य एजेंसियां भी उसकी तलाश में जुट गई हैं। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।

मोबाइल और नेट बैंकिंग का इस्तेमाल अब्दुल मलिक नहीं कर रहा है और न ही उसका बेटा। यही वजह है कि पुलिस दोनों तक नहीं पहुंच पा रही है। पुलिस का मानना है कि दोनों एक शातिर अपराधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं, लेकिन ज्यादा दिन तक वह बच नहीं पाएंगे। वहीं लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद अब दोनों का देश छोड़ पाना भी संभव नहीं है।

मातृशक्ति बिना समाज व राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव नहीं : धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गौचर में नंदा-गौरा महोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य की मातृशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र को धरातल पर उतारने का काम कर रही है। मातृशक्ति के सहयोग से राष्ट्र उन्नति के नए शिखर को छू रहा है। इस अवसर पर सीएम ने चमोली जिले में 400 करोड़ से अधिक की 604 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

नंदा-गौरा महोत्सव को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि मां नंदा चमोली जनपद के साथ ही समूचे गढ़वाल और कुमांऊ में अधिष्ठात्री देवी के रूप में पूज्यनीय हैं। गौरा देवी पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिपको आंदोलन की अगुवा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित है। मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। इस दौरान सांसद तीरथ सिंह रावत, जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल आदि मौजूद रहे।

बेहमई कांड: कोर्ट का निर्णय तो आया, लेकिन दो गांवों के मध्य दुश्मनी ज्यों की त्यों

बुजुर्गों के जेहन में नरसंहार की तस्वीर आज भी जीवंत

शैलेश अवस्थी, कानपुर

अमृत विचार : अब से 43 साल पहले कानपुर देहात जिले के सिकंदरा तहसील के बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी व उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था उसका फैसला तो आ गया लेकिन दो गांवों के बीच नफरत की दीवार वैसे ही खड़ी है। आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं। बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के दूरी करीब चार किलोमीटर है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे। फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगारों को मारा होता तो कोई बात नहीं। लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया। उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं अपने ऊपर अत्याचार से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी। उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम-श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था। पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएँ के पास एकत्र किया। फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी।इसमें 20 की मौत हो गई थी। उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी। इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया। फूलन की हत्या से पहले तक तो यदि उसके गांव वाला कोई बेहमई में दिख गया तो उसकी शामत आ जाती थी। कई बार घेर कर पीटा भी गया।

रायफल के साथ फूलन देवी। (फाइल फोटो)

बहमई गांव में स्मारक।

मंदिर में फूलन की प्रतिमा।

▸▸ फूलन देवी को अपना मानने वाले बहुतेरे, मंदिर बनाकर की जाती उसकी पूजा

इधर स्मारक, उधर मंदिर

बेहमईकांड में मारे गए 20 ठाकुरों की याद में गांव में ही उस स्थान पर स्मारक बनवाया गया है जहां फूलन ने नरसंहार किया था। हर साल यहां श्रद्धांजलि सभा होती है। दूसरी तरफ गुढ़ा का पुरवा में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा की जाती है। गांव के लोग कहते हैं कि उसने अत्याचार के खिलाफ बंदूक उठाई और न जाने कितनी लड़कियों की प्रेरणा बनी।

वहां जाने से डरते हैं लोग

मोहन (गुढ़ा का पुरवा) का कहना है कि मुझे बेहमई के पास सड़क बनाने का काम मिला था पर मैंने बिल्कुल मना कर दिया। बहुत डर लगता है। पता नहीं क्या कर दें। कई बार बेहमई में हमारे गांव वालों को घेरकर उन्हें अपमानित किया जा चुका है। वहीं सिद्धनाथ (गुढ़ा का पुरवा) का कहना है कि मैंने अपनी बेटी की शादी बेहमई के बगल के गांव खोजा में की है। उस गांव का रास्ता बेहमई होकर जाता है तो उधर से गुजरते जी घबराता है। लेकिन कभी कुछ नहीं हुआ। सुरेश सिंह (बेहमई गांव) ने बताया कि हम कभी फूलन के गांव नहीं गए। उसने तो यहां निर्दोष लोगों का खून बहाया। उसे कैसे माफ़ी दी जा सकती है। बुजुर्गों ने वह मंज़र देखा है, नई पीढ़ी क्या जाने दर्द। जिनके सुहाग उजड़ गए, उन्हें कैसे दिलासा मिलेगी।

व्यास मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका पर फैसला सुरक्षित

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी स्थित व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति को लेकर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति की ओर से दाखिल अपील पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। वर्तमान मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष हो रही है। उक्त अपील में वाराणसी जिला न्यायालय के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मस्जिद के दक्षिणी तहखाना अर्थात व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति दे दी गई थी। मुस्लिम पक्ष के वकील का तर्क था कि तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा है। अतः व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाना के अंदर पूजा करने का कोई अधिकार नहीं है। इसके साथ ही यह भी तर्क दिया गया था कि अगर न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है तो इसके पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ हिंदू पक्ष का तर्क रहा है कि तहखाना के अंदर पूजा-पथ कभी नहीं रुका और वर्ष 1993 के बाद भी यह जारी रहा।

महिला आत्मनिर्भर तो समाज स्वतः होगा सशक्तः मुख्यमंत्री

नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोले योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, गोरखपुर/लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमे एक विकसित भारत मिलेगा जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया।

गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा : मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सम्मान के दिशा में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

राशन के साथ 41 जिलों में मुफ्त बाजरा भी मिलेगा

लखनऊ, अमृत विचार : अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 28 फरवरी तक इस माह के राशन का वितरण किया जाएगा। मुफ्त खाद्यान्न वितरण के तहत राज्य के 41 जिलों में बाजरा का वितरण भी किया जाएगा। इन जिलों में लाभार्थियों को अंत्योदय कार्ड पर नौ किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल और पांच किग्रा बाजरा (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) का मुफ्त वितरण किया जाएगा। प्रदेश के शेष जिलों में अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। बाजरा वितरण के लिए जिन जिलों को शामिल किया गया है उनमें बांदा, प्रतापगढ़, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी और बलिया, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फतेहपुर, पीलीभीत और हमीरपुर आदि शामिल हैं।

राज्यसभा के लिए भाजपा से संजय सेठ ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में राजधानी के प्रमुख कारोबारी संजय सेठ को मैदान में उतारकर एक सीट पर पेंच फंसा दिया है। भाजपा बहुमत के आंकड़े से 8 वोट पीछे है, जबकि सपा एक वोट। ऐसे में भीतरघात और खरीदफरोख्त की आशंका बढ़ गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में संजय सेठ का नामांकन पत्र दाखिल कराया गया। अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह आदि शामिल रहे।

403 सदस्यों वाली उप्र विधानसभा में इस समय 399 सदस्य हैं। चार सीटें रिक्त हैं। वर्तमान संख्याबल के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट से जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रथम वरीयता के 37 वोट की जरूरत होगी। इस लिहाज से भाजपा से बुधवार को नामांकन करने वाले सात प्रत्याशियों पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, महासचिव अमरपाल मौर्य, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, पूर्व सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व विधायक साधना सिंह और आगरा के पूर्व मेयर नवीन जैन की निर्विरोध जीत तय है। जबकि सपा से तीन नामांकन के बाद अब भाजपा का आठवां और चुनाव में 11वां नामांकन संजय सेठ का होने से एक सीट पर मतदान से ही फैसला होगा। एनडीए की अंकगणित में भाजपा 252, अपना दल (एस) 13, निशाद पार्टी के 6 और ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा के 6 विधायक हैं। हाल ही में एनडीए का दामन थामने वाले आरएलडी के 9 विधायक मिलकर आंकड़ा 286 है। दो विधायक राजाभैया गुट के मिलाकर कुल वोट 288 है, लेकिन सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी जेल में हैं। सपा के 108 और कांग्रेस के 2 दो विधायक है।

▸▸ प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री व कई मंत्रियों की मौजूदगी हुआ नामांकन

आलोक रंजन, सेठ के बीच होगा मतदान

सपा की ओर से राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और भाजपा की ओर आठवें प्रत्याशी संजय सेठ के बीच मतदान से जीत-हार तय होगी। सपा से जया प्रदा ने क्रमांक एक और रामजी लाल सुमन से क्रमांक 3 पर नामांकन किया था, जबकि सपा से क्रमांक 6 पर तीसरा नामांकन नौकरशाह आलोक रंजन का हुआ था, इस लिहाज से आलोक रंजन और संजय सेठ में देखना होगा कि धन और बाहुबल में कौन भारी पड़ता है।

सपा से भाजपा में आए संजय सेठ, 106 करोड़ संपत्ति

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ शालीमार रियल एस्टेट कंपनी में पार्टनर हैं। वे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबियों में गिने जाते रहे हैं। बाद में अखिलेश यादव के भी करीबी रहे। उनके साथ पार्टी के कोषाध्यक्ष रहे। अखिलेश ने ही 2016 में राज्यसभा भेजा था। उसके बाद 2019 में राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में आए। फिर भाजपा ने उन्हीं की रिक्त हुई सीट पर फिर से राज्यसभा भेज दिया था। संजय सेठ की कुल चल संपत्ति 12.50 करोड़, पत्नी-बच्चों की 17 करोड़ से अधिक है, जबकि अचल संपत्ति में संजय की 55.75 करोड़ और पत्नी के नाम 21.30 करोड़ है। गाड़ी किसी के नाम नहीं है, जबकि 21.83 लाख संजय के पास और पत्नी के नाम 1.85 करोड़ के है। संजय सेठ के पास नामांकन के दौरान 10 लाख 13 हजार 275 रुपये कैश था।

राजनीतिक विश्लेषण

सोनिया गांधी की भावुक अपील से उठेगी सहानुभूति की लहर...

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष एवं सांसद सोनिया गांधी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नेहरू गांधी खानदान की एक और पीढ़ी की विदाई की इबारत लिख गई। पूरी तरह से विदाई के पहले सोनिया गांधी ने रायबरेली वालों के नाम एक भावुक अपील जारी की है। इस अपील में परिवार के पीढ़ियों पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए परिवार के नए सदस्यों का साथ देने का आग्रह भी शामिल है लेकिन सवाल यह है कि क्या इस भावुक अपील से सोनिया गांधी या गांधी परिवार के प्रति रायबरेली में सहानुभूति की लहर अगले चुनाव में उठेगी?

इस अपील में उन्होंने दो दशक के चुनावी सफर में दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रायबरेली से परिवार का रिश्ता कायम रहेगा। पत्र का मजमून है- स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते अगला लोकसभा चुनाव लड़ने में अक्षम हूं। अब रायबरेली की सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा लेकिन मेरा मन रायबरेली में ही रहेगा। रायबरेली के बिना मेरा परिवार अधूरा है।रायबरेली से पीढ़ियों पुराना रिश्ता है।ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही रायबरेली के लोग चट्टान की तरह मेरे साथ भी खड़े रहे।

यह अहसान कभी भूल नहीं सकती। पिछले दो चुनाव में जिस तरह विपरीत परिस्थितियों में आपने हमारा साथ दिया है हमें विश्वास है कि इस तरह परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपना प्यार दुलार देते रहेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोनिया गांधी ने अपने ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही अपने दो दशक के प्रतिनिधित्व काल में रायबरेली के विकास की चिंता की।इस चिंता का एक आधार यह भी हो सकता है कि वर्ष 2006 में उपचुनाव में उन्होंने कुल पड़े मतों का 80 प्रतिशत वोट हासिल कर इंदिरा गांधी की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया था।

जनता के इस प्यार को उन्होंने विकास के रूप में लौटाने की कोशिश भी अपने दो दशक के कार्यकाल में पूरी शिद्दत से की। दो दशक में करीब 15,000 करोड़ की परियोजनाएं रायबरेली के लिए मंजूर कराई। रेल कोच कारखाना, रेल पहिया कारखाना, आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), 5-5 राजमार्गों की स्वीकृति, रायबरेली लखनऊ फोरलेन आदि विकास के कार्य सोनिया गांधी की ही देन हैं।

जानने वाले जानते हैं कि सोनिया गांधी रायबरेली में सांसद के रूप में काम गांधी नेहरू-गांधी परिवार की बहू के रूप में में ही ज्यादा आती जाती रहीं। जब तक उनका स्वास्थ्य साथ देता रहा वह अपने लोकसभा क्षेत्र में हर तीन महीने में एक बार भ्रमण के रिवाज को जारी रखे रहीं। बहुत कम मौके ऐसे आए होंगे जब सोनिया को सार्वजनिक सभा में सर पर पल्लू के बिना किसी ने देखा या सुना होगा।उनकी संजीदगी यहां के आम लोगों के दिलों पर राज करती है। आप लोगों के दुख दुख दर्द को जिस तरह से उन्होंने समझा और उसके निराकरण की कोशिश की, उसका प्रभाव भी यहां देखने को मिलता है लेकिन पिछले चुनाव के बाद से क्षेत्र में न आना विरोधी भाजपा को चुनाव के लिए मुद्दा जरूर देता है।

पर्चा दाखिल करने के बाद से ही स्थानीय भाजपा नेता हमलावर हैं।भाजपा नेता इसे पराजय के डर से मैदान छोड़ना कहकर प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं। विरोध को देखते हुए ही इस बात के कयास ज्यादा हैं क्या सोनिया गांधी की भावुक अपील गांधी परिवार के नए उत्तराधिकारी के प्रति सहानुभूति की लहर उठा पाएगी? इसका जवाब कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी कहते हैं- रायबरेली के लोगों की गांधी परिवार के साथ सहानुभूति पहले भी थी और परिवार की मुखिया सोनिया गांधी की भावुक अपील के बाद सहानुभूति की लहर उठेगी और जरूर उठेगी।

रायबरेली के लोग गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को इस तरह हाथों-हाथ लेंगे जिस तरह उन्होंने सोनिया गांधी को दो दशक पहले लिया था।अब यह आने वाला लोकसभा चुनाव परिणाम बताएगा कि इस भावुक अपील का असर हुआ या बीजेपी का प्रचार परवान चढ़ा।

गौरव अवस्थी
(वरिष्ठ पत्रकार)

वर्ग पहेली-344

बाएं से दाएं

1.1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।
5.1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6.1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7.1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9.1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

ऊपर से नीचे

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3.1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़ज़ाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।



वर्ग पहेली - 343 का हल

	1 ठ		2 फ		3 चि
	ह		ल		न
4 नि	र	नु	ना	सि	क
	ना		फू		
		5 फ	ल	ही	न
6 नि	खो	ट	ना		
		ना		7 पै	रा

सुडोकू-61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2			5	4		6	7
	5		2					
		9		6				
		2			3		1	6
3	1		8	9		5		
				3		4		
	3				1		2	
7		6		2			3	

सुडोकू - 60 का हल

4	2	7	6	8	1	5	9	3
3	8	1	5	9	2	6	7	4
9	6	5	4	3	7	2	8	1
8	4	3	9	5	6	1	2	7
1	7	6	8	2	4	3	5	9
5	9	2	1	7	3	8	4	6
6	5	8	3	4	9	7	1	2
7	1	9	2	6	5	4	3	8
2	3	4	7	1	8	9	6	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08.47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

वृष — आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

मिथुन — आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

कर्क — आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

सिंह — आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

कन्या — आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

तुला — आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

वृश्चिक — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।

धनु — आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

मकर — आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

कुंभ — आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

मीन — आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **बागी** — सुबह : 09.19
- **एजेंट विनोद** — रात : 07.58

SONY MAX
- **तू झूठी मैं मक्कार** — सुबह : 10.22
- **टग्स ऑफ हिन्दुस्तान** — रात : 09.37

SONY PIX
- **जुमांजी** — सुबह : 10.53
- **ब्राइटबर्न** — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- **मशीन** — सुबह : 10.30
- **भीड़** — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- **ग्रेट गैंबलर** — दोपहर : 01.19
- **शेरशाह** — रात : 10.01

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,050.38	21,910.75
बढ़त	227.55	70.70
प्रतिशत में	0.32	0.32

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 16 फरवरी 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

भारत, नेपाल ने यूपीआई-एनपीआई को जोड़ने के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी: भारत और नेपाल के केंद्रीय बैंकों-भारतीय रिजर्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और नेशनल पेमेंट इंटरफेस (एनपीआई) के एकीकरण के लिए समझौते किए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बयान में कहा कि एकीकरण की औपचारिक शुरुआत या परिचालन की शुरुआत बाद की तारीख में की जाएगी। इसने कहा-इस एकीकरण का उद्देश्य दोनों प्रणालियों के उपयोगकर्ताओं को तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण को सक्षम बनाकर भारत और नेपाल के बीच सीमापार प्रेषण की सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने कहा कि यूपीआई-एनपीआई एकीकरण के माध्यम से अपनी तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत और नेपाल के बीच सहयोग वित्तीय कनेक्टिविटी को और गहरा करेंगे और दोनों देशों के बीच स्थायी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे। आरबीआई और एनआरबी के बीच हुई संदर्भ शर्तों के आधार पर यूपीआई और नेपाल के एनपीआई को आपस में जोड़ने के लिए आवश्यक तंत्र स्थापित किया जाएगा।

जनवरी में निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी: लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,225
गिन्नी (प्रति नग)	47,100-47,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	71,300
चांदी तैयार	71,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,350
सोना जेवरात गिन्नी	62,350
चांदी पक्की	710 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	71,350।

भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

नई दिल्ली। बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, चीन, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किए। उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीजा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया**

दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

राष्ट्रीय

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशाखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशाखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

रांची। रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बृहस्पतिवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा-हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे।" रंजन ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोरेन की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध नहीं किया। झामुमो नेता को अदालत से रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया है।

रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा**
- **वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मामले के बारे में दी जानकारी**

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। वहीं उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच कराने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट सौंपने की मांग की है।

भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

एक नजर

किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

नई दिल्ली। गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

एसपी कार्यालय पर भीड़ ने किया हमला, एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के चुराचांदपुर में फिर भड़की हिंसा

मणिपुर के चुराचांदपुर में बृहस्पतिवार रात फिर से हिंसा भड़क उठी जब भीड़ ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) और उपायुक्त (डीसी) कार्यालयों वाले सरकारी परिसर में घुसकर वाहनों को आग लगा दी और तोड़फोड़ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह घटना ऐसे समय में हुई जब जिला पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को एक वीडियो में हथियारबंद लोगों के साथ देखे जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को प्रदर्शनकारियों ने जला दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए कई आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल हालात पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए।

गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

हिम्मतनगर। गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है। वह लोकपाल द्वारा मामला भेजे जाने पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्राथमिक जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

- **पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया**

अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

मुंबई, एजेंसी

- **महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज की सभी याचिकाएं**
- **नार्वेकर बोले-संख्या बल के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी**

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिए जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार गुट में ज्यादातर विधायक होने से उनका खेमा असली एनसीपी है। कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है।

भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

311 वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज

312 वें खिलाड़ी बने ध्रुव जुरेल

पिता के सामने खेलना चाहता था: सरफराज

सरफराज का सपना पिता के सामने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना था। उनका सपना गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण से साकार हुआ। स्टेडियम में मौजूद उनके पिता नौशाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। सरफराज ने कहा कि मैदान पर आना और पिता के सामने कैप लेना और उनके सामने भारतीय टीम के लिए खेलूं। पिता के सामने भारत के लिए खेलने से अधिक रन और प्रदर्शन मायने नहीं रखते।

टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हों, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

खेल डायरी

डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हारी

भुवनेश्वर, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम के काम नहीं आए, जिसने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में 3 गोल गंवा दिए और 4-6 से हार गई। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 12वें और 20वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागे जबकि सुखजीत सिंह ने 18वें और मंदीप सिंह ने 29वें मिनट में मैदानी गोल से 4-2 से बढ़त बनाई थी। अंतिम क्वार्टर में मैच का रूख बदल गया। ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने दूसरे मिनट दो गोल, अरान जालेवस्की ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से, लाचलान शार्प ने 52वें मिनट में, जैकब एंडरसन ने 55वें और जैक वेल्च ने 58वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में दो गोल करके भारत को हैरान कर दिया था।

फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

कोलमैन को हराकर नागल क्वार्टरफाइनल में

बेंगलुरु ओपन

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरे वरीय सुमित नागल को गुरुवार को हांगकांग के कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन वह एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। नागल ने 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। नागल ने पहले सेट में 2-0 की बढ़त बनाई। नागल को फिर आठवें गेम में एक और ब्रेक मिला, जिससे उन्होंने पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में वोंग ने नागल को संघर्ष कराया। पहले चार गेम में दोनों ने अपनी सर्विस पर गेम जीते। कोलमैन ने पांचवें गेम में नागल की सर्विस तोड़ी, जिससे इस टूर्नामेंट में पहली बार नागला ने अपनी सर्विस 'ड्राप' की। नागल ने छठे गेम में सर्विस ब्रेक कर स्कोर 3-3 कर दिया। सातवें गेम में नागल 0-40 से पीछे थे और वोंग ने दो विनर जमा दिए। नागल ने खेल में सुधार करते हुए स्कोर 'ड्यूस' किया और 4-3 से आगे हो गए। नागला को 10वें गेम में मैच खत्म करने का मौका मिला लेकिन वोंग ने दोनों मैच प्वाइंट बचा दिए। नागल ने 12वें गेम में तीसरे मैच प्वाइंट में मौका नहीं गंवाया। वोंग ने 40-30 पर मजबूत वॉली लगाई पर नागल ने फोरहैंड क्रॉस कोर्ट विनर से मैच अपने नाम किया।

रोहित और जडेजा के शतक से भारत संभला

भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर गंवाए तीन विकेट

राजकोट, एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।

रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में उन्होंने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने रेहान को निशाने पर रखा, लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद पर 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद पर अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक बनाया। उन्होंने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद पर 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह पहला टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा चारों तरफ शॉट लगाया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद पर छक्का मारकर 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान
- इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर लिए 3 विकेट, हार्टली ने भी 1 विकेट लिया

जडेजा ने सरफराज से मांगी माफी

राजकोट। रविंद्र जडेजा ने तीसरे टेस्ट के पहले दिन रन के लिए बुलाने के गलत फैसले के लिए सरफराज खान से माफी मांगी, जिससे वह रन आउट हो गए। 1 रन के लिए बुलाने के जडेजा के गलत फैसले से सरफराज गेंदबाजी छोर पर रन आउट हो गए। जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'सरफराज के लिए बुरा लग रहा है। यह मेरा गलत फैसला था, आप अच्छा खेले।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			326/5 (86 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा (खेल रहे)	110	212	9/2
सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड)	62	66	9/1
कुलदीप यादव (खेल रहे)	01	10	0/0

अतिरिक्त : (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन :** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी :** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

बीएटीसी

बॉलीवुड हलचल

शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है. वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री

बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा

फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

चुनावी बॉन्ड क्यों हुआ रद? समझें सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को गुमनाम चंदे वाली चुनावी बॉन्ड योजना संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त मतदाताओं के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, "इस बात की भी वैध संभावना है कि किसी राजनीतिक दल को वित्तीय योगदान देने से धन और राजनीति के बीच बंद संबंध के प्रति-उपकार की व्यवस्था जाएगी। यह नीति में बदलाव लाने या सत्ता में राजनीतिक दल को वित्तीय योगदान देने वाले व्यक्ति को लाइसेंस देने के रूप में हो सकती है। यह कहते हुए कि राजनीतिक चंदा योगदानकर्ता को मेज पर एक जगह देता है, यानी यह विधायकों तक पहुंच बढ़ाता है और यह पहुंच नीति निर्माण पर प्रभाव में भी तब्दील हो जाती है। चंद्रचूड़ ने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग की जानकारी मतदान का विकल्प के प्रभावी अभ्यास के लिए आवश्यक है। राजनीतिक असमानता में योगदान देने वाले कारकों में से एक, आर्थिक असमानता के कारण व्यक्तियों की राजनीतिक निर्णयों को की क्षमता में अंतर है।

फैसले से मिलेगा लोकतंत्र को पुनर्जीवन

सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- चुनावी बॉन्ड' की अवैधानिकता और तत्काल खात्मे का माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए स्वागत योग्य निर्णय है। ये भाजपा की नाजायज़ नीतियों का भंडाफोड़ है। ये फैसले भाजपा-भ्रष्टाचार के बॉन्ड का भी खुलासा है। जनता कह रही है लगे हाथ भाजपाइयों द्वारा लाए गये तथाकथित पीएम केयर फंड और तरह-तरह के भाजपाई चंदों पर भी खुलासा होना चाहिए। जब करदाताओं, दुकानदारों, कारोबारियों से पिछले दसों सालों का हिसाब मांगा जाता है तो भाजपा से क्यों नहीं मांगा जाए।

कोर्ट ने पहले ही सुरक्षित रख लिया था फैसला

- नवंबर 2023 में सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने लगातार तीन दिनों तक दलीलें सुनने के बाद चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।
- पीठ में जस्टिस संजीव खन्ना, बी.आर. गवई, जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल थे।
- शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि चुनावी बॉन्ड योजना अनुच्छेद 19 (1) के तहत नागरिकों के सूचना के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है और यह पिछले दरवाजे से लॉबिंग को संभव बनाती है
- याचिका में कहा गया कि चुनावी बॉन्ड योजना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, तथा विपक्ष में राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर को समाप्त करती है।

क्या इस बॉन्ड का पैसा खरीदने वाले को वापस मिलता है

चुनावी बॉन्ड एक तरह की रसीद होती है। इसमें चंदा देने वाले का नाम नहीं होता। इस बॉन्ड को खरीदकर, आप जिस पार्टी को चंदा देना चाहते हैं, उसका नाम लिखते हैं। इस बॉन्ड का पैसा संबंधित राजनीतिक दल को मिल जाता है। इस बॉन्ड पर कोई रिटर्न नहीं मिलता। आप इस बॉन्ड को बैंक को वापस कर सकते हैं और अपना पैसा वापस ले सकते हैं लेकिन उसकी एक अवधि तय होती है।

क्या है चुनावी बॉन्ड?

- चुनावी बॉन्ड की घोषणा 2017 के केंद्रीय बजट में की गई थी और इन्हें लागू 29 जनवरी, 2018 में किया गया था। यह एक किस्म का वित्तीय इंस्ट्रूमेंट था, जिसके जरिये कोई भी राजनीतिक दलों को गुमनाम रूप से चंदा दे सकता था।
- आसान भाषा में इसे अगर हम समझें तो इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक दलों को चंदा देने का एक वित्तीय जरिया था।
- यह एक वचन पत्र की तरह होता था, जिसे भारत का कोई भी नागरिक या कंपनी भारतीय स्टेट बैंक की चुनिंदा शाखाओं से खरीद सकता था और अपनी पसंद के किसी भी राजनीतिक दल को गुमनाम तरीके से दान कर सकता था।
- इन पर कोई ब्याज भी नहीं लगता था। यह 1,000, 10,000, एक लाख, दस लाख और एक करोड़ के मूल्य में उपलब्ध थे। इन्हें सिर्फ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) से खरीदा जा सकता था।
- चंदा देने वाले को बॉन्ड के मूल्य के बराबर की धनराशि एसबीआई की अधिकृत शाखा में जमा करवानी होती थी। यह भुगतान सिर्फ चेक या डिजिटल प्रक्रिया के जरिए ही किया जा सकता था।
- बॉन्ड कोई भी व्यक्ति और कोई भी कंपनी खरीद सकती थी। कोई कितनी बार बॉन्ड खरीद सकता था, इसकी कोई सीमा नहीं थी।
- चुनावी बॉन्ड्स की अवधि केवल 15 दिनों की होती थी, जिसके दौरान इसका इस्तेमाल सिर्फ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिए किया जा सकता था।
- केवल उन्हीं राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये चंदा दिया जा सकता था, जिन्होंने लोकसभा या विधानसभा के लिए पिछले आम चुनाव में डाले गए वोटों का कम से कम एक प्रतिशत वोट हासिल किया हो।

एक नजर

अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप में भारतवंशी युवक को पांच साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था। भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा।

सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यान: पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद। सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए।

निजी कंपनी ने चंद्रमा पर भेजा मून लैंडर, सफलतापूर्वक लॉन्च

वाशिंगटन। नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, 21 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 21 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए।

पाकिस्तान: पीएम पद के लिए शहबाज का नाम आने के बाद, पीटीआई ने भी की घोषणा

इमरान ने लगाई अयूब के नाम पर मुहर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव खत्म हुए एक हफ्ता हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री पद को लेकर अभी भी संशय बरकरार है। अगला पीएम कौन होगा इसपर भी स्थिति साफ नहीं है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की रूपरेखा लगभग तैयार होने के बीच एन वक्त पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित कर दिया है।



शरीफ परिवार की घोषणा के बाद पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को बड़ा दांव चला, पीटीआई ने पीएम पद के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते और पार्टी महासचिव उमर अयूब के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें, आशंका जताई जा रही है कि शहबाज शरीफ के पीएम बनते ही बड़े भाई नवाज शरीफ के राजनीतिक करियर का अंत हो जाएगा। दरअसल, पिछले हफ्ते चुनावों के आए नतीजों में त्रिशंकु संसद बनने के बाद शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। नवाज-शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएलएन का अन्य पार्टियों के साथ लगभग गठबंधन हो चुका है।

इस गठबंधन में छह पार्टियां शामिल हैं, जिसमें बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान के तीनों प्रमुख दलों में से किसी को भी चुनावों में बहुमत नहीं मिला है।

विजेता उम्मीदवार की अधिसूचना रद करने वाली नवाज की याचिका खारिज

पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ झटका दिया है। ईसीपी ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पंजाब प्रांत के एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी उम्मीदवार की अधिसूचना रोकने की मांग की थी। पीटीआई समर्थित उम्मीदवार ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नवाज को हराया था। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में ईसीपी की दो सदस्यी पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने नवाज शरीफ के अनुरोध को खरिज किया और पीएमएल-एन सुप्रिमो के वकील को अर्जी फिर से दायर करने का निर्देश दिया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शाहजादा गुस्तासप खान ने एनए-15 (मानसेहरा) सीट पर 105,249 मतों से जीत दर्ज की। जबकि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 80,2382 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

राजनीति मेरे बस की नहीं, टीएमसी सांसद मिमी देंगी इस्तीफा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस नेता मिमी चक्रवर्ती ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने घोषणा की है। वे लोकसभा में पश्चिम बंगाल की जादवपुर सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।

हालांकि, मिमी ने अब तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को अपना त्याग पत्र सौंपा है। बताया जा रहा है कि मिमी स्थनीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं थीं। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। मिमी चक्रवर्ती ने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि राजनीति मेरे लिए नहीं है, यहां अगर आप किसी की मदद कर रहे हैं तो आपको उसका प्रचार करना होता है। राजनीति के साथ-साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में भी कार्य करती हूं, मेरा दायित्व दोनों तरफ एक समान बनता है, अगर कोई राजनीति में आता है तो आप काम करें या न करें आपको भला-बुरा कहा जाता है।

अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का समकक्ष के साथ निरीक्षण करते मनोज पांडे।

सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- 16 फरवरी तक अमेरिकी यात्रा पर हैं सेना प्रमुख मनोज पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की। बता दें कि जनरल मनोज पांडे की 13 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी यात्रा 16 फरवरी को संपन्न हो जाएगी।

जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनरल मनोज पांडे की अमेरिकी यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं और कहा, बयान में कहा गया कि जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा में हिस्सा लिया। इस चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता को बढ़ाना था। सेना प्रमुख ने फोर्ट बेल्वोइर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का भी दौरा किया और फोर्ट मैकनेयर में राष्ट्रीय रक्षा विव के साथ बातचीत की।

महेश दत्तानी की सोच से मैंने बहुत कुछ सीखा

मुंबई, एजेंसी

- अभिनेत्री शिल्पा ने कहा- दत्तानी का नाटक 'बिग फैट सिटी' देश की सबसे प्रमुख ब्लैक कॉमेडी

1986 में अपने पहले नाटक 'व्हेयर देयर इज ए विल' से ही, नाटककार और निर्देशक महेश दत्तानी ने समकालीन भारतीय वास्तविकताओं को थिएटर में शामिल किया और आधुनिक मुद्दों और रिश्तों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश किया।

जी थिएटर के टेलीप्ले 'बिग फैट सिटी' में भी महेश मुंबई के संघर्षमय जीवन से जूझते उन लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो अधूरी जरूरतों और इच्छाओं के चक्र में फंसे हुए हैं। जानी-मानी फिल्म, थिएटर, ओटीटी और टेलीविजन अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें दत्तानी के साथ काम करने का मौका मिला और कहती हैं, जब उन्होंने मुझे 'बिग फैट सिटी' के लिए बुलाया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। ये उन्हीं के मार्गदर्शन का नतीजा है की आज में अभिनय की कला को एक नए दृष्टिकोण से देखती हूं जहां कोई एकरसता नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने उनसे, जीवन पर उनकी टिप्पणियों और उनके संपूर्ण अस्तित्व से कितना कुछ सीखा है।

अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला।

एक शिक्षक के रूप में वह उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कितने ही लोगों का मार्गदर्शन दिया है और वह वास्तव में हमारे लिए एक अथाह खजाने की तरह हैं। उनके जैसे बहुत कम लोग हैं। 'बिग फैट सिटी' में की गई सामाजिक टिप्पणी के बारे उन्होंने कहा, नाटक उन आकांक्षाओं के बारे में है जिनके चलते हम एक फ्लैट, एक प्रेमी या शायद एक बड़ी भूमिका की कामना में उलझे रहते हैं। ये कहानी दर्शाती है कि कुछ लोग बाहरी नजरिए से दुनिया को देखते हैं और अंदर नहीं झांकते। वे ग्लैमर और छवि के संदर्भ में ही सोचते हैं जबकि वास्तव में, उनके सपनों के शहर में बहुत गंदगी हो सकती है। यह संभवतः भारत की पहली ब्लैक कॉमेडी है जो आकांक्षा के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है।

उन्होंने कहा- दत्तानी ने नाटक में 'हास्य' और 'वीभत्स' जैसे रसों का मिश्रण किया है, जहां ठहाकों के साथ-साथ एक लाश से उपजी भय की भावना भी है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने कहानी के भीतर जटिल जमीनी हकीकतों को बुना है, वह लाजवाब है। महेश सर ने आधुनिक तकनीक का भी शानदार ढंग से उपयोग किया है। जिस तरह से उन्होंने टेक्स्ट संदेशों आदि का उपयोग किया है, वह अब कहीं जाकर ओटीटी शो दिखा रहे हैं।

भारत-कतर के बीच व्यापार, ऊर्जा क्षेत्र में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात कतर की राजधानी दोहा पहुंच गए। यहां उन्होंने अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत और कतर के संबंधों को बढ़ाने पर बात हुई। पीएम मोदी ने इस बैठक को शानदार करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद कतर के शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की। प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

भारतीयों ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी के दोहा पहुंचने के बाद होटल के बाहर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हाथों ने भारतीय तिरंगा लेकर आए लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने होटल के बाहर स्वागत के लिए जुटे लोगों से हाथ मिलाया। कुछ प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी को किताबें भी भेंट कीं। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, दोहा में असाधारण स्वागत के लिए प्रवासी भारतीयों का आभारी हूं।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने पतझड़ में 'ला नीना' के सक्रिय होने की जताई संभावना, अल्बानी विवि न्यूयॉर्क ने जारी की रिपोर्ट

अब छटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अच्छी खबर है कि अल नीनो समाप्ति की ओर है। बसंत के आखीर में प्रभाव समाप्त हो जाएगा और पतझड़ में ला नीनो सक्रिय होगा। वायुमंडलीय और पर्यावरण विज्ञान अल्बानी विश्वविद्यालय व स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने यह रिपोर्ट जारी की है।

अल नीनो के प्रभाव से शीतकाल मे देश दुनिया के कई हिस्से सूखे की चपेट में रहे। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में कृषि क्षेत्र में बड़ा असर पड़ा है। शीतकाल में जंगलों की आग भी अन्य वर्षों की तुलना में अधिक भड़की है। वर्षा नही होने से भूजल भी काफी घटा होगा। इसका असर ग्रीष्मकाल तक देखने को मिलेगा। स्वाभाविक है वर्षा की कमी से पेयजल संकट उत्पन्न होगा।



अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

मगर अब अलनीनो समाप्ति की ओर है। एक माह के अंतराल में इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है और संभवतः चालू वर्ष के पतझड़ तक ला नीना सक्रिय होने लगेगा। ला नीना सक्रिय होने से मौसम का पैटर्न लौट आएगा और वर्षा के साथ बर्फबारी सामान्य रूप से होने लगेगी। वैज्ञानिक अल नीनो का प्रभाव लंबा खींचने की आशंका जता रहे थे। जिसका भारतीय मानसून पर असर पड़ता। मगर अब इसके कमजोर पड़ने से आशंका के बादल छट गए हैं।

क्या है अल नीनो

अल नीनो और इसके विपरीत ला नीना जलवायु पैटर्न हैं जो दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करते हैं। अल नीनो वैश्विक तापमान बढ़ाता है। जिसका प्रभाव हाल के महीनों में देखा गया। इसके उलट ला नीना की घटनाएं थोड़ी ठंडी होती हैं। अल नीनो की शुरुआत दक्षिण अमेरिका से दूर पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के साथ समुद्र के गर्म पानी की धारा की उत्पत्ति करता है। भूमध्य रेखा से लगे क्षेत्र के तापमान ने असामान्य रूप से वृद्धि करता है। अलनीनो की घटना 4 से 5 साल में एक बार होती है, लेकिन दस 10 से 20 के बीच यह शक्तिशाली रूप से सक्रिय होता है।

इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति होंगे रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो

जाकर्ता। इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है।

रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है।

बीजद विधायक व पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 7 से 8 वर्ष पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का लगा था आरोप

ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री व भद्रक जिला भंडारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल सामल के 10 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साथ छापामारी की है। यह छापामारी भद्रक शहर में छह स्थानों पर तथा भुवनेश्वर में चार स्थानों पर की जा रही है।

विधायक के विभिन्न ठिकानों के साथ उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापामारी किए जाने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार तड़के प्रवर्तन निदेशलय की विशेष टीम भद्रक पहुंची। टीम भद्रक पहुंचने के बाद शहर के नुआ बाजार में मौजूद भंडारीपोखरी विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के आवास के अंदर गई। केन्द्रीय सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम भद्रक पहुंची है। 7 से 8 वर्ष पहले जिले के बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का आरोप लगा था। इसे लेकर एकाधिक बार इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने प्रतिवाद किया था। इस बीच कर्मचारियों के वेतन भी रोक दिए गए। ऐसे में वर्षों से वेतन ना मिलने कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज के सामने, जिलाधीश कार्यालय के सामने, विधानसभा के सामने न्याय के लिए प्रतिवाद किया था।

कोर्ट में विचाराधीन है मामला

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज का मामले हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर पहले ईडी एवं सतर्कता विभाग से जांच करने की भी मांग की गई थी। इस को आधार पर बीजद विधायक के घर पर छापामारी की है।

कुपवाड़ा से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गुरुवार को पुलिस और सुरक्षाबलों को एक आतंकी मददगार को पकड़ने में सफलता मिली है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिले के गुंडमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ की 162बीएन ने संयुक्त नाका लगाया हुआ था।

चेकिंग के दौरान, लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का बैग था। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रफीक अहमद गनई पुत्र गुलाम अहमद गनई निवासी लालपोरा शेखपोरा बताया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।